ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



पेरिस विजय

## मनु-सरबजोत भारत की शान, बढ़ा मान

# भाकर एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय

### मनु और सरबजोत ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता कांस्य पदक

एजेंसी

**चेटौरौक्स।** भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने 2024 पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। इस जोड़ी ने मंगलवार को एक रोमांचक मैच में धीमी शुरुआत से उबरते हुए दक्षिण कोरिया को 16-10 से हराकर लचीलेपन और संयम का प्रदर्शन किया। यह कांस्य पदक भाकर के लिए एक ऐतिहासिक व्यक्तिगत उपलब्धि है। वह एक ही ओलंपिक खेलों में एक से ज्यादा पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। उन्होंने इससे पहले पेरिस में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ भारत का पदक खाता खोला था। 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में मुकाबले की शुरुआत भारतीय जोड़ी के बैकफुट पर होने के साथ हुई और वह पहली सीरीज हार गई। हालांकि, भाकर और सिंह ने असाधारण कौशल और टीम वर्क का प्रदर्शन करते हुए जल्दी ही अपनी स्थिति वापस पा ली। उन्होंने तीसरी सीरीज में 4-2 से बढ़त बनाते हुए नियंत्रण हासिल कर लिया और पांच सीरीज के बाद अपनी बढ़त को 8-2 तक बढ़ा दिया। दक्षिण कोरिया ने वापसी की कोशिश की और आठवीं सीरीज तक अंतर को 6-10 तक कम कर दिया, लेकिन भाकर और सिंह डटे रहे। भारतीय निशानेबाजों ने 16-10 के निर्णायक अंतर से जीत दर्ज की और भारत के लिए खेलों का दूसरा पदक हासिल किया।

मैच के बाद, उत्साहित भाकर ने अपना आभार व्यक्त करते हुए प्रसारकों से कहा, मुझे वास्तव में गर्व महसूस हो रहा है और मैं बहुत आभारी हूं। सभी के आशीर्वाद और प्यार के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। हम केवल वही नियंत्रित कर सकते हैं, जो हमारे हाथ में है। मैंने यहां आने से पहले अपने पिता से इस बारे में बात की और फैसला किया कि हमें आखिरी दम तक लड़ते रहना चाहिए।

सरबजोत सिंह ने अपने पहले ओलंपिक पदक का जश्न मनाते हुए अपनी भावनाओं को दोहराया। उन्होंने उस समर्थन को स्वीकार करते हुए, जिसने उन्हें प्रेरित किया, कहा, यह बहुत अच्छा लगता है। खेल कठिन था, लेकिन हमें खुशी है कि हम ऐसा कर सके। बहुत दबाव था, लेकिन भीड़ बहुत अच्छी थी। बता दें कि यह जोड़ी क्वालीफाइंग राउंड में 580 के संयुक्त स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहने के बाद कांस्य पदक मैच में उतरी थी।



“ शूटिंग के लिए मिक्स्ड टीम 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में भारत के लिए कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई। मनु भाकर ने इतिहास रच दिया है, वह एक ही ओलंपिक खेलों में दो पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला निशानेबाज बन गई हैं। उन्होंने हमें बेहद गौरवान्वित किया है। मैं उन्हें और सरबजोत सिंह को भविष्य में और भी कई उपलब्धियां हासिल करने की शुभकामना देती हूं।

**- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति, भारत। ('एक्स' पर पोस्ट)**



“ हमारे निशानेबाज हमें लगातार गौरवान्वित कर रहे हैं! ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के लिए मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई। दोनों ने शानदार कौशल और टीम वर्क दिखाया है। भारत अविश्वसनीय रूप से प्रसन्न है। मनु के लिए, यह उनका लगातार दूसरा ओलंपिक पदक है, जो उनकी निरंतर उत्कृष्टता और समर्पण को दर्शाता है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री, भारत। ('एक्स' पर पोस्ट)**

## झारखंड के नए राज्यपाल गंगवार आज लेंगे शपथ



**रांची।** झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल संतोष गंगवार बुधवार को राजभवन में आयोजित होने वाले समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। मंगलवार को रांची पहुंचने पर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर राज्य के सीएम हेमंत सोरेन ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो के अलावा झारखंड सरकार के दस मंत्री रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बैद्यनाथ राम, मिथिलेश ठाकुर, हफीजुल हसन, बेबी देवी, दीपक बिरुआ, दीपिका पांडे सिंह, इरफान अंसारी भी मौजूद रहे। झामुमो विधायक कल्पना सोरेन, राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, डीजीपी अनुराग गुप्ता, कैबिनेट सेक्रेटरी वंदना दादेल ने उनकी अगवानी की।

## लोकसभा में ध्वनिमत से केंद्रीय बजट पास

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने मंगवलार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 48.21 लाख करोड़ रुपये के केंद्रीय बजट को ध्वनिमत से पारित कर दिया है। लोकसभा ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बजट को भी ध्वनिमत से अपनी मंजूरी दे दी। इसके साथ ही उससे संबंधित विनियोग विधेयक संख्या-3 को भी सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा में बजट पर चर्चा में 125 सदस्यों ने भाग लिया। इससे पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का 5वां पूर्ण बजट पेश किया।

### सरकार के खिलाफ सदन के बाहर प्रदर्शन, अंदर हंगामा

# विपक्ष ने रोजगार पर घेरा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को सत्र शुरू होने से पहले भाजपा विधायकों ने रोजगार मुद्दे को लेकर सदन के बाहर बैनर-तख्ती लेकर प्रदर्शन किया। साथ ही, सदन के अंदर भी रोजगार मुद्दे को लेकर हंगामा किया। भाजपा विधायकों ने हेमंत सोरेन सरकार को पांच लाख युवाओं को नौकरी देने के वादे को लेकर घेरा। भाजपा विधायकों ने कहा कि हेमंत सोरेन ने चुनावी भाषण में कहा था कि पांच लाख नौकरी देंगे। साढ़े चार साल हो गए, इस वादे का क्या हुआ। आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के रसोइया परमानेंट क्यों नहीं हुए, इसका जवाब हेमंत सोरेन दें।

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि सरकार को झारखंड की कोई चिंता नहीं है। सिर्फ वह अपनी दृष्टिगत कारणों से राजनीति को मजबूत करने में लगी हुई है। राज्य के सारे कर्मचारी हड़ताल पर हैं और विधानसभा चल रहा है। इससे दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति क्या हो सकती है। आरक्षण को समाप्त किया जा रहा है। एससी-ओबीसी का आरक्षण, चौकीदार की बहाली, रेंजर की बहाली को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है, जो लोग संविधान की कॉपियां लेकर आरक्षण और संविधान के नाम पर लोगों को गुमराह कर रहे थे, आज उनकी सरकार आरक्षण को पूर्ण रूप से समाप्त कर रही है।

उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर सरकार का जिस तरह से पक्ष आना चाहिए, उस तरह नहीं आ रही है।

शेष पेज 11 पर

### विधानसभा का मानसून सत्र

#### भाजपा के लोग माफी मांगें : प्रदीप यादव

प्रदीप यादव ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत पर स्पष्ट निर्णय बता रहा है कि ईडी ने मनगढंत केस किया। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी और इनके सांसद निशिकांत दुबे ने पहले ही कहा था कि पूरा परिवार जेल जाएगा। साजिश के तहत इनलोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजा। भाजपा के लोग कान पकड़कर माफी मांगें। सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि मुख्यमंत्री को जेल भेजने के पीछे ऑपरेशन लोटस का नया स्वरूप था, जिससे राज्य प्रभावित हुआ। इनके बड़बोले सांसद निशिकांत दुबे ने पहले ही घोषणा कर दी थी। साजिश के साथ राज्य के भविष्य के साथ खेला गया।



#### नॉन टैक्स पेयर को बालू फ्री में देगी सरकार : हेमंत

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन में बड़ा मास्टर स्ट्रोक खेला है। नॉन टैक्सपेयर को फ्री में बालू देने की घोषणा सीएम हेमंत सोरेन ने स्वयं की। उन्होंने कहा कि बालू के विषय में कई बातें आई हैं। बताया गया कि अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनाने वालों को मंहगे दाम पर बालू मिल रहा है। ऐसे में नॉन टैक्सपेयर को फ्री बालू देने का निर्णय लिया गया है।

#### युवाओं और महिलाओं को ठग कर हेमंत सोरेन सरकार ने सत्ता किया हासिल : बिरंची नारायण

भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि झारखंड में युवाओं और महिलाओं को ठग कर हेमंत सोरेन ने सत्ता हासिल की है। उन्होंने कहा कि सदन के अंदर युवाओं को बेरोजगारी भत्ता नहीं मिलने को लेकर सवाल किया जाएगा। बिरंची नारायण ने कहा कि इस सरकार ने 2019 में नौजवानों, महिलाओं और शिक्षकों को ठगकर सत्ता प्राप्त किया। हेमंत सरकार ने राज्य के सभी संविदा कर्मी को परमानेंट करने का वादा किया था, लेकिन क्या एक भी शिक्षक परमानेंट हुए, होमगार्ड परमानेंट हुए, क्या नौजवानों को आज तक नौकरी मिली, क्या बेरोजगारी भत्ता के रेट को 5000 से 7000 रुपये किया गया, क्या आंगनबाड़ी का पेमेंट किया। इन सभी विषयों को लेकर हम धरने पर बैठे हैं।

#### सरकार ने स्वीकार किया, बांग्लादेशियों ने बनवा लिया है आधार

झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले को लेकर झारखंड की राजनीति गर्म है। राज्य सरकार ने आंशिक रूप से स्वीकार किया है कि साहिबगंज सहित संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के फर्जी आधार कार्ड व विभिन्न प्रकार के वैधानिक प्रपत्र बने हैं। भाजपा के राजमहल विधायक अनंत ओझा के अल्पसूचित प्रश्न के जवाब में राज्य सरकार की ओर से इस आशय का उत्तर आया है। राज्य सरकार ने आंशिक तौर पर घुसपैठ की बात को स्वीकार किया है। साथ ही, माना है कि आठ सालों में साहिबगंज जिले में घुसपैठ के चार मामले दर्ज हुए हैं। राधानगर थाने में केस संख्या 12/16, 44/16, 110/17 और राजमहल में केस नंबर 44/23 दर्ज हैं। हालांकि डेमोग्राफी बदलने के सवाल पर उत्तर दिया कि ऐसी कोई सूचना नहीं है। राज्य सरकार से विधायक अनंत ओझा ने पूछा था कि स्वतंत्रता के बाद संताल परगना की डेमोग्राफी में आमूलचूल परिवर्तन व देश की आंतरिक सुरक्षा का खतरा उत्पन्न हो चुका है। इस सवाल के जवाब में सरकार ने बताया है कि जिला के प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर यह कहा जा सकता है कि इस तरह की कोई सूचना नहीं है। वहीं, सरकार ने घुसपैठियों को चिह्नित करने के लिए किसी टास्क फोर्स के गठन की बात से भी इनकार किया है।

### बड़ाबांबो में 12810 हावड़ा-मुंबई मेल के 18 डिब्बे हुए बेपटरी

# ट्रेन हादसे में 2 की मौत, कई घायल



नवीन मेल संवाददाता

**रांची/चाईबासा।** चक्रधरपुर रेल मंडल के बड़ाबांबो के पास मंगलवार को हुए ट्रेन हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। मौके पर राहत-बचाव का कार्य किया जा रहा है। यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था की गई है। इस हादसे में 18 डिब्बे पटरी से उतर गए थे।

दक्षिण पूर्व रेलवे के सीपीआरओ ओम प्रकाश ने बताया कि मंगलवार के तड़के 12810 हावड़ा-मुंबई मेल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह दुर्घटना तड़के 3:43 बजे हुई। मौके पर तुरंत ही राहत और और बचाव कार्य शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि 80 प्रतिशत यात्रियों को बस से चक्रधरपुर स्टेशन ले जाया जा चुका है। 20 प्रतिशत यात्रियों को स्पेशल ट्रेन से चक्रधरपुर भेजा गया है।

सीपीआरओ ने कहा कि इस दुखद ट्रेन दुर्घटना में 2 यात्रियों की मौत हो चुकी है। वहीं, एक यात्री की हड्डियों में फ्रैक्चर हुआ है। अन्य चार घायल हैं। सभी यात्रियों के लिए उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचाने के लिए स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था की गई है।

दक्षिण पूर्व रेलवे के जीएम अनिल मिश्रा ने घटनास्थल का जायजा लिया और राहत व बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने रेलवे की ओर से मृतकों के आश्रितों को 10-10 लाख और गंभीर रूप से घायल यात्रियों के परिजनों को एक-एक लाख रुपये मुआवजे का ऐलान किया है। इस दुखद ट्रेन दुर्घटना पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया।

शेष पेज 11 पर

**रेलवे का हेल्पलाइन नंबर : टाटानगर :** 06572290324, **चक्रधरपुर :** 06587 238072, **राउरकेला:** 06612501072, 06612500244, **हावड़ा :** 9433357920 03326382217, **मुंबई हेल्पलाइन :** 022-22694040, **नागपुर हेल्पलाइन नंबर :** 7757912790, **रांची :** 0651-27-87115।

## छवि रंजन को बेल देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की डिफॉल्ट बेल पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। मंगलवार को अदालत ने उन्हें बेल देने से इनकार करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा के कोर्ट में छवि रंजन की डिफॉल्ट बेल पर सुनवाई हुई। छवि रंजन की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल और अधिवक्ता अभिषेक चौधरी ने बहस की। इस संबंध में ईडी ने ईसीआईआर 1/2022 दर्ज किया है।

दुखद

# वायनाड भूस्खलन में 93 लोगों की मौत



एजेंसी

**कोझिकोड।** वायनाड भूस्खलन त्रासदी में मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अब यह आंकड़ा 93 पहुंच गया है। प्रभावित क्षेत्रों में कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सैकड़ों लोग घायल हुए हैं, जिनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। केरल के मुख्य सचिव डॉ वी वेणु ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि राज्य सरकार ने वायनाड के चूरलमाला में हुए भूस्खलन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। इस गंभीर त्रासदी को ध्यान में रखते हुए, केरल में मंगलवार और बुधवार को दो दिवसीय आधिकारिक शोक रहेगा। इन दोनों दिनों में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और राज्य सरकार के सभी आधिकारिक कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए हैं।

सबसे ज्यादा प्रभावित इलाके चूरलमाला, वेल्लारीमाला, मुंडकाईल और पोथुकालू हैं। इन इलाकों के स्थानीय लोग, जो किसी तरह बच निकलने में कामयाब रहे, वे इस त्रासदी की भयावहता से बेहद सदमे में हैं। वेल्लारीमाला में वीएचएसई स्कूल की प्रिंसिपल भव्या अपने छात्रों से संपर्क करने की लगातार कोशिश कर रही हैं। अब तक वह 560 छात्रों से बात कर पाई हैं, और 22 से संपर्क नहीं हो पाया है।

शेष पेज 11 पर

“ केरल के वायनाड में हुए भीषण भूस्खलन में लोगों की मौत से दु:खी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदना व्यक्त करती हूं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने और बचाव कार्यों की सफलता के लिए प्रार्थना करती हूं।

**- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति, भारत।** (सोशल मीडिया 'एक्स' पर)

वायनाड के कुछ हिस्सों में भूस्खलन से व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है और जो घायल हुए हैं। मैं उनके स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करता हूं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री, भारत।** (सोशल मीडिया 'एक्स' पर)

इंडिया

# बजट का हलवा, संसद और इंडिया का सवाल



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

**सो**मवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संसद में वित्त मंत्री को कहा कि वे बजट का जो हलवा बांट रहीं हैं उसे उनकी पसंद के 20 अफसरों ने तैयार किया है जिसमें सिर्फ एक एक ओबीसी और अल्पसंख्यक हैं उन्हें भी फोटो में शामिल नहीं किया गया है । बजट का मसौदा तैयार करना एक लंबी और जटिल प्रक्रिया है, जिसमें काफी समय लगता है और अनेक लोगों,संस्थाओं के स्मार पत्रों तथा अनुरोध पर विचार किया जाता है । इस बार के बजट को बनाने में किन लोगों ने बड़ी भूमिका निभाई और इसकी प्रक्रिया को आइए समझते हैं -



बजट बनाने की प्रक्रिया आम तौर पर बजट पेश किए जाने से छह महीने पहले शुरू हो जाती है, लेकिन दस्तावेज़ के संकलन और इसको पब्लिश करने की प्रक्रिया हलवा समारोह से शुरू होती है ।दरअसल यह वह अवधि होती है जब बजट बनाने के लिए जिम्मेदार टीम नॉर्थ ब्लॉक के अंदर ही रहती है ।इस अवधि के दौरान, टीम को बाहरी दुनिया से, यहां तक कि अपने परिवारों से भी, बहुत ही सीमित संवाद करने दी जाती है। बजट बनाने में कई भरोसेमंद और उच्च पदस्थ अधिकारियों की एक टीम होती है। बजट बनाने में इन लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है-वित्त सचिव टीवी सोमनाथन ।वित्त सचिव वित्त मंत्रालय का हिस्सा बनने से पहले पीएमओ में अतिरिक्त सचिव के रूप में काम कर चुके हैं. माना जाता है कि वह पीएम मोदी के बहुत विश्वसनीय हैं। इस बार बजट बनाने में उन्होंने भी बड़ी भूमिका निभाई है।

कर्नाटक के 1994 बैच के आईएएस अधिकारी अरविंद श्रीवास्तव पीएमओ में वित्त और अर्थव्यवस्था अधिकारी वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालयों का कामकाज देखते हैं ।1994 बैच के आईएएस अधिकारी हरि रंजन राव पीएमओ के प्रौद्योगिकी और शासन अनुभागों के कामकाज देखते हैं ।इससे पहले वे मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के सचिव रह चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने दूरसंचार विभाग में भी काम किया है ।प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा सरकार के सभी महत्वपूर्ण नीतिगत मामलों का कामकाज देखने वाले प्रमुख व्यक्ति हैं ।1993 बैच की आईएएस अधिकारी पुण्य सलिला श्रीवास्तव जो कि सरकार के सामाजिक और कल्याण अनुभागों का कामकाज देखती हैं। पीएमओ में शामिल होने से पहले उन्होंने गृह मंत्रालय में काम किया है ।टीम के अन्य प्रमुख सदस्यों में राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ, निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग के सचिव तुहिन कांता पांडे, वित्तीय सेवा विभाग के सचिव विवेक जोशी, मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंथा नागेश्वरन, प्रधानमंत्री के अतिरिक्त सचिव अतीश चंद्रा शामिल भी मुख्य तौर पर शामिल हैं ।नेता प्रतिपक्ष का संसद में दिया बयान कि इसमें एससी,एसटी ओबीसी और अल्पसंख्यक अधिकारियों को क्यों शामिल नहीं किया गया ? एक बड़े विमर्श या विवाद को जन्म दे सकता है क्योंकि उस समय मेजें थपथपाकर इंडी गठबंधन के लोग इस बयान का समर्थन कर रहे थे । क्या संसद में इसे स्वीकार कर लिया जाए तो सभी राज्य सरकारें इसे मानेंगी क्योंकि ये मामला गोपनीयता और विश्वास से जुड़ा है और जो भी सरकार बजट बनवाती है वह घोषणा के पूर्व इसे सार्वजनिक नहीं होने देना चाहती है । यदि कोटा आधारित बजट बनने लगें तो सरकारें अपने भरोसे के अफसरों या विशेषज्ञों से नहीं किसी से भी बजट बनवाने को वो विवश हो जाएगी जिससे गोपनीयता भंग होने पर विवाद और बढ़ेगा ।हर सरकार का अपना विशेषाधिकार होता है कि वह अपने भरोसेमंद कर्मचारियों से काम ले जिसे किचन कैबिनेट कहा जाता है ।सरकार के प्रमुख पदों पर किसे क्या काम देना है इसका निर्णय भी सरकार अपनी मर्जी से लेती है न कि सार्वजनिक दबाव में । जो भी हो एक नई बहस तो चल ही पड़ी है ।वैसे संभावना बहुत कम है कि विभिन्न पृष्ठभूमि वाली राज्य सरकारें इस पर एकमत होंगी ।





## एक नजर

### संगठन मजबूती के लिए खलारी पहुंचे केदार



**खलारी।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस हरिजन सेल के अध्यक्ष केदार पासवान मंगलवार को खलारी का दौरा किया। वे हरिजन सेल की कमेटी विस्तार एवं संगठन की मजबूती के लिए खलारी आए थे। इसी क्रम में अंबेडकर चौक केडी के समीप झारखंड प्रदेश कांग्रेस लेबरसेल के महासचिव राजनसिंह राजा की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में बीते लोकसभा चुनाव की समीक्षा की गई वहीं आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की गई। संचालन रोशनलाल ने किया।

### एचईसी को लेकर मुख्यमंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** एचईसी के पांच यूनियन के प्रतिनिधि मण्डल झारखण्ड के कृषि मंत्री दीपिका पाण्डेय और विधायक राजेश कच्छप के साथ मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिलकर एचईसी की समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधियों ने कहा कि एचईसी झारखंड की शान है। इसे केंद्र सरकार बंदी के कगार पर ला दिया है। यहां पर काम करने वाले कर्मचारियों के 24 महीने से वेतन बकाया है। 5 यूनियन के प्रतिनिधियों से हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखण्ड सरकार एचईसी को टेक ओवर करने को तैयार हैं। मैं दिल्ली जाकर केंद्र सरकार से एचईसी को झारखण्ड सरकार को देने की बात करेंगे।

### नेशनल स्पोर्ट्स में डीएवी की छात्राओं ने जीता स्वर्ण पदक

**सिल्ली।** डीएवी पब्लिक स्कूल खूंटी में नेशनल स्पोर्ट्स (क्लस्टर लेवल - 5) फुटबॉल खेल का आयोजन किया गया था। इसमें डीएवी सिल्ली के अंडर-19 के छात्रों ने डीएवी खलारी के अंडर 19 के छात्रों को फुटबॉल में हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधन की ओर से सफल छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या बी. शरण ने कहा की हमारे स्कूल के बच्चे अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं। जहां उन्हें खेलने के लिए इतनी अच्छी सुविधा नहीं मिलती है।

**खलारी व राय रेलवे स्टेशन में हुई स्टेशन परामर्श समिति की बैठक**

# राय में फुट ओवरब्रिज व डकरा में अंडर पास बनाने का दिया सुझाव



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी व राय रेलवे स्टेशन में स्टेशन परामर्श समिति की बैठक आयोजित की गई। खलारी में अध्यक्षता स्टेशन अधीक्षक खलारी जान सोरेंग तथा राय में अध्यक्षता स्टेशन अधीक्षक राय संजीव कुमार ने की। परामर्श समिति की ओर से स्टेशन पर यात्री सुविधाएं बढ़ाने सहित कई एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव आदि सुझाव दिए गए। जो सुझाव दिए गए उनमें खलारी स्टेशन को अपग्रेड किया जाए। खलारी और राय स्टेशन को अमृत भारत योजना के अंतर्गत विकसित किया जाए। प्लेटफार्म नंबर 01 तथा 02 की लम्बाई विस्तारीकरण व इसकी उंचाई में वृद्धि की जाए। खलारी स्टेशन पर नया फुट ओवरवीज रैंप के साथ बनाया जाए। राय स्टेशन पर नया फुट ओवर ब्रिज का निर्माण रैंप सहित कराया जाए जिसका विस्तार राय साइडिंग पार राय शहर तक हो। खलारी और राय स्टेशन के प्लेटफार्म पर यात्री शेड की संख्या बढ़ाई जाय। दोनो स्टेशनों पर स्वच्छ पीने का पानी का उत्तम प्रबंध हो। खलारी स्टेशन में वेटिंग हाल की व्यवस्था की जाय। टिकट काउंटर को यथावत रखा जाय, बन रहे नए बिल्डिंग में टिकट काउंटर शिफ्ट नहीं किया जाय। व्हील चेयर की व्यवस्था की जाय। विकलांग बाथरूम की व्यवस्था की जाय। स्टेशन पर सुरक्षा बढ़ाई जाय। खलारी स्टेशन परिसर में एक रेलवे डाक्टर की पोस्टिंग की जाय। स्टेशन पर साफ सफाई की उचित व्यवस्था की जाय। खलारी स्टेशन परिसर में बंदरों की समस्या का हल निकाला जाय।

# एसडीओ ने बीएलओ के किये कार्यों का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार मंगलवार को बीएलओ द्वारा घर-घर मतदाता सत्यापन एवं मतदाता सूची में नाम जोड़ने, सुधार करने से संबंधित मतदान केन्द्र संख्या-05, 06, 08, 17, 52, 56. 58 के बीएलओ द्वारा किये गये कार्य का स्थल भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। प्रति बीएलओ कम से कम 50 आवेदन प्राप्त करते हुए मतदाता सूची में नाम दर्ज करना सुनिश्चित करें। अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 63 रांची, श्री उत्कर्ष कुमार द्वारा सभी बी.एल.ओ. एवं बीएलओ पर्यवेक्षक को निर्देश दिया कि अविलम्ब शत-प्रतिशत मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करें तथा प्रति बीएलओ कम से कम 50 आवेदन प्राप्त करते हुए मतदाता सूची में नाम दर्ज करना सुनिश्चित करें।

## न्यूज बॉक्स

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए शिविर तीन से

**रांची।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का रांची जिला में सुचारु रुप से क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये हैं। झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई) का लाभ देने के लिए जिला के ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत स्तर तथा शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर पर शिविर का आयोजन किया जायेगा। 03 से 10 अगस्त तक शिविर का आयोजन किया जायेगा। योजना के त्रुटिरहित क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा अपर प्रशासक, जिला के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, काँके, शहर, अरगोड़ा, हेहल, बड़ागाँई, नामकुम, नगड़ी एवं बुण्डू, प्रशासक, बुण्डू नगर पंचायत, बुण्डू, सभी बाल, विकास परियोजना पदाधिकारी, राँची को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। योजना के सफल कार्यान्वयन हेतु दिनांक 03 अगस्त को सभी केन्द्रों पर निर्वाचित जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में समारोह पूर्वक इस योजना का शुभारम्भ करने का निर्देश दिया गया है। योजना के क्रियान्वयन हेतु आवेदन पत्र निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा। उपायुक्त द्वारा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, शहरी क्षेत्र में अंचल अधिकारी के पर्यवेक्षण/निगरानी में आँगनबाड़ी सेविका के माध्यम निःशुल्क फॉर्म वितरण सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है। शहरी क्षेत्र में जिस क्षेत्र में आँगनबाड़ी केन्द्र कार्यरत नहीं है, वैसे क्षेत्र में संबंधित अंचल अधिकारी/नगर निकाय के पदाधिकारी को अपने-अपने कर्मियों की प्रतिनियुक्ति यथासंभव वार्डवार करते हुए वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को किया प्रभार मुक्त

**रांची ।** प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को प्रभार मुक्त कर दिया गया है। उसके वेतन पर भी रोक लगा दी गई है। इसका आदेश रांची जिला शिक्षा अधीक्षक मिथलेश केरकेट्टा ने जारी कर दिया है। रांची जिले के सोनाहातू-2 के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विमल कांत झा को प्रभार मुक्त किया गया है। अगले आदेश तक उनका वेतन स्थगित कर दिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि 24 जुलाई, 2024 को वायरल वीडियो के संबंध में आपसे 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण पक्ष की मांग की गयी थी। आपके द्वारा स्पष्टीकरण पक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया है, जो अधोहस्ताक्षरी के आदेश की अवहेलना है। ससमय स्पष्टीकरण पक्ष समर्पित नहीं करने की स्थिति में वायरल वीडियो और सोनाहातु पश्चिमी की जिला परिषद सदस्य मंजु सिंह द्वारा समर्पित आरोप-पत्र के आधार पर आपको प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सोनाहातु-2 के प्रभार से मुक्त किया जाता है।

# वज्रपात से पांच की मौत, चार घायल

**मांडर/चान्हो।** मांडर थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव में मंगलवार की दोपहर हुए बज्रपात से तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं पांच लोग झुलस कर घायल हो गए। सभी को मांडर स्थित रेफरल अस्पताल लाया गया। बसकी गांव निवासी नीरज उरांव 36 वर्ष, कैम्बो गांव निवासी सालमोन एक्का पिता स्वः संजय एक्का 22 वर्ष एवं रातू तिलता के रहने वाले राजेश उरांव 20 वर्ष की बज्रपात से मौत हो गई। चान्हो के लुंडरी निवासी तीस वर्षीय देवकी उरांव की भी वज्रपात से मौत हो गई। वहीं चान्हो प्रखण्ड के ही कंजगी निवासी चालीस वर्षीय सकलू उरांव खेत में मेढ़ बनाने के क्रम में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से झुलसकर घायल हो गए। ईलाज के लिए अस्पताल ले जाने के क्रम में मौत हो गई। वहीं कैम्बो के अविनाश लोहरा पिता निलमोहन लोहरा 16 वर्ष, लक्षण उरांव पिता बिरसा उरांव 22 वर्ष, धनिया उराईन पति मुखिया उरांव 45 वर्ष एवं रोशनी तिग्गा पिता हरबू उरांव गंभीर रूप से घायल है। दूसरी ओर मुड़मा मसमनो गांव में भी हुई बज्रपात से किशुन गोप नामक 50 वर्षीय व्यक्ति घायल हो गया। बताया जाता है कि मंगलवार लगभग 4 बजे सभी लोग खेत मे रोपा रोपने गए हुए थे। इसी बीच जोरदार बारिश के साथ बज्रपात हो गया। जिससे अलग अलग गांव में बज्रपात की चपेट में आकर तीन लोगों की मौत हो गई वही पांच लोग गंभीर रूप से घयल हो गए। बताया जाता है कि रातू तिलता निवासी राजेश उरांव का ससुराल कैम्बो गांव के बिरसा उरांव के घर है। वह तिलता से रोपा रोपने ससुराल आया हुआ था। लेकिन उसकी बज्रपात से मौत हो गई।

### सुहागिनों ने मंगलागौरी का व्रत रखा

**रांची।** सावन के दूसरे मंगलवार को सुहागिनों ने पति की दीर्घायु के लिए मंगलागौरी का व्रत रखा। मंगलवार को शिव योग और स्वार्थ सिद्धी योग में सुहागिनों ने भगवान विष्णु, शिव और मां गौरी की पूजा अर्चना की। मान्यता है कि सावन में मंगलागौरी व्रत करने से योग्य जीवनसाथी, संतान, सुख, समृद्धि और उन्नति होती है। श्री राम जानकी तपोवन मंदिर के महंत ओम प्रकाश शरण ने बताया कि सावन के हर मंगलवार को मंगला गौरी व्रत पड़ता है। सावन की दूसरे मंगलवार को सुहागिनों ने मंगला गौरी का व्रत रख पति की लंबी आयु, सुखी दांपत्य जीवन और संतान की खुशहाली की मंगलकामना की। मंदिरों में पहुंचकर माता गौरी की पूजा की।

### विशेष कीर्तन समागम तीन अगस्त को

**रांची।** श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा 3 अगस्त को कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा में विशेष कीर्तन समागम का आयोजन किया जा रहा है। लुधियाना की बीवी सिमरन कौर शाबाद गायन से रांची की संगत को निहाल करेगी। विशेष कीर्तन समागम की शुरूआत शाम 7.30 बजे स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल शब्द गायन कर करेंगे। 8.30 बजे से 9.30 बजे तक हजूरी रागी महिपाल सिंह और उनके साथियों द्वारा शब्द कीर्तन किया जाएगा। रात 9.30 बजे से 11 बजे तक सिख पंथ की प्रसिद्ध बीबी रागी बीबी सिमरण कौर शब्द गायंकर संगत को निहाल करेंगे। श्री अनंद शाहिद के पाठ और हुकमनामे के साथ समागम की समाप्ति होगी। गुरु नानक सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने बताया कि समाप्ति पर गुरु का अटूट लंगर भी चलाया जाएगा। उन्होंने सभी सिख धर्मावलंबियों से समय पर दीवान में हाजरी भर कर श्री गुरु ग्रंथ साहिब का आशीर्वाद प्राप्त करने का आह्वान किया है।

# बाहरी भागाओ स्थानीय माटी पुत्र को जनप्रतिनिधि बनाओ : डॉ परमेश्वर भगत



**नवीन मेल संवाददाता। इटकी**
इटकी प्रखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर समाजसेवी सलीम अंसारी की अध्यक्षता में एक प्रखंड स्तरीय बैठक की गई जिसमें इटकी प्रखंड के सभी पंचायतों के ग्रामीण मौजूद रहे। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि विगत 20 वर्षों से हमारे क्षेत्र में कोई अमूल चूल परिवर्तन देखने को नहीं मिल रहा है, स्थानीय विधायक के द्वारा हमारे क्षेत्र के लोगों को आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। ईटकी के लोगों ने एक सुर में कहा कि इस बार बाहरी भगाना है और स्थानीय माटी पुत्र डॉ परमेश्वर भगत को आगामी विधानसभा चुनाव में पूरे जोर शोर से साथ देते हुए विजयी बनाना है। लोगों को संबोधित करते हुए हाजी शाकिर इस्लाही ने कहा कि मांडर विधानसभा की महिलाओं के लिए उपर्युक्त नहीं हैं, क्योंकि महिला विधायक के सामने जनता अपनी समस्याओं को सही से नहीं रख पाती हैं। आगे शमीम अख़्तर आजाद ने कहा कि बाहरी लोगों को मांडर की जनता ने बहुत मौका दिया। अब स्थानीय माटी पुत्र डॉ परमेश्वर भगत को प्रतिनिधित्व करने के लिए जनता एक मौका देगी।

## आस्था

## 112 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ आयोजित

# सैकड़ों भक्तों ने सामूहिक रूप से किया पाठ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
शंकर सुवन केसरी नंदन तेज प्रताप महा जग बंधन विद्या वन गुनी अति चातुर राम काज करीब को आतुर के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 112 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 112 वां कार्यक्रम आज भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। मण्डल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा केसरिया पेड़ा सेवा पुष्पा देवी पोद्दार फल प्रसाद सेवा राजेश जयसवाल एवं गिरिगोला सेवा मुकेश मित्तल ने निवेदित की। अनिल नारनोली ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचको का चंदन वंदन किया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ों भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। बजरंगबली की जय जयकारों से हरमू रोड गूंज रहा था।

पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन करके महाआरती की गई । सभी भक्तजनों को केसरिया पेडा चना गुड़ फल व नारियल का प्रसाद वितरित किया गया ।

### कामदा एकादशी कीर्तन आज

हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में बुधवार को रात्रि 9:30 बजे से कामदा एकादशी संकीर्तन का आयोजन किया गया है । राजेश सिंघानिया सारिका सिंघानिया हर्ष सिंघानिया अपने परिवार के साथ अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करेंगे।




PR No. 330663 (Transport) 2024-25

बड़ाबांबो रेल हादसा

# एक अगस्त तक कुछ ट्रेनें रद्द और कुछ के मार्ग बदले

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** चक्रधरपुर रेल मंडल के बड़ाबांबो स्टेशन के नजदीक हुए रेल हादसे के कारण कई ट्रेनें रद्द कर दी गयी है। इसमें कुछ ट्रेनों के मार्ग में बदलाव तो कुछ को आंशिक ठहराव दिया गया है। इस संबंध में दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से जानकारी दी गयी है कि मंगलवार सुबह 3: 45 बजे बाराबंबू स्टेशन के समीप ट्रेन संख्या 12810 हावड़ा सीएसएमटी मुंबई मेल एक्सप्रेस बेपटरी हो गयी। इस दौरान ट्रेन की 18 बोगियां पटरी से हट गयी जबकि चार जनरल बोगियां ट्रैक पर ही रही। रेलवे के अनुसार इससे दो लोगों की मौत और पांच के घायल होने की जानकारी दी गयी है। हादसे के कारण कुछ ट्रेनों को रद्द किया गया है।

## ये ट्रेनें हुई रद्द

- 22861 हावड़ा टिटलागढ़ कांतबांजी एक्सप्रेस 30 जुलाई को रद्द रहेगी।
- 08015 और 18019 खड़गपुर झारग्राम धनबाद एक्सप्रेस 30 जुलाई को रद्द रहेगी।
- 12021 और 12022 हावड़ा बारबिल हावड़ा जनशताब्दी एक्सप्रेस 30 जुलाई को रद्द रहेगी।
- 18109 टाटानगर इतवारी एक्सप्रेस 30 जुलाई को रद्द रहेगी।
- 8030 शालीमार एलटीटी एक्सप्रेस 30 जुलाई को रद्द रहेगी।
- 02863 हावड़ा यशवंतपुर स्पेशल एक अगस्त को रद्द रहेगी।
- 18189 टाटानगर एनार्कुलम एक्सप्रेस 31 जुलाई को रद्द रहेगी।

## ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन

- 12262 हावड़ा सीएसएमटी मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस 30 जुलाई को परिवर्तित मार्ग खड़गपुर भद्रक के रास्ते चलेगी।
- 12130 हावड़ा पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस सीनी, कांड्रा, पुरुलिया, हटिया, नुआगांव राउरकेला के रास्ते परिवर्तित मार्ग पर चलेगी।
- 18005 हावड़ा जगदलपुर एक्सप्रेस चांडिल, मुरी, हटिया, राउरकेला के रास्ते परिवर्तित मार्ग पर चलेगी।
- 12834 हावड़ा अहमदाबाद एक्सप्रेस चांडिल, पुरुलिया, हटिया, राउरकेला के रास्ते परिवर्तित मार्ग पर चलेगी।
- 18477 पुरी योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस टाटानगर, चांडिल, भोजूडीह, गोमो, गया, पंडित के रास्ते परिवर्तित मार्ग से चलेगी।
- 18029 एलटीटी मुंबई शालीमार एक्सप्रेस राउरकेला, हटिया, पुरुलिया, टाटानगर के रास्ते परिवर्तित मार्ग पर चलेंगी।



## ट्रेनों का अल्प समापन/अल्प उद्गम

- 18114 बिलासपुर टाटानगर एक्सप्रेस का राउरकेला में अल्पावधि समाप्त।
- 18190 एनार्कुलम टाटानगर एक्सप्रेस की यात्रा चक्रधरपुर में संक्षिप्त समापन।
- 18011 हावड़ा चक्रधरपुर एक्सप्रेस की आद्रा में अल्पावधि समाप्त किया जाएगा।
- 18110 इतवारी टाटानगर एक्सप्रेस की यात्रा 30 जुलाई को बिलासपुर में अल्प समापन।

# अतिक्रमण बताकर तोड़े गए मकान को बनाकर दें और मुआवजा भी : हाईकोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता को दो सप्ताह में सक्षम अथॉरिटी के पास अपील दाखिल करने और इस दौरान किसी तरह की कोई कार्रवाई सरकार की ओर से नहीं करने का आदेश दिया था। कोर्ट के आदेश के आलोक में प्रार्थी ने निर्धारित समय सीमा के दौरान एसडीओ दुमका के पास अपना अपील दायर किया था लेकिन एसडीओ दुमका के द्वारा दो सप्ताह की अवधि पूरा होने के बाद बुलडोजर से उनके मकान को तोड़ दिया गया जबकि इस संबंध में अपील लंबित थी। हालांकि, मकान तोड़ने के पहले एसडीओ ने अपील को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह अपील एडिशनल कलेक्टर के यहां किया जाना चाहिए था।

झारखंड हाई कोर्ट ने मंगलवार को दुमका में अतिक्रमण बताकर तोड़े गए मकान को फिर से बनवाने का आदेश राज्य सरकार को दिया है। साथ ही कोर्ट ने याचिकाकर्ता को पांच लाख रुपये मुआवजा राशि का भुगतान करने का भी निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि जब कोर्ट के आदेश के आलोक में याचिकाकर्ता ने निर्धारित समय अवधि में अपीलेट अथॉरिटी के पास अपील दाखिल कर दिया था और मकान नहीं तोड़ने का कोर्ट का आदेश सीओ के समक्ष लाया था, इसके बाद भी उनका मकान क्यों तोड़ा गया? मकान तोड़ने के पहले झारखंड पब्लिक लैंड एंक्रोचमेंट एक्ट के तहत कोई प्रोसिडिंग भी नहीं चलाई गई, सिर्फ पत्राचार के आधार पर मकान तोड़ दिया गया, जो गलत है। याचिकाकर्ता ओमप्रकाश को दुमका सदर सीओ ने झारखंड लैंड एंक्रोचमेंट एक्ट के तहत उनके जमीन को अतिक्रमण बताते हुए दो सप्ताह में उसे हटाने का नोटिस आठ जून, 2016 को दिया था। इसके बाद में सीओ ने एक और आदेश पारित किया, जिसमें प्रार्थी की जमीन को पब्लिक लैंड बताकर अतिक्रमण एक सप्ताह में हटाने का आदेश दिया। ऐसा नहीं करने पर उसे तोड़ने का आदेश दिया जाएगा। इसके खिलाफ याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि उनके जमीन जो किसी के द्वारा गिफ्टेड किया गया था उसपर वह वर्ष 1949 से रह रहे हैं, उसे अतिक्रमण बताते हुए तोड़ने का आदेश सीओ ने दिया। इस पर याचिकाकर्ता ने दोबारा हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की कि गलत जगह में अपील दाखिल करने के बावजूद भी उनकी अपील को एसडीओ खारिज नहीं की कर सकते। इससे संबंधित अथॉरिटी के पास उनकी अपील वापस भेज सकते थे, जिस पर हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को मकान बनाने देने और पांच लाख का मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया।

# ट्रेन दुर्घटना स्थल पर रेलवे और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/सरायकेला।** चक्रधरपुर रेल मंडल के बड़ाबांबो-राजखरसावां स्टेशन के बीच बीते सोमवार की रात करीब 3.45 बजे हावड़ा-मुंबई ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। चक्रधरपुर रेल मंडल के कई अधिकारियों के अलावा सरायकेला तथा चाईबासा जिले के तमाम प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर राहत कार्य मे जुटे हैं। हादसे के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने सरायकेला डीसी को घायलों का समुचित इलाज की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। साथ ही उन तक हर जरूरत की चीजें उपलब्ध कराने की व्यवस्था करते हुए सूचना देने का निर्देश दिया गया है। दुर्घटनास्थल पर मौजूद पश्चिम सिंहभूम (चाईबासा) जिले के उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने बताया कि बचाव अभियान जारी है। एनडीआरएफ की एक टीम मौके पर पहुंच रही है।

### यात्रियों के लिए राहत ट्रेन और बस की व्यवस्था

पश्चिमी सिंहभूम के डीसी ने बताया कि यात्रियों को निकटवर्ती चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन ले जाने के लिए एक राहत ट्रेन पहुंच गई है। इसके अलावा यात्रियों को ले जाने के लिए बस की भी व्यवस्था की जा रही है। मौके पर मौजूद एक अन्य अधिकारी ने बताया कि 80 यात्रियों को बस से चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन भेजा जा चुका है। सरायकेला-खरसावां के पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने कहा कि बचाव कार्य तेजी से जारी है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर कई रेलगाड़ियां रद्द कर दी गई हैं या उनका मार्ग परिवर्तित कर दिया गया है।

# बालू तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई बालू लदे 14 हाइवा जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के नगड़ी थाना पुलिस ने बालू तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर गठित टीम ने मेला टिकरा में छापेमारी की। रांची पुलिस की टीम को देख बालू तस्करों में खलबली मच गयी। बालू तस्कर पुलिस को देख इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने 14 बालू लोड हाइवा को जब्त किया है। छापेमारी के दौरान एक भी व्यक्ति नहीं पकड़ा गया। छापेमारी टीम में नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय सहित कई पुलिस बल मौजूद थे। थाना प्रभारी ने मंगलवार को बताया कि वरीय अधिकारी के निर्देश पर छापेमारी की गई छापेमारी के दौरान 14 बालू लदा हाईवा जब्त किया गया।

# अविलंब रेल मंत्री इस्तीफा दें : कांग्रेस

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने सरायकेला के चक्रधरपुर रेल मंडल में हुए रेल हादसे पर कहा कि केन्द्र की सरकार बुलेट ट्रेन चलाने की बात करती है ,जो ट्रेन चल रही है उसकी सुरक्षा नहीं है। हर हफ्ते ट्रेन हादसे हो रहे हैं। ट्रेन हादसे का रिकॉर्ड बनते जा रहा है। लेकिन सरकार कुंभकर्णी नींद में है। सिर्फ मुआवजे की घोषणा कर सरकार अपनी जिम्मेदारी पूरी समझती है। उन्होंने मांग की है कि अविलंब रेल मंत्री इस्तीफा दें। उन्होंने कहा कि पूरे देश में लगातार वर्षों से रेल हादसे हो रहे है लेकिन रेल मंत्री इसे रोकने और रेलवे के सुदृढ़ीकरण के लिए किसी भी प्रकार की कारवाई नहीं कर रहे हैं जो भी कारवाई हो रही है वह सिर्फ दिखावे के लिए है। सिन्हा मंगलवार को कांग्रेस भवन में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वास्तविकता यह है कि जान-बुझकार रेल मंत्रालय के जरिये इस दिशा में कोई कारवाई नहीं की रही है।

# सीसीएल और नैसकॉम के बीच हुआ समझौता ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

### कौशल विकास प्रशिक्षण को आगे बढ़ाया जाएगा

कर्मचारियों के उभरती प्रौद्योगिकी में कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए सीसीएल और नैसकॉम के बीच एक समझौता ज्ञापन किया गया। इस अवसर विशेष पर सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र और नैसकॉम के राष्ट्रीय लीड सुधीर कुमार उपस्थित थे। यह समझौता ज्ञापन सीसीएल कर्मचारियों के बीच डिजिटल जागरूकता बढ़ाने के प्रयास को दर्शाता है। इससे सीसीएल के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन में और गति आएगी, जिससे नए युग के डिजिटल कौशल में कुशल कार्यबल तैयार करने में मदद मिलेगी। जीएम (एचआरडी) आरके पांडे ने निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र और नैसकॉम के फ्यूचरस्किल्स प्राइम के राष्ट्रीय लीड श्री सुधीर कुमार का स्वागत किया। निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि उभरती हुई डिजिटल तकनीक हमारे दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इन तकनीकों में कौशल विकाश से न केवल कर्मियों के कार्य निष्पादन में दक्षता आएगी बल्कि वे साइबर सुरक्षा और डिजिटल जागरूकता से परिचित होंगे। सीसीएल, नैसकॉम के साथ इस तरह का समझौता ज्ञापन करने वाली सीआईएल की पहली कोयला कंपनी है, जो इसकी डिजिटल परिवर्तन यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में सीसीएल के विभिन्न विभागों और क्षेत्रों के नोडल अधिकारियों ने भाग लिया।

## रिम्स के छात्रों ने स्थानीय युवकों के साथ की मारपीट, एफआईआर दर्ज

**रांची।** राजधानी के बरियातू थाना क्षेत्र में सोमवार की देर रात दो स्थानीय युवकों के साथ रिम्स के छात्रों ने जमकर मारपीट की। स्थानीय युवकों का आरोप है कि रिम्स के छात्र उनको खींचकर कैंपस ले गये और उनकी जमकर पिटाई की। इस संबंध में बरियातू निवासी अनमोल और पुरानी रांची निवासी कुणाल ने रिम्स के 40-50 अज्ञात छात्रों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज करवाया है। बताया जा रहा है कि पीने-खाने के विवाद में यह मारपीट हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर सदर कोतवाली और सिटी डीएसपी पहुंचे थे। इसके बाद मारपीट में घायल दोनों युवकों को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है। मौके पर पुलिस की टीम नजर बनाये हुए है। सदर डीएसपी संजीव बेसरा ने मंगलवार को बताया कि फिलहाल पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# सेना भर्ती रैली के चौथे दिन 1140 युवाओं ने लिया हिस्सा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेना भर्ती रैली के चौथे दिन मंगलवार को 1140 युवाओं ने हिस्सा लिया। अग्निवीर जीडी श्रेणी के लिए राज्य के गढ़वा, जामताड़ा, लोहरदगा, पूर्वी सिंहभूम और पाकुड़ जिले के अभ्यर्थियों ने खेलगांव के स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स के मैदान में शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल हुए। इन जिलों के जांबाज युवाओं ने अपने पूरे जोश और जुनून के साथ अग्निवीर जीडी श्रेणी में उपस्थिति दर्ज की। प्रवेश गेट के बाद उम्मीदवारों को मार्शलिंग एरिया में लाने के बाद सेना की ओर से विशेष जानकारी के तहत बताया कि अभ्यर्थी दलालों के बहकावें में ना आये। दलाल कभी भी किसी का सिलेक्शन नहीं करवा सकते। वो सिर्फ आपका मेहनत का पैसा हड़प लेते है। सेना भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष और एकदम पूरी तरह कंप्यूटर आधारित है। इसी दौरान यह भी बताया गया कि बोनस दिलाने वाले प्रणाम पत्र जैसे एनसीसी सर्टिफिकेट, खेलकूद का प्रमाण पत्र या अन्य कोई प्रमाण पत्र सही और प्रमाणित होना चाहिए। जैसा कि ऑनलाइन फॉर्म भरते समय दर्शाया गया हो। जो उम्मीदवार किसी कारण से एडमिट कार्ड नहीं निकाल पाए उनको रैली स्थल पर एडमिट कार्ड सेना भर्ती कार्यालय रांची के जरिये प्रदान किये गए।अग्निवीर रैली भर्ती के दौरान खेलगांव स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दौड़ने के लिए मिले ट्रैक की सभी अभ्यर्थियों ने बेस्ट ट्रैक बताकर प्रशंसा की। सभी उम्मीदवार ट्रैक को लेकर उत्साहित दिखे। जिला प्रशासन की तरफ से प्रत्येक प्रकार की रैली के दौरान हर संभव सहायता प्रदान की गई।

## सिटी पास, यात्री पड़ाव एवं अस्थायी स्टैंड के मुद्दे पर रांची नगर निगम का हुआ घेराव

# ई रिक्शा चालकों ने नगर निगम प्रशासक को सौंपा मांगपत्र

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



प्रशासनिक व्यवस्थाओं से तंग आकर ई रिक्शा चालकों ने मंगलवार को रांची नगर निगम का घेराव किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव ने किया। इस घेराव, धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने अपना मांग पत्र नगर निगम प्रशासक अमित कुमार को सौंपा। उनसे आग्रह किया कि वे जल्द ऑटो चालकों के साथ न्याय करें। ज्ञात हो कि रांची जिले में ई रिक्शा चालकों की स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी की विकट समस्या उत्पन्न हो रही है। ई रिक्शा चालकों का कहना है कि वे लोग इधर-उधर से पैसे का इंतजाम कर और बैंक से लोन लेकर ई रिक्शा खरीदा है। सिटी पास नहीं होने के कारण उनके ई-रिक्शा का परिचालन प्रशासन नहीं करने दे रही है। ई रिक्शा परिचालन नहीं होने से उनको लोन की किस्त अदा करने में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। फाइनेंसर द्वारा ई रिक्शा को जब्त करने का नोटिस पर नोटिस दिया जा रहा है। दूसरी ओर, यातायात विभाग फाइन काट रही है। ऑटो चालकों ने कहा कि सरकार तक अपने अधिकार की आवाज पहुंचाने के लिए नगर निगम का घेराव करना पड़ा है। मौके पर उत्तम यादव केंद्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा शक्ति, दिनेश सोनी रांची जिला अध्यक्ष रांची जिला ई रिक्शा चालक यूनियन, संतोष कुमार, भोला सिंह, आदि उपस्थित थे।

### ऑटो चालकों की मांग

- नगर निगम क्षेत्र में चलने वाली ई रिक्शा का पास निगम कार्यालय द्वारा ही निर्गत हो, आरटीए द्वारा परमिट की व्यवस्था को मान्यता नहीं है।
- ई रिक्शा को लेकर एमवी एक्ट में कहीं भी कानून नहीं बनाया गया है। ई-रिक्शा का संचालन एवं पास निर्गत करने का कार्य निगम कार्यालय द्वारा ही किया जाए।
- नगर निगम ई रिक्शा पर जो जुमार्ना लगाता है, वह ज्यादा है। उसे निरस्त करते हुए फाइन को सरल किया जाए।
- ई-रिक्शा का पास निगम द्वारा सिटी पास के नाम से दिया जाए। साथ ही, ग्लोबल टेंडर के माध्यम से ह्यएक शहर, एक टोकन की व्यवस्था की जाए।
- ई-रिक्शा का स्थायी स्टैंड बने। यात्री के उतरने -चढ़ने की व्यवस्था रांची नगर निगम द्वारा की जाए, जहां मूलभूत सुविधा उपलब्ध हो और चौक चौराहा जाम मुक्त हो।

# मुख्यमंत्री से पूर्व विधायक और रूहानी मर्कज के अध्यक्ष ने की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मंगलवार को रूहानी मर्कज के अध्यक्ष-सह-पूर्व विधायक हसन रिजवी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को उन्होंने अवगत कराया कि रूहानी मर्कज (आध्यात्मिक केंद्र) जमशेदपुर की ओर से 11 अगस्त को राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए दरगाह अजमेर शरीफ में चादरपोशी और दुआएं-ए-खास का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अजमेर शरीफ भेजी जाने वाली चादर-ए-मुबारक का अनावरण किया। मुख्यमंत्री को उन्होंने अजमेर शरीफ की टोपी तथा साफा पहनकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक मंगल कालिंदी, शोहदा-ए-कर्बला के महासचिव अब्बास अंसारी, झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता गुलरेज अख्तर सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### राज्यपाल से मिले मुख्यमंत्री, दी शुभकामनाएं



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को राजभवन में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन ने भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने सप्रेम पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके सुदीर्घ एवं स्वस्थ जीवन के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी।

### राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को दी गई विदाई



**रांची ।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट परिसर में सोमवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भावपूर्ण विदाई दी। मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद नलिन सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते, डीजीपी अनुराग गुप्ता, प्रधान सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग वंदना दादेल सहित राज्य सरकार के अन्य वरीय पदाधिकारीगणों ने भी राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को विदाई दी।

### निर्मला दीदी ने सीएम को बांधा रक्षा सूत्र



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को झारखंड विधान सभा में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, हरमू रोड की संचालिका ब्रम्हाकुमारी निर्मला दीदी ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री को रक्षा सूत्र बांधा। मौके पर ब्रम्हाकुमारी निर्मला दीदी ने मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ एवं खुशहाल जीवन तथा सफलता की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ब्रह्मकुमारी बहनों के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

### झारखंड की यादें ताउम्र संजोकर रखूंगा : राधाकृष्णन

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को मंगलवार को विदाई दी गई। अब वो महाराष्ट्र के राज्यपाल होंगे। झारखंड के राज्यपाल के रूप में रांची में अपने विदाई दिवस पर सीपी राधाकृष्णन ने राज्य के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा है कि राज्यपाल के रूप में झारखंड की पवित्र भूमि और लोगों की सेवा करने का अवसर मिला है। कभी नहीं भूलूंगा। जीवन भर इसे संजोकर रखूंगा और हमेशा मेरे दिल के बहुत करीब रहूंगा। सीपी राधाकृष्णन ने एक्स पर लिखा है, जोहार झारखंड! झारखंड के राज्यपाल के रूप में रांची में अपने विदाई दिवस पर, मैं भगवान बिरसा मुंडा की पवित्र भूमि के लोगों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। जिन्होंने पिछले 1.5 वर्षों से खुले हाथों से मेरा स्वागत किया और मुझ पर अपना प्यार और स्नेह बरसाया।

### रांची में दो गुटों में मारपीट, थाने का किया घेराव, मामला दर्ज



**रांची।** रांची के हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के इमली पेड़ के मंदिर के समीप दो गुटों में मारपीट के बाद एक गुट के लोगों ने सोमवार देर रात थाने का घेराव किया। मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने पुलिस पर गश्त नहीं करने का आरोप लगाया। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार देर रात को हिंदपीढ़ी थाने पहुंच गए और हंगामा किया। मारपीट में दोनों पक्षों के युवकों को चोट लगी है। एक पक्ष से अब्दुल्ला हसनैन ने मंगलवार को चार नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। दूसरे गुट से डेली मार्केट निवासी हर्षित प्रसाद ने अब्दुल्ला हसनैन और दो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस एक पक्ष से तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### सावन मेला की तैयारियां जोरों पर

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा का सावन मेला 1,2,3 अगस्त को अग्रसेन भवन अपर बाजार में लग रहा है। मेले की स्टॉल बुकिंग पूरी हो गई है। मेले की सारी तैयारियां हो गई है। मेले की संयोजिका एवं पूर्व अध्यक्ष विनीता बिहानी ने बताया कि अग्रेसन भवन के तीनों फ्लोर में एक्सीबिशन लगेगी। मेले में हर तरह की स्टॉल लग रही है। जैसे - कपड़े, राखी, ज्वेलरी, शादी के सामान, बेडशीट, अचार-पापड़, गिफ्ट आइटम, हैंड मेड सामान, भगवान के पोशाक आदि। रांची के अलावा बाहर से भी लोग स्टॉल लगाने आये हैं। इनमें कोलकाता, टाटा, धनबाद आदि जगह के लोग शामिल हैं। अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने सभी रांचीवासियों से अपील की है मेला में आयें। मेले की संयोजिका विनीता बिहानी, सरिता बथवाल, सपना सिंघानिया, पूजा अग्रवाल , रितु पोद्दार पूरी तरह से मेले की तैयारी में लगी हुई हैं।

### कामिका के स्मरण मात्र से बाजपेय यज्ञ का फल मिलता है



**रांची।** श्रावण मास कृष्ण पक्ष की कामिका (कामदा) एकादशी व्रत का मान सबके लिए आज बुधवार को है। इस अवसर पर पहाड़ी मंदिर के निकट अवस्थित श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में प्रातःवंदन, सुप्रभातम, नित्याराधन, महाआरती नैवेद्यम, श्रृंगार और महास्तुति होगी। फिर गोष्ठी आदि के बाद मासिक अष्टोत्तर अर्चना और प्रसाद वितरण होगा। फिर दोपहर राजभोग और रात्रि आराधना, भोग, स्तुति एवं शयन आरती होगी। श्रावण कृष्ण की एकादशी का नाम कामिका है, उसके स्मरण मात्र से बाजपेय यज्ञ का फल मिलता है। इस दिन श्रीधर, हरि, विष्णु माधव और मधुसूदन आदि नाम से भगवान् श्रीमन्नारायण का पूजन- अर्चना करना चाहिए।

### आरपीएफ ने भारी मात्रा में शराब किया जब्त

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने टाटीसिलवे स्टेशन से भारी मात्रा में शराब बरामद किया है। एएसआई रवि शेखर ने मंगलवार को बताया कि ऑपरेशन सतर्क के तहत 47 (शराब की बोतल और केन बियर जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि रांची रेल मंडल के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश के बाद आरपीएफ टीम लगातार अवैध रूप से शराब और मादक पदार्थों के तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में आरपीएफ रांची की ओर से गाडी संख्या 18624 एक्सप्रेस के आने पर टाटी सिलवे स्टेशन पर जांच की गयी। ट्रेन की जांच के दौरान, टीम ने देखा कि सामान्य डिब्बे में शौचालय के पास दो सफेद रंग के बैग पड़े थे। टीम ने सभी लोगों से पूछताछ की लेकिन किसी ने भी बैग की दावेदारी नहीं की। इसके बाद बैग की जांच करने पर रॉयल स्टैग, किंगफिशर बीयर बरामद किया गया। आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सौंप दिया।

# झारखंड विधानसभा से 4833.39 करोड़ का अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को सदन में अनुपूरक बजट पर चर्चा की गयी है। इस चर्चा के दौरान काफी हो-हंगामा भी हुआ। इसके बाद शाम के करीब 4.30 ध्वनिमत से 4833.39 करोड़ अनुपूरक बजट भी सदन से पास हो गया। झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को जोरदार हंगामे के बीच वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने अनुपूरक बजट पेश किया था। अनुपूरक बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए सदन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि बालू को लेकर पूरे राज्य में चर्चा हो रही है। कहा जा रहा है कि बालू नहीं मिलने से या बालू की कीमत बढ़ने से अबुआ आवास, पीएम आवास समेत गरीबों को आवास बनाने में दिक्कत हो रही है। लिहाजा, सरकार ने फैसला लिया है कि जो लोग टैक्स के दायरे में नहीं आते हैं उन्हें अब मुफ्त में बालू दी जाएगी।



## सुखाड़ पर विशेष व्यवस्था करेगी हेमंत सरकार : रामेश्वर उरांव

अनुपूरक बजट पर सरकार का उत्तर देते हुए वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने भरोसा दिया है कि हेमंत सरकार सुखाड़ से निबटने के लिए विशेष व्यवस्था करेगी। सुखाड़ का तीसरा साल चल रहा है। विशेष व्यवस्था करना होगा इसके लिए मुख्यमंत्री को कहा है। सरकार की ओर से आश्वासन दे रहा हूं कि सरकार सुखाड़ के लिए विशेष व्यवस्था करेगी। उन्होंने कहा कि अनुपूरक की जरूरत का जवाब कल्पना सोरेन ने दिया था कि क्यों आर्टिकल 2005 के तहत राज्य सरकार लाती है। नई योजनाओं के लिए, जेसीएफ से निकासी को रेगुलराइज करने के लिए और अनफोरेसेंट एक्सपेंडिचर के लिए अनुपूरक बजट सरकार लाती है। प्रभारी मंत्री ने बताया कि अनुपूरक बजट की क्यों जरूरत पड़ी है। 125 यूनिट से बढ़ाकर 200 यूनिट फ्री बिजली देना है। इसके लिए राशि की जरूरत है। बिजली के मीटर लगाने की प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना के तहत करीब 45 लाख महिलाओं को हर माह 1000 रुपये देना है। इसके लिए 872 करोड़ की जरूरत है। प्री मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप में केंद्रांश के समरूप राज्यांश के तहत पैसा देना है। आपदा मद में खर्च के लिए राशि की जरूरत है। सुखाड़ का यह तीसरा साल चल रहा है। सिंकिंग फंड में राज्य सरकार ने 2272 करोड़ संरक्षित रखे हैं इससे कम दर पर ब्याज लेने में मदद मिलेगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि अनुपूरक बजट से राज्य के राजकोष पर विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही को बुधवार 11 बजे तक के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

## झारखंड की जनता हेमंत सरकार के साथ खड़ी है : कल्पना सोरेन



**रांची।** आपलोग सभी माननीय हैं। कृपया सभी बैठ जाएं। मेरा पहला स्पीच है, कृपया बैठ जाएं।अपने मेडन स्पीच के दौरान सदन के अंदर कल्पना सोरेन यह बार बार बोलती रहीं। स्पीकर रबिन्द्रनाथ महतो भी हंगामा कर रहे पक्ष और विपक्ष से बैठने का आग्रह करते रहे। बावजूद इसके हंगामा जारी रहा। स्पीकर के आग्रह पर कल्पना सोरेन ने बोलना शुरू कीं। उन्होंने अपनी बात शुरू करने से पहले सीएम हेमंत सोरेन और सदन के सभी सदस्यों का अभिवादन की। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता हेमंत सरकार के साथ खड़ी है। टीवी चैनल, न्यूज एजेंसी और समाचार पत्र जो विचार छापते थे, आज चुप हैं। बीच-बीच में हंगामा चलता रहा। कल्पना ने कहा कि मणिपुर में जब आदिवासी महिला के साथ जब अन्याय हो रहा था, तब केंद्र सरकार कहां थी। उन्होंने पूछा कि हेमंत सोरेन का पांच महीना कौन लौटायेगा। कल्पना सोरेन के मेडन स्पीच के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सदन के अंदर मौजूद रहे। कल्पना सोरेन ने कहा कि विपक्ष गरीब, आदिवासी और महिला के खिलाफ है। हेमंत सोरेन की सरकार इन सभी के लिए अनुपूरक बजट लायी है। इन पैसों से गरीब, आदिवासी और महिलाओं की बेहतरी के लिए काम होना है। भाजपा के लोग इनका विकास नहीं चाहते हैं. ये लोग कटौती चाहते हैं. इनका यही काम है।

## आनेवाले समय में आदिवासियों को खोजना पड़ेगा :भानुप्रताप शाही



**रांची।** 1951 में 46 फीसदी आदिवासियों की आबादी थी। अब यह घटकर 22 फीसदी रह गई है। मुस्लिमों की संख्या बांग्लादेशियों के कारण बढ़ी है। आनेवाले समय में आदिवासियों को खोजना पड़ेगा। आदिवासियों की घटती संख्या चिंता की बात है राजनीति की नहीं। यह बातें सदन के अंदर भानुप्रताप शाही ने कही। वह सदन में अनुपूरक बजट पर लाये गए कटौती प्रस्ताव के समर्थन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकतर मंत्री टी शर्ट पहन कर आए थे की 1932 लागू किया जाएगा, झारखंड का मूलवासी आदिवासी यह पूछना चाहता है कि कहां गया 1932 खतियान। स्थानीय नियोजन नीति कहां चला गया पता नहीं, नगर विकास में 28 में से 17 पदों पर बाहरियों को नियुक्त कर दिया गया और ये लोग मूलवासी की बात करते हैं। भानुप्रताप शाही ने कहा कि युवा सरकार बनी तो पांच लाख नियुक्ति देंगे और नहीं मिलने वालों को भत्ता देंगे से जुड़े सवाल पूछ रहे हैं। भानु ने कहा कि सरकार ने ठान लिया है की सिर्फ झूठ बोलेंगे और तब तक झूठ बोलेंगे जब तक सरकार बना नहीं लेते। भानुप्रताप शाही ने कहा कि नौजवानों को ठगकर यह सरकार आयी है। जो परीक्षाएं कराती है उसे या तो रद्द कर देती है या फिर पेपर लीक करा देती है। अनुबंधकर्मियों का जीवन बर्बाद कर दिया। जब सरकार में आने से पहले संकल्पपत्र में अनुबंध कर्मियों के वेतनमान मानदेय फिक्स कर 60 साल तक के लिए नौकरी की बात कही थी, अनुबंध शब्द हटाना था।

## स्पीकर और नेता प्रतिपक्ष में नोक-झोंक

रांची। कल्पना सोरेन के मेडन स्पीच के दौरान सदन के अंदर स्पीकर रबिन्द्रनाथ महतो और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी के बीच बहस हो गयी। दरअसल कल्पना के बोलने के दौरान भाजपा के विधायक वेल में हंगामा कर रहे थे। इस दौरान पक्ष के विधायक भी वेल में आ गए। इसी बीच नेता प्रतिपक्ष ने स्पीकर से कहा कि आप अनंत ओझा को बोल रहे थे कि अनुपूरक बजट पर बोलिये और कल्पना सोरेन को नहीं बोल रहे हैं। क्या वो अनुपूरक पर बोल रही हैं। विपक्ष का हंगामा आपको दिख रहा है लेकिन सत्ता पक्ष के विधायक जो वेल में हैं वह नहीं दिख रहा है। इसपर स्पीकर रविन्द्रनाथ महतो ने कहा कि मैं उठता हूं, आइये आसन पर आप ही बैठ जाइये। इसपर अमर बाउरी ने कहा कि जो करना है कीजिये।

## अनुबंधकर्मियों पर भी विचार हो : प्रदीप यादव



**रांची।** महिलाओं की सशक्तीकरण के लिए 21 वर्ष से 50 वर्ष की महिलाओं को सरकार एक हजार हर महीने देने जा रही है। बहुत ही सराहनीय है। अनुबंधकर्मियों पर भी सरकार विचार करे। बिना काम के जब सरकार एक हजार देने जा रही है तो काम करने वालों की मानदेय में वृद्धि होनी चाहिए। यह बातें प्रदीप यादव ने कही। वह अनुपूरक बजट के समर्थन में अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने कहा कि अब समय कम है। ऐसे में सरकार काम में तेजी लाय। प्रदीप यादव ने कहा कि सदन से संदेश जाना चाहिए की 5 साल के लिए सरकार चुन कर आई है। क्यूंकि कुछ हैं जो चाहते हैं कि जल्द चुनाव हो। नियुक्ति शुरू हुई तो ये जल्द चुनाव चाहते है। काम करने से रोकना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि डइउ का 27 प्रतिशत आरक्षण, खतियान आधारित स्थानीय नीति किसके इशारे पर रुका है। जाति जनगणना जल्द प्रारंभ हो, उसकी अधिसूचना जारी की जाए।

## दलितों-पिछड़ों का आरक्षण समाप्त कर रही सरकार : बाउरी



**रांची।** झारखंड विधानसभा के तीसरे कार्य दिवस के दिन नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने विधानसभा अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाये। कहा कि अध्यक्ष सरकार के प्रवक्ता के रूप में सदन में कार्य कर रहे हैं। विपक्ष की आवाज को दबाने के काम कर रहे है। कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को आज पूरा देश सुन रहा है। लेकिन झारखंड के नेता प्रतिपक्ष को बोलने नही दिया जा रहा है। हमारे माइक को बंद कर दिया जाता है। उन्होंने अध्यक्ष पर माननीय उच्च न्यायालय के आदेश, गाइड लाइन की अवमानना करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में सरकार को बांग्लादेशियों को चिन्हित कर इसकी जवाबदेही तय करने की बात कही है, लेकिन सदन के अंदर अध्यक्ष कहते हैं कि झारखंड में कोई घुसपैठ नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड की सरकार खुद को दलित, आदिवासी, पिछड़ों की हितैषी बताती है लेकिन सच्चाई यह है कि झारखंड में निकलने वाले नियुक्तियों में दलित और पिछड़ी जाति का आरक्षण को समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि हाल में ही चौकीदार और वनरक्षी की नियुक्ति में अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग में आरक्षण नहीं दिया गया। सरकार से उन्होंने पूछा कि किस आधार पर झारखंड में अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को समाप्त किया गया, इसका जवाब सदन के अंदर कांग्रेस के नेता एवं मुख्यमंत्री दें। उन्होंने कहा कि राज्य में जब से यह सरकार आयी है, यहां अनुसूचित जाति आयोग को खत्म कर दिया, रांची मेयर पद जो अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित की गई उसे साजिश कर हटा दिया गया, ऐसे सभी विषय पर सरकार को जवाब देना होगा।

*प्रतिपक्ष की आवाज दबा रही राज्य सरकार*

*झामुमो के प्रवक्ता की तरह कार्य कर रहे विधानसभा अध्यक्ष*

## पुस्तक वितरण में हुआ घोटाला : नीलकंठ मुंडा



**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को सदन में नीलकंठ सिंह मुंडा ने सवाल उठाया कि बच्चों को अब तक किताबें नहीं मिली हैं। सेशन भी समाप्त हो रहा है। राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने दो जुलाई को चिट्ठी जारी किया था, जिसमें कहा था कि किताब बीआरसी ब्लॉक में रख दिया गया है। अब टीचर को पुस्तक ले जाने को कहा जा रहा है। अब तक 42 लाख किताबें उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। इसमें कहीं न कहीं वित्तीय अनियमितता या घोटाला हुआ है। इसपर शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम ने कहा कि पुस्तक वितरण का काम आचार संहिता के कारण बाधित हुआ। एक सप्ताह में शत-प्रतिशत पुस्तक वितरण का काम पूरा हो जाएगा। सीपी सिंह ने पुस्तक वितरण को लेकर कहा कि शिक्षा मंत्री सदन को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का आदेश बताएं। फिर कहा कि जो कार्य योजना चालू रहती है, उस पर चुनाव आयोग कोई रोक नहीं लगाता। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि अब किताबों को जिला से स्कूल तक ले जाने के लिए कोई दर का निर्धारण ही नहीं हुआ है। सेशन भी खत्म हो रहा है। सरकार का न शिक्षक पर और न ही शिक्षा पर ध्यान है। सदन में झामुमो विधायक मथुरा महतो ने कहा कि 24 साल बाद वन क्षेत्र पदाधिकारी के लिए वेकेंसी आई है। इसमें अनुसूचित जाति के लिए एक भी सीट नहीं है। दलित छात्र इससे वंचित हो जाएंगे। विधायक केदार हाजरा ने भी सरकारी नौकरियों के विज्ञापन में एससी कैटगरी के लिए सीट नहीं होने का मुद्दा उठाया। सूचना के माध्यम से उन्होंने कहा कि सरकार को इसपर ध्यान देना चाहिए। नीलकंठ सिंह मुंडा ने भी केदार हाजरा के द्वारा उठाये गए मुद्दे पर सहमति जताई, जिसपर स्पीकर रबिन्द्रनाथ महतो ने संसदीय कार्य मंत्री रामेश्वर उरांव से कहा कि इस मुद्दे पर सरकार ध्यान दे। शून्य काल के दौरान विधायक विनोद कुमार सिंह ने पोषण सखियों को सामायोजित करने की मांग की। सुनीता चौधरी ने भैरवा नदी के दोनों ओर नगर बनाने की मांग की।

# झारखंड विधानसभा में बड़ाबांबो रेल हादसे पर विधायकों ने जताया शोक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
चाईबासा जिले के चक्रधरपुर रेल मंडल के बड़ाबांबो में हृदय विदारक रेल हादसा पर झारखंड विधानसभा में मंगलवार को सभी दलों के विधायकों ने शोक व्यक्त किया।
विधायकों ने पीड़ितों के परिवारों के लिए मुआवजे की मांग की और घायलों के इलाज के लिए तुरंत सहायता उपलब्ध कराने की अपील की। सभी दलों ने रेल हादसे को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने को लेकर जोर दिया। रेल सुरक्षा और प्रबंधन में सुधार के लिए प्रभावी नीतियों और उपायों को लागू करने की बात कही, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटना होने से रोका जा सके। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरायकेला डीसी को घायलों का समुचित इलाज की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। साथ ही उन तक हर जरूरत की चीजें उपलब्ध कराने की व्यवस्था करते हुए सूचना देने का निर्देश दिय, जिसके जवाब में उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि मदद के लिए राहत बचाव कार्य एवं हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। वहीं, सरायकेला जिला प्रशासन पूर्वी सिंहभूम से सहयोग के लिए लगातार संपर्क में है।



### हर हादसे पर इस्तीफा मांगना उचित नहीं : बाबूलाल मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि रेल मंत्रालय सभी विषयों पर जांच करेगी। इस तरह का हादसा होने पर दुख होता है। कही भी दुर्घटना हो सकती है। दुर्घटना मानवीय भूल से या फिर एक्सीडेंटल भी हो सकता है। हर बार घटना होने पर अगर इस्तीफा मांगा जाना सही नहीं है।

### मंत्री इरफान अंसारी ने रेल हादसे को दुर्भाग्यपूर्ण कहा

रेल हादसे पर मंत्री इरफान अंसारी ने रेल हादसे को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। इस हादसे के शिकार लोगों के लिए प्रार्थना करता हूं कि वो जल्द ठीक हो जाये। इरफान ने रेल मंत्रालय से नहीं, पीएम नरेंद्र मोदी से इस्तीफे की मांग की। उन्होंने रेल मंत्री को माचिस का डिब्बा का बताते हुए कहा कि उनको कोई जानता भी नहीं है।

### मंत्री बन्ना गुप्ता ने रेल हादसे पर दुख जताया

बड़ाबांबो रेल हादसे पर स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि हावड़ा-मुंबई मेल एक्सप्रेस रेल हादसा काफी दुखद है। राज्य सरकार ने गंभीर रूप से घायल यात्रियों के इलाज की व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घायलों को हर संभव मदद करने का निर्देश दिया है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि अभी हम घटनास्थल पर जा रहे हैं और मृतक के परिजनों को सांत्वना देंगे और जो भी उनको मदद है वो सरकार दे रही है और बेहतर मदद हो इसलिए हम जा रहे हैं। जाकर जो गंभीर रूप से घायल है उनको सहायता करेंगे। बन्ना गुप्ता के नेतृत्व में मंत्री दीपक बिरुआ, विधायक दशरथ गगराई दुर्घटना वाले स्थल पर जा रहे हैं। तीनों विधायक घटना स्थल का जायजा लेंगे कि आखिर किस तरह यह घटना घटी।

# दुग्ध उत्पादन में वृद्धि को राज्यवार चारा योजना तैयार की जाए : डॉ टीआर शर्मा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
देश में दूध एवं मांस का उत्पादन बढ़ाने के लिए पशुओं को पर्याप्त पोषक आहार उपलब्ध करने के उद्देश्य से विभिन्न चारा फसलों का उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने की रणनीतियों पर चर्चा हुई। इसे लेकर मंगलवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में देश के अग्रणी चारा वैज्ञानिकों कि दो दिवसीय राष्ट्र स्तरीय कार्यशाला प्रारंभ हुई। कार्यशाला में चारा फसलों के विकास, संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े देश के 21 राज्यों के कृषि विश्वविद्यालयों एवं शोध संस्थानों के लगभग 100 वैज्ञानिक भाग लिया।
कार्यशाला के मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के उप महानिदेशक (फसल विज्ञान) डॉ टीआर शर्मा ने कहा कि सभी राज्यों के लिए अलग-अलग चारा योजना तैयार कर सरकारों को सौपना चाहिए। कहां-कहां कितना कार्यान्वयन हो रहा है इसका डाटा बेस रखना चाहिए। अबतक देश में चारा फसलों की 122 उन्नत किस्में विकसित की गयी हैं जिनमे से 10-12 किस्मों का प्रोडक्ट प्रोफाइल तैयार किया जाना चाहिए। प्रोफाइल में उपज क्षमता, प्रोटीन एवं अन्य पोषक तत्व, प्रभेद का जलवायु लचीलापन, यंत्रीकृत कटाई की अनुकूलता आदि का विवरण हो। भारतीय चारागाह एवं




चारा अनुसंधान संस्थान, झांसी को नये वैज्ञानिकों की सहभागिता से प्रभेद विकास में तेजी लानी चाहिए तथा भारतीय बीज अनुसंधान संस्थान, मऊ के साथ मिलकर चारा बीज का मानक तैयार करना चाहिए। अपने अध्यक्षीय संबोधन में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एससी दुबे ने ने कहा कि राष्ट्रीय औसत लगभग 400 ग्राम की तुलना में झारखण्ड में प्रति व्यक्ति दैनिक दुग्ध उपलब्धता मात्र 171 ग्राम है जिसका मुख्य कारण राज्य में हरा चारा की अल्प उपलब्धता है। देश में हरा चारा आवश्यकता से मात्र 11 प्रतिशत कम उपलब्ध है जबकि झारखण्ड में यह कमी 70 प्रतिशत है। सूखा चारा और दाना की भी काफी कमी है। इन पहलुओं को ध्यान में रखते हुए झारखण्ड के लिए चारा नीति तैयार की जानी चाहिए। कृषि अग्रणी कुछ राज्यों में खेत में ही पराली जलाने के मामले बड़ी संख्या में सामने आते हैं। इसलिए खेत से सूखा चारा के एकत्रीकरण, प्रोसेसिंग एवं परिवहन की लागत का आकलन किया जाना चाहिए ताकि उपचारात्मक कदम उठाये जा सके। आरम्भ में बीएयू के अनुसंधान निदेशक डॉ पीके सिंह ने स्वागत किया तथा संचालन शशि सिंह ने किया।
कार्यशाला में आईसीएआर के सहायक महानिदेशक डॉ एसके प्रधान, भारत सरकार के कृषि आयुक्त डॉ पीके सिंह, भारतीय चारागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान, झांसी के निदेशक डॉ पंकज कौशल, भारतीय पादप आनुवंशिकी संसाधन ब्यूरो, नई दिल्ली के निदेशक डॉ जीपी सिंह, भारतीय बीज अनुसंधान संस्थान, मऊ (उत्तर प्रदेश) के निदेशक डॉ संजय कुमार, भारतीय जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची के निदेशक डॉ सुजय रक्षित, भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान, लुधियाना के पूर्व निदेशक डॉ सैन दास, परियोजना समन्वयक डॉ वीके यादव, प्रधान सस्य वैज्ञानिक डॉ आरके अग्रवाल सहित चारा उद्योग के प्रतिनिधियों ने भी अपना प्रस्तुतीकरण दिया।

## न्यूज | बॉक्स

### मुख्यमंत्री से मिला झारखंड पुलिस एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन और झारखंड पुलिस मेन्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिला। मुलाकात के दौरान राज्य के पुलिस पदाधिकारियों-कर्मियों को वर्दी भत्ता , राशन भत्ता, वाहन भत्ता और अन्य भत्तों को केन्द्रीय सरकार एवं पड़ोसी राज्य बिहार सरकार के तर्ज पर पुनरीक्षित दर से लागू करने के लिए अनुरोध किया गया। इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभी भत्तो को पुनरीक्षित दर से शीघ्र लागू करने का आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष अरविन्द प्रसाद यादव, महामंत्री मो० महताब आलम, संगठन सचिव अंजनी कुमार एवं झारखंड पुलिस मेंन्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कर्ण कुमार, महामंत्री रमेश उरांव सहित अन्य शामिल थे।

### भाजपा विधायकों ने किया प्रदर्शन

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र का मंगलवार को तीसरा दिन था। तीसरे दिन बीजेपी विधायकों ने सदन के बाहर व भीतर हंगामा किया। बीजेपी विधायक सदन के मुख्य द्वारा पर प्रदर्शन किया। इस दौरान हाथों में तख्ती लिए नारे बाजी कर रहे थे। सहायक पुलिसकर्मी, सहायक आचार्यों पर लठीचार्ज के मुद्दे पर प्रदर्शन कर रहे थे। सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद बीजेपी विधायक बेल में चले गए और प्रदर्शन करते रहे। बीजेपी विधायकों के प्रदर्शन को देखते हुए स्पीकर ने 12:30 तक के लिए सदन स्थगित कर दिया। दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू हुई। अनुपूरक बजट पर चर्चा की गयी। शाम 4.30 ध्वनिमत से अनुपूरक बजट को पारित कराया गया।

### झामुमो ने भाजपा सांसद के बयान के खिलाफ निकाला विरोध मार्च




**रांची ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रांची महानगर ने मंगलवार को मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से उपायुक्त कार्यालय तक एकदिवसीय विरोध मार्च सह प्रदर्शन किया। यह विरोध मार्च सह प्रदर्शन भाजपा सांसद निशिकांत दूबे के जरिये वर्तमान लोकसभा सत्र के दौरान झारखंड राज्य के अभिन्न अंग संथाल परगना प्रमंडल, बिहार एवं पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों को मिलाकर यूनियन टेरिटरी बनाने के सम्बन्ध में दिए गए बयान के विरोध में किया गया। मौके पर झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के लिए आंदोलनकारियों ने पचासों साल की लड़ाई लड़ी है। कितने लोग शहीद हुए, तब जाकर झारखंड बना है। भाजपा सांसद के जरिये यूनियन टेरिटरी बनाने का बयान बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है, हमारे हृदय स्थली संथाल परगना को झारखंड से अलग करना चाहते है। ये इनकी झारखंड विरोधी मानसिकता को दशार्ता है। केवल राजनीति करने के लिए उनके ये बयान आ रहे हैं। भारत के बॉर्डर के अंदर चाइना आ रहा है, भाजपा के ही शासित राज्य असम बॉर्डर पर भी घुसपैठ हो रहा है।

### कमल भूषण के एकाउंटेंट की हत्या के मामले में छोटू कुजूर को नहीं मिली जमानत

**रांची ।** जमीन कारोबारी सह बिल्डर कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या का आरोपित छोटू कुजूर को मंगलवार को विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने जमानत देने से इनकार कर दिया। मामले में कमल भूषण का दामाद राहुल कुजूर, राहुल के पिता डब्ल्यू कुजूर, मां सुशीला कुजूर, पत्नी यामिनी, चाचा छोटु कुजूर सहित दस लोग आरोपी हैं। उक्त लोगों में अधिकतर आरोपी वर्तमान में जेल में हैं। एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या के लिए राहुल कुजूर व डब्ल्यू कुजूर ने शूटरों को सुपारी दी थी। पांच जुलाई 2023 संजय कुमार अपने ऑफिस से घर लौट रहे थे उसी समय देवी मंडप रोड स्थित काली मंदिर के पास घात लगायें शूटरों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी थी। वह कमल भूषण हत्याकांड में गवाह भी थे। उल्लेखनीय है कि मई 2022 में कमल भूषण की हत्या ग्लैक्सिया मॉल के पास गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

### राज्यसभा में जदयू का संसदीय सचेतक नियुक्त होने पर खीरू महतो को दी बधाई



**रांची ।** प्रदेश जदयू अध्यक्ष एवं सांसद खीरू महतो को राज्यसभा में पार्टी का संसदीय सचेतक नियुक्त करने पर प्रदेश जदयू नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। साथ ही पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा में पार्टी के नेता संजय कुमार झा के प्रति आभार प्रकट किया है। बधाई देने वाले नेताओं में डॉ आफताब जमिल, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सागर कुमार, पिंटू सिंह, संजय सिंह, दुष्यंत पटेल, आशा शर्मा, संतोष सोनी, अखिलेश राय, दीपनारायण सिंह, लालचन महतो, उपेंद्र सिंह सहित अन्य शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि राज्यसभा में जदयू के नेता और पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा के जरिये प्रदेश जदयू अध्यक्ष एवं सांसद खीरू महतो को राज्यसभा में पार्टी का संसदीय सचेतक नियुक्त किया गया है। इस संबंध में उन्होंने उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र प्रेषित कर सूचित किया है।

### रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने मंत्री से की मुलाकात



**रांची ।** रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने मंगलवार को ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी से झारखंड मंत्रालय में मुलाकात की। उन्होंने सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के सिल्ली, सोनाहातु और राहे प्रखंड के कुल 12 सड़क एवं पुल के निर्माण की मांग की।
जिलाध्यक्ष डॉ महतो ने विभागीय मंत्री को अवगत कराया कि पिछले दिनों जिला कमेटी की ओर से तीनों प्रखण्डों में जन सहायता शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें इन जर्जर सड़क और पुल के निर्माण कराने का लिखित आग्रह स्थानीय ग्रामीणों के जरिये किया गया था। इनके निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी से निजात मिलेगा। जिलाध्यक्ष की मांग पर मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को सरकार गंभीरता से लेगी। इन ग्रामीण पथ और पुलों के निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर करायेगी। मंत्री ने विभाग के सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि इन पथ और पुल के निर्माण के लिए यथाशीघ्र डीपीआर बनाया जाए। जल्द ही स्थानीय ग्रामीणों की मांग पूरी होगी।

## एक नजर

### भाजपा नेता की भतीजी से बाइक सवार लूटरों ने 2 लाख 40 हजार रूपए की लूटा

**रामगढ़।** शहर के बिजुलिया में 30 जुलाई को दिनदहाड़े एक युवती से बाइक पर सवार लूटरों ने 2 लाख 40 हजार रूपए लूट लिया और फरार हो गए । मामले के सम्बन्ध में बताया जाता है की भाजपा नेता रंजन फौजी की भतीजी मंगलवार को मेन रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया के शाखा से 2 लाख 40 हजार रूपए निकालकर वापस लौट रही थी। उसी दौरान बाइक पर सवार लूटरे उसका पीछा कर रहे थे। युवती जब बिजुलिया पहुंची तो लूटेरे युवती के पास से बैंक से निकाले हुए रूपए लूटकर फरार हो गए। लूटेरों की संख्या दो बतायी जा रही है। बाइक लूटरे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गए हैं। इधर घटना की जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने युवती से घटना की जानकारी ली। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना में शामिल अपराधियों की तलाश कर रही है।

### ग्रामीणों ने हिरण का रेस्क्यू कर वन विभाग को सौंपा

**रामगढ़।** नगर परिषद अंतर्गत कुरूम में मंगलवार को अहले सुबह एक हिरण का बच्चा भटककर पहुंचा. जिसके बाद वह एक कुआँ में गिर गया. जहां से ग्रामीणों ने उसे बाहर निकला. इसके बाद हिरण का बच्चा पुनः दूसरे कुआँ में गिर गया. जहां से ग्रामीणों ने उसे बाहर निकलकर वन विभाग को सूचना दी. वन विभाग की टीम के पहुंचने पर ग्रामीणों ने हिरण का बच्चा टीम को सौंप दिया. हिरण के बच्चे को कुआँ से बाहर निककने में गौतम सिंह,मंटू सिंह, उज्जवल सिंह, रामी मुंडा, छोटू मुंडा, बल्लू सिंह, रौशन सिंह, अनुभव कुमार, गुलान आदि ने योगदान दिया.

### 16 से 22 अगस्त तक मनाया जाएगा संस्कृत सप्ताह

**रामगढ़।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे झारखंड में 16 से 22 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह का आयोजन संस्कृत भारती द्वारा झारखंड के सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों, महाविद्यालय ,विश्वविद्यालयों में किया जाएगा। संस्कृत सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिनमें भाषण , गीत, संगीत, नाटक प्रतियोगिता शामिल हैं। प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को संस्कृत भारती द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इसकी जानकारी मंगलवार को संस्कृत भारती की डॉ सुनील कुमार कश्यप के आवास प्रतिमा कश्यप सदन प्राचीन शिव मंदिर कैथा के निकट आयोजित बैठक में दी गई। बैठक में मुख्य रूप से गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय के संस्कृत शिक्षक पृथ्वीराज सिंह,उत्क्रमित उच्च विद्यालय चटाक के संस्कृत शिक्षक जयकरण महतो, आशुतोष चटर्जी ,दुर्गेश नंदिनी ,नितिन कुमार ,चंदन कुमार, कुमारी प्रतिमा उपस्थित थे। बैठक में बताया गया की प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 16 से 22 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह संस्कृत भारती द्वारा मनाया जाएगा।

भारत मिशन पर दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण संपन्न, मनीष ने कहा

# बच्चों को बुनियादी साक्षरता व भाषा ज्ञान से अवगत कराना है




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड संसाधन केंद्र अंतर्गत विभिन्न विद्यालय के शिक्षकों का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण बुनियादी विद्यालय बेलकपी में मंगलवार को संपन्न किया गया। इस निमित बैच वन और बैच 2 में कुल 60 शिक्षक प्रशिक्षण के लिए शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रूम टू रीड के कोऑर्डिनेटर मनीष कुमार लाल, प्रशिक्षक स्वामी राम तीरथ, छत्रु प्रसाद महतो, प्रताप कुमार व मनोज मंडल प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे। वहीं मनीष कुमार ने बताया कि अगले बैच का प्रशिक्षण 31 जुलाई से दो बैच बनाकर प्रारंभ किया जाएगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य क्लास वन और टू के बच्चों को बुनियादी साक्षरता व भाषा ज्ञान के अलावे अन्य समस्याओं पर विस्तृत रूप से प्रशिक्षण देना रहा। प्रशिक्षण पाकर शिक्षक काफी उत्साहित दिखे। वहीं संकूल साधन सेवी रामकृष्ण पांडेय के द्वारा प्रशिक्षण का अनुश्रवण किया गया तथा शिक्षकों को प्रशिक्षण से संबंधित कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए ।उन्होंने कहा कि आप सब यहां जिस प्रकार से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, उसे अपने-अपने विद्यालय में बच्चों को इसी प्रकार से भाषा से संबंधित ज्ञान, किताब पढ़ने का ज्ञान तथा अक्षर और वर्ण को समझने में भरपूर सहयोग करें। इससे बच्चे वर्ग 3 ,4 व 5 में पुस्तकों को अच्छी तरह से धारा प्रवाह पढ़ व समझ सकेंगे। वहीं उपस्थित प्रशिक्षकों ने बच्चों के शिक्षा के सुदृढीकरण करने के लिए कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए ।मौके पर संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय बरकट्ठा, कन्या मध्य विद्यालय बरकट्ठा, मध्य विद्यालय कपका तथा मध्य विद्यालय कलहाबाद के शिक्षक उपस्थित थे।

युवा कांग्रेस ने लॉन्च किया हर घर खटाखट कार्यक्रम

## सरकारी योजनाओं की जानकारी और संगठन को मजबूत करेगी युवा कांग्रेस : मनोहर यादव



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** विधानसभा के बरही प्रखंड अंतर्गत करसो में युवा कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रीय समय में प्रशांत तिवारी बरही पहुंचे। युवा कांग्रेस के पदाधिकारी से मिलते हुए उन्होंने कहा कि हर घर खटाखट कार्यक्रम के तहत युवा कांग्रेस के सभी कार्यक्रम झारखंड की 10 योजनाओं की जानकारी जनता को देंगे एवं बताएंगे कि किस प्रकार से झारखंड में कांग्रेस गठबंधन की सरकार ने सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का कार्य किया है। विधानसभा अध्यक्ष मनोहर यादव ने कहा कि युवा कांग्रेस के सभी पंचायत और वार्ड में जाकर सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं को बताएंगे जिसमें सरकार के द्वारा महिलाओं को सर्वपेंशन योजना 200 यूनिट बिजली मुक्त, 2 लाख रुपए तक किसानों का ऋण माफी, अबूआ आवास योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, सोना सोबरन साड़ी धोती योजना, मुख्यमंत्री बहन बेटी स्वावलंबन योजना सहित सभी कल्याणकारी योजना को घर-घर तक पहुंचाने का काम करेंगे। कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष जमुना यादव ने कहा कि यह योजना काफी शानदार है। इस योजना को घर-घर तक पहुंचने से ही कांग्रेस की जीत पक्की होगी। प्रखंड अध्यक्ष मंदिर यादव ने कहा कि हम पूरी टीम को लेकर इस योजना को घर-घर तक पहुंच कर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करेंगे।

### विधायक ने मंत्री से बरही अवर निबंधक का तबादला रद्द करने की मांग की

**बरही।** विधायक उमाशंकर अकेला मंगलवार को विधानसभा सत्र के दौरान अल्पसंख्यक कल्याण, नगर विकास एवं आवास विभाग, पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद युवा कार्य निबंधन विभाग मंत्री हफीजुल हसन से मुलाकात कर लिखित ज्ञापन देकर मांग किया है कि बरही अवर निबंधक बिकास कुमार का तबादला रद्द किया जाए। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मंत्री को अवगत करवाया है कि बरही काफी बड़ा अनुमंडल क्षेत्र है। जिसमें बरही, चौपारण, पदमा, बरकट्ठा, चलकुशा जैसे पांच बड़े बड़े प्रखंडों का एक इकलौता निबंधन कार्यलय बरही में स्थित है। जिसके निबंधन पदाधिकारी विकास कुमार का तबादला कोडरमा जिला निबंधन पदाधिकारी के रूप में हो गया है, जबकि बरही अवर निबंधक पदाधिकारी के रूप में किसी को पदस्थापित नहीं किया गया है। जिसे लेकर बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने मांग किया है कि अवर निबंधक पदाधिकारी बरही विकास कुमार का तबादला रद्द किया जाए अन्यथा अतिरिक्त प्रभार देकर उन्हें अवर निबंधक पदाधिकारी बरही के रूप में कार्य करने की जिम्मेवारी दी जाए।

सदन में गूंजा जवाहर घाट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का मामला

# स्थानीय को रोजगार व सरकार को राजस्व की होगी प्राप्ति : विधायक



नवीन मेल संवाददाता। बरही स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला ने झविस के पटल पर जोरदार तरीको से जवाहर घाट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की बात रखी. उन्होंने पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री से प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जानेवाला जवाहर घाटी को पर्यटक स्थल में विकसित करने के संबंध में सवाल किया. जिसका मंत्री ने सकारात्मक जवाब देते हुए जवाहर घाटी को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की सभी मापदंडों को उचित बताया. विधायक के कब तक के सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि प्रश्नाधीन स्थल पर्यटक स्थल के रूप में अधिसूचित नहीं है. जिसे जिला पर्यटन संवर्धन परिषद व राज्य पर्यटन संवर्धन समिति की अनुशंसा पश्चात ही संबंधित मंत्रालय उक्त स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में अधिसूचित कार्य है. जिसके पश्चात उक्त स्थल के विकास हेतु राशि उपलब्ध कराई जाती है. विभागीय पत्रांक 1139 दिनांक 25.07.2024 को उक्त क्षेत्र को पर्यटक स्थल के रूप में घोषित करने का प्रस्ताव जिला पर्यटन संवर्धन परिषद के समक्ष विचारार्थ रखने के लिए उपायुक्त सह अध्यक्ष, जिला पर्यटन संवर्धन समिति हजारीबाग एवं कोडरमा को निर्देशित किया गया है. इस संबंध में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद द्वारा प्रस्ताव विभाग को भेजने की कार्रवाई की जा रही है. विधायक श्री अकेला ने कहा कि जवाहर घाट के पर्यटन के रूप में विकसित होने से क्षेत्र के विकास के साथ स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा और राज्य सरकार को भी राजस्व की प्राप्ति होगी.

## जवाहर घाटी को पर्यटन के रूप में विकसित करने की मांग, हास्यास्पद : रमेश



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** झविस के मॉनसुन सत्र में स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने सदन में जवाहर घाटी को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की आवाज उठाई है. विधायक के इस बयान को बरही के भाजपाइयों ने यहां की जनता को दिग्भ्रमित करने वाला बताया है. मामले को लेकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम और बरही पूर्वी उप मुखिया मनोज उपाध्याय ने एनएच आईबी में संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर विधायक के इस मांग को हास्यास्पद और जनता को दिग्रभ्रमित करने वाला बताया है. भाजपा नेताओं ने कहा कि वेलोग भी जवाहर घाटी को पर्यटन के रूप में विकसित करने के पक्ष में है.

सांसद ने राज्य के किसानों की आवाज को लोकसभा में किया बुलंद

# कृषि मंत्री ने दिया जवाब, कहा-किया जा सकता है कोल्ड स्टोरेज का निर्माण



> कुसुम योजना में सोलर पंप का प्रोविजन किया गया है लेकिन इसके साथ अगर बोरिंग का प्रोविजन किया जाए तो बेहतर होगा

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल क्षेत्र के जनहित के मुद्दे को लेकर लोकसभा के बजट सत्र में मुखरता से सरकार का ध्यान आकृष्ट करा रहें हैं। मंगलवार को सांसद मनीष जायसवाल ने लोकसभा में किसानों से जुड़ी समस्याओं को रखते हुए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र समेत झारखंड के लाखों किसानों के लिए कोल्ड स्टोरेज की उपलब्धता, उनका विस्तार और कुसुम योजना के अंतर्गत बोरिंग को भी जोड़े जाने की अति महत्वपूर्ण मांग सरकार के समक्ष रखा। अपनी बात रखते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि अध्यक्ष मैं कृषि मंत्री और प्रधानमंत्री का बहुत आभार व्यक्त करता हूं कि कृषि आधारभूत संरचना योजना के तहत देश के किसानों को बड़ी राहत दिया है लेकिन मेरा एक सुझाव है जो आपके माध्यम से कृषि मंत्री तक पहुंचाना चाहता हूं। सांसद मनीष जायसवाल ने आगे कहा कि कुछ सिलेक्टिव एरिया जैसे हमारे झारखंड में टमाटर की खेती बहुतायात होती है विशेषकर हजारीबाग में टमाटर और धनिया की खेती बहुत होती है। टमाटर की सेल्फ लाइफ बहुत कम है। ऐसे में व्यक्तिगत किसान और किसानों के छोटे समूह को छोटे-छोटे कोल्ड स्टोरेज का इनकॉरपोरेशन किया जाय तो किसानों को फायदा होगा। साथ ही कुसुम योजना में सोलर पंप का प्रोविजन किया गया है लेकिन इसके साथ अगर बोरिंग का प्रोविजन किया जाए तो किसानों के लिए हितकर साबित होगा। सांसद मनीष जायसवाल के मांग पर पहल करते हुए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सदन पटल पर उन्हें जवाब देते हुए कहा कि इस योजना के अंतर्गत कोल्ड स्टोरेज का निर्माण किया जा सकता है। निजी निवेशक, एफपीओ किसान के समूह एवं स्वयं सहायता समूह कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कर सकते हैं जिससे उनके टमाटर और अन्य फसल सुरक्षित रह सकेंगे ।

## बुनियादी विद्यालय बेलकपी में निपुण भारत मिशन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न




**बरकट्ठा।** प्रखंड संसाधन केंद्र अंतर्गत विभिन्न विद्यालय के शिक्षकों का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण बुनियादी विद्यालय बेलकपी में मंगलवार को संपन्न किया गया।इस निमित बैच वन और बैच 2 में कुल 60 शिक्षक प्रशिक्षण हेतु शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रूम टू रीड के कोऑर्डिनेटर मनीष कुमार लाल,प्रशिक्षक स्वामी राम तीरथ, छत्रु प्रसाद महतो, प्रताप कुमार व मनोज मंडल प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे। वहीं मनीष कुमार ने बताया कि अगले बैच का प्रशिक्षण 31 जुलाई से दो बैच बनाकर प्रारंभ किया जाएगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य क्लास वन और टू के बच्चों को बुनियादी साक्षरता व भाषा ज्ञान के अलावे अन्य समस्याओं पर विस्तृत रूप से प्रशिक्षण देना रहा। प्रशिक्षण पाकर शिक्षक काफी उत्साहित दिखे। वहीं संकूल साधन सेवी रामकृष्ण पांडेय के द्वारा प्रशिक्षण का अनुश्रवण किया गया तथा शिक्षकों को प्रशिक्षण से संबंधित कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए । उन्होंने कहा कि आप सब यहां जिस प्रकार से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं ,उसे अपने-अपने विद्यालय में बच्चों को इसी प्रकार से भाषा से संबंधित ज्ञान, किताब पढ़ने का ज्ञान तथा अक्षर और वर्ण को समझने में भरपूर सहयोग करें । इससे बच्चे वर्ग 3 ,4 व 5 में पुस्तकों को अच्छी तरह से धारा प्रवाह पढ़ व समझ सकेंगे। वहीं उपस्थित प्रशिक्षकों ने बच्चों के शिक्षा के सुदृढीकरण करने हेतु कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए ।मौके पर संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय बरकट्ठा, कन्या मध्य विद्यालय बरकट्ठा, मध्य विद्यालय कपका तथा मध्य विद्यालय कलहाबाद के शिक्षक उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### वन विभाग ने 62 टन अवैध कोयला लदे दो ट्रकों को किया जब्त, प्राथमिकी दर्ज




**बरही।** बीते रात्रि एसीएफ एके. परमार के नेतृत्व में वन विभाग के अधिकारियों ने छापेमारी करते हुए 62 टन अवैध कोयला लदा दो ट्रक जब्त किया है। उक्त जानकारी रेंजर कमलेश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि विभाग को जानकारी मिली थी कि कोयला तस्कर हजारीबाग से डेहरी ऑन सोन की ओर कोयला ले जा रहे है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए छापेमारी प्रारंभ की गई। इसी क्रम में एनएच 33 इटखोरी मोड़ के पास कोयला लदा दो ट्रक संख्या जेएच 2 एएफ 0249 और जेएच 02 एपी 0369 जब्त किया गया, परंतु चालक फरार हो गया। दोनो ट्रकों पर 31-31 टन कोयला लदा था, जिसका कोई भी कागजात नही था। जब्त किए गए ट्रक को वन विभाग परिसर बरही लाया गया और वाहन मालिक और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। छापेमारी दल में एसीएफ, रेंजर कमलेश सिंह, बरही, पदमा, बरकट्ठा के फॉरेस्टर और सिपाही मौजूद थे।

### गंगटियाही के आर्यन ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के झुरझुरी पंचायत अंतर्गत गंगटियाही निवासी आर्यन कुमार यादव 14 वर्ष, पिता कुलदीप यादव (सहायक अध्यापक) डीएवी पब्लिक स्कूल बरही का छात्र ने रामगढ़ में खेले गए जिला स्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। आर्यन ने अंकित कुमार और सिद्धार्थ शोरया डीएवी पब्लिक स्कूल बरेय नगर, रामगढ़ को हराकर प्रतियोगिता पर कब्जा जमा लिया। विदित हो कि इस प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न विद्यालय के बच्चे शामिल हुए थे । प्रतियोगिता जीतने के बाद क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। वहीं आर्यन ने बताया की प्रतियोगिता जीतने के लिए हमने पिछले कई वर्षों से कड़ी मेहनत किया। इसके लिए मैं सारा श्रेय अपने गुरुजनों और अभिभावकों को देता हूं।

### बेलकप्पी मुखिया ललीता देवी ने विकास योजनाओं का किया उद्घाटन, ग्रामीणों में हर्ष



**बरकट्ठा।** बेलकप्पी पंचायत अंतर्गत बेलकप्पी तालाब में दो स्थान पर (पासवान टोला एवं पांडेय टोला के समीप) सीढ़ी निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। निर्माण कार्य मुखिया ने 15वीं वित्त के मद राशि 2लाख 50 हजार से कराया। मौके पर मुखिया ललीता देवी ने कहा कि मेरा उद्देश्य पंचायत अंतर्गत जनता के हित व मूल सुविधा को देखते हुए विकास करना है। विदित हो कि उक्त स्थान पर सीढ़ी नही होने के कारण लोगों को नहाने धोने एवं अन्य कार्य मे असुविधा हो रही थी। सीढ़ी बन जाने के बाद ग्रामीणों ने मुखिया के प्रति आभार प्रकट किया एवं धन्यवाद दिया। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी सह प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय, समाजसेवी ज्ञानदीप पाण्डेय, चंद्रदेव पासवान, बबलू पांडेय, सागर पासवान, तुलसी दास, अमर पांडेय, बबलू पासवान, शंकर पासवान, रिंकू पासवान, मंजू देवी, हेमंती देवी, नन्हकी देवी, गुड़िया देवी, मालती देवी, सारो देवी, सोनमतिया देवी, अनार देवी, बसवा देवी, तेजनी देवी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### अवैध बालू भंडारण के खिलाफ सीओ ने की छापेमारी, काफी मात्रा में बालू बरामद



**बरही ।** राज्य में एनजीटी लागू है, बाबजूद बालू का उठाव और भंडारण धड़ल्ले से जारी है. बरही प्रखंड में भी बालू के भंडारण और परिवहन की शिकायते कई दिनो से आ रही थी. जिसे संज्ञान में लेते हुए बरही अंचलाधिकारी राम नारायण खलखो ने मंगलवार की अहले सुबह रसोईया धमना में छापेमारी कर अवैध बालू का भंडार पकड़ा. सीओ ने बताया कि बालू भारी मात्रा में है, इस संबंध में गहन छान बीन किया जा रहा है. शीघ्र ही बालू भंडारण के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई जायेगी. समाचार लिखे जाने तक मामले को लेकर किसी की भी गिरफ्तारी या कारवाई को उन्होंने स्पष्ट नही किए है. उन्होंने कहा कि प्रदेश में एनजीटी लगा हुआ है, ऐसे में बालू का निकासी एवं भंडारण बंद है, अगर किन्ही के द्वारा बालू का अवैध भंडारण किया जाता है तो उनके खिलाफ कार्यवाही किया जाएगा.

### युवा समाजसेवी रितेश खंडेलवाल के निवास स्थान पर महारुद्राभिषेक का हुआ आयोजन



**हजारीबाग।** सावन प्रारंभ होते ही चारों तरफ भक्ति भाव का माहौल देखने को मिल रहा है सावन की दूसरी सोमवारी के शुभ अवसर पर जैन मंदिर रोड स्थित संस्कार एनक्लेव स्थित युवा समाजसेवी रितेश खण्डेलवाल के निवास स्थान पर महा रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया, मुख्य यजमान के रूप में रितेश खंडेलवाल के पिता सुरेंद्र खंडेलवाल एवं उनकी माताजी शारदा खण्डेलवाल रही,वही उनके साथ प्रमोद खंडेलवाल, विनीता प्रमोद खण्डेलवाल,रितेश खण्डेलवाल,सोनाली खण्डेलवाल सहित परिवार के सदस्यों के द्वारा पूजा किया गया, पुजारी के रूप में दीपेंद्र नाथ पांडे उर्फ दीपक एवं मनीष कुमार पांडे के द्वारा पूजा अर्चना संपन्न कराया गया। सर्वप्रथम सबसे पहले गणेश पूजा के साथ महारुद्राभिषेक की पूजा प्रारंभ हुई इसके बाद जल और दूध की अभिषेक के साथ महादेव की पूजा में पूरा परिवार श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना संपन्न किया इस अवसर पर शहर के कई समाजसेवी रितेश खंडेलवाल के निवास स्थान पहुंच कर महादेव की पूजा अर्चना में सम्मिलित हुए और सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना किए।

सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व छात्र परिषद कोर कमेटी का हुआ विस्तार

# सरस्वती विद्या मंदिर में शिक्षा ग्रहण करने से हमें अपनी संस्कृति की मिलती है जानकारी : प्रवीण



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व छात्र परिषद की बैठक मंगलवार को विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व छात्र परिषद के संयोजक प्रवीण कुमार सोनू ने एवं संचालन सह संयोजक आलोक कुमार अग्रवाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य वरुण चौधरी एवं विद्यालय के आचार्य सह पूर्व छात्र परिषद के समन्वयक दिनेश महतो उपस्थित थे। बैठक में संयोजक प्रवीण कुमार सोनू ने कहा कि हम सभी के लिए यह सौभाग्य है कि हमारी पढ़ाई सरस्वती विद्या मंदिर से हुई है। जहां हमें पढ़ाई के साथ-साथ अपने संस्कृति के बारे में विद्यालय से सीखने को मिला है। यह हम सभी के लिए बहुत ही सुनहरा अवसर रहा है कि हमलोगों का शिक्षा पूरा होने के उपरांत भी पूर्व छात्र परिषद के संगठन के माध्यम से विद्यालय में जुड़े रहने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्व छात्र परिषद द्वारा लगातार सामाजिक एवं संगठन के निर्देशानुसार कार्यक्रमों को किया जा रहा है और इसे सशक्त रूप से मजबूती प्रदान करते हुए आज विद्यालय स्तर पर पूर्व छात्र परिषद के कोर कमेटी का भी विस्तार किया जा रहा है। जिससे आने वाले समय में पूर्व छात्र परिषद रामगढ़ पूरे प्रदेश ही नहीं बल्कि अपने देश में अव्वल स्थान पर रह सकेगा।

## शेफाली गुप्ता ने नगर निगम क्षेत्र का किया दौरा, सुनी समस्याएं



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सदर विधानसभा के नगरनिगम क्षेत्र के वार्ड नं 23 कदमा में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने मंगलवार को सघन दौरा किया। लोगों से मिलकर जनसमस्याओं से रूबरू हुई। इस दौरान कदमा पोस्ट ऑफिस के निकट देवी मंडप में जन चौपाल एवं संकलन कैंप लगाकर प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दिया। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजनाओं की जानकारी दिया। इस अवसर पर राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन एवं विधवा पेंशन सहित कई जनसमस्याएं सुनी। केंद्रीय योजनाओं से संबंधित समास्याओं पर जल्द समाधान करने का ग्रामीणों को भरोसा दिया। इस दौरान अन्य मुलभुत समास्याओं की निराकरण में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर कदमा वासियों ने जरूरतमंदों की समास्याओं से रूबरू होने के लिए भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता का आभार जताया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कदमा वासियों को संबोधित कर कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है।

## एक नजर

### मतदाता पुनरीक्षण को लेकर आयुक्त ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के निमित्त मतदाता सूची प्रवेक्षक सह आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने मरकच्चो प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरकच्चो प्रखंड के उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुर्कमानय स्थित मतदान केंद्र संख्या 365, उत्क्रमित मध्य विद्यालय खेशमी स्थित मतदान केंद्र संख्या 374 व 376, राजकीय मध्य विद्यालय बिचरिया स्थित मतदान केंद्र संख्या 385 व 388 केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ व सुपरवाइजर से फार्म 6,7 और 8 का कलेक्शन को लेकर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि छुटे हुए सभी मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि घर घर जाकर मतदाताओं का सर्वे करे और उनके घर कोई मतदाता नही छुटे का स्टीकर लगायें।

### सुपरवाइजर और बीएलओ की मॉनिटरिंग करेंगे सभी एईआरओ : सुमन

**कोडरमा।** परिसदन सभागार कोडरमा में मंगलवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम- 2024 को लेकर मतदाता सूची प्रेक्षक सह उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग की आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा की अध्यक्षता में ईआरओ, उप निर्वाचन पदाधिकारी और सभी एईआरओ संग बैठक हुई। मतदाता सूची प्रेक्षक सह आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

# सिमडेगा उपायुक्त ने जिला पंचायती राज एवं जिला परिषद के कार्यों की समीक्षा की

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत राज एवं जिला परिषद की समीक्षा बैठक हुई।बैठक में उपायुक्त ने जिला पंचायत शाखा अंतर्गत डिजिटल पंचायत से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान पंचायत सचिव के पदस्थापन, पंचायत स्तरीय कर्मियों के बायोमैट्रिक की उपस्थिति, पंचायत स्तर पर जन्म-मृत्यु प्रमाण निर्गत करने, पंचायत स्तर पर झारसेवा अन्तर्गत दी जाने वाली सेवाओं, पंचायत भवन से मनरेगा संबंधी कार्यों का निष्पादन, पंचायत स्तरीय कर्मियों का रोस्टर अनुपालन, 15 वें आयोग अंतर्गत व्यय, पंचायत भवन में मूलभूत सुविधा एवं अन्य बिंदुओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



### उपायुक्त ने की झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की संबंधित बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त महोदय ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के सभी प्रखंडों एवं नगर क्षेत्र अंतर्गत सुचारू रूप क्रियान्वयन की दिशा में संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचलाधिकारी सदर एवं नगर परिषद् प्रशासक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि दिनांक- 03अगस्त से ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत भवन तथा शहरी क्षेत्र में वार्ड अंतर्गत बूथ पर कैंप का आयोजन कर झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के आवेदन प्राप्त करने एवं इसे ससमय ऑनलाइन करने की कार्रवाई करें। प्रखंड विकास पदाधिकारी के पर्यवेक्षण/निगरानी में आंगनबाड़ी सेविका के माध्यम से सुनिश्चित कराने की बात कहीं।

### उपायुक्त की मौजूदगी में हिल व्यू पब्लिक स्कूल में किया गया पौधरोपण

**सिमडेगा।** केंद्र सरकार द्वारा चलाए गए अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत मंगलवार को शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत हिल्वियू पब्लिक स्कूल के तरुमित्र क्लब की ओर से खिजरी पहाड़ पर सिमडेगा जिला उपायुक्त अजय कुमार सिंह के द्वारा पौधरोपण किया गया। उपायुक्त ने कहा वर्तमान में मानव जीवन पर पर्यावरण प्रदूषण सबसे बड़ा संकट बनकर आया है। ऐसे में आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण को अनुकूल बनाने में हर व्यक्ति को अपने आसपास एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए।

### चीक बड़ाईक, लोहरा, डोमरा, भुइयां, तुरी, घांसी सामज के लोगों का

# आसानी से बनाया जाये जाति प्रमाणपत्र : विधायक भूषण बाड़ा




**सरकारी कर्मचारियों की गलती के कारण आज ये सभी समाज अपने ही राज्य में अपने हक और अधिकार से वंचित होते जा रहे हैं**

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा सत्र में चीक बड़ाईक, लोहरा जनजातीय समाज के अलावे डोमरा, घांसी, तुरी एवं भुइयां समाज के जाति प्रमाण पत्र बनवाने में हो रहे परेशानी को दूर करने की मांग विधानसभा सत्र में की है। विधायक ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों की गलती के कारण आज ये सभी समाज अपने ही राज्य में अपने हक और अधिकार से वंचित होते जा रहे हैं। विधायक ने मानसून सत्र के शून्यकाल में कहा है कि चीक अथवा चीक बड़ाईक, लोहार अथवा लोहरा दोनों एक ही समाज है। तथा दोनों समाज अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में आता है। लेकिन पूर्व की सरकार की गलती के कारण इन दोनों समाज का जाति प्रमाण पत्र बनवाने में भारी परेशानी हो रही है। जबकि पूर्व में इस दोनों जाति का आसानी से जाति प्रमाण पत्र बनता था। लेकिन इनके खतियान में कुछ त्रुटि हो गई। जिस कारण इस समाज के लोगों को भारी परेशानी हो रही है। विधायक ने कहा है कि घांसी, डोम अथवा डोमरा, भुइयाँ एवं तुरी समाज के लोगों का भी जाति प्रमाणपत्र बनवाने में भारी परेशानी हो रही है। पर इस दिशा में न पूर्व की सरकार गंभीर हुई और न ही सरकारी अधिकारी। पूर्वर्ती सरकार की गलती के कारण आज एक एक कर कई समाज जाति प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर काफी परेशान है। कई स्थानों में तो चीक बड़ाईक, लोहरा, डोमरा, भुइयां, तुरी, घांसी सामज के लोगों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है। विधायक ने कहा कि इन समाज के खतियान में दर्ज त्रुटि को शिविर लगाकर सुधार करने की जरूरत है।

## बाहरी को नौकरी दे रही सरकार : अजय एक्का



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**

ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी वक्तव्य का सोसल मीडिया पर वायरल हो रहे विडियो पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड सरकार बाहरियों को नौकरी और झारखंडियों को भीख दे रहे हैं। विडियो में कोलेबिरा विधायक द्वारा झारखंड के लोगों के विषय में कहा गया कि लोग पच्चास साल उम्र के बाद निकम्मा हो जाते हैं इसलिए सरकार बैल चराने के लिए हर महीने 1000 रुपए देगी वहीं विधायक द्वारा झारखंड के बहु-बेटियों के बारे कहा गया कि 21 साल से 59 साल के उम्र वाले सभी बेटी बहुओं को गाय बैल चराने के लिए प्रति महिने 1000 रुपए देगी। विधायक के वक्तव्य पर जिप सदस्य ने प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि विधायक जी का इस तरह का बेतुका व्यान झारखंड के आदिवासी - मूलवासी के न केवल नींदनीय है बल्कि ये अपमान जनक है। आज के समय में झारखंड की बेटियां खेल के क्षेत्र में कप्तानी कर रहे हैं, काई लोग डॉक्टर, इंजिनियर, पायलट, मिलिट्री इत्यादि जगह पर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं वैसे समय में विधायक जी हमारे बहु-बेटियों को बैल चराने का निर्देश दे रहे हैं, वहीं विधायक जी के विधानसभा क्षेत्र के अंदर 60 साल उम्र तक के लोग काई महत्वपूर्ण काम रहें हैं लोग मेहनत मजदूरी भी करते हुए अपने बाल बच्चों को पढ़ा रहे हैं लेकिन विधायक जी निकम्मा साबित करने में लगे हुए हैं। विधायक जी का इस तरह का व्यान आदिवासी - मूलवासी समाज के प्रति ओछी मानसिकता को दशार्ता है।सरकार के माईयां सम्मान योजना अपने पांच साल के विफलता को छुपाने का नाकाम कोशिश है। नगर विकास एवं आवास विभाग की नियुक्ति में अट्ठाईस पद् में से केवल दस झारखंडी है बाकी सब यूपी, बिहार, दिल्ली के लोगों को नियुक्ति मिली। सरकार के काई विभागों में मैन पावर प्राईवेट एजेंसी के द्वारा संचालित हो रही है सरकार वहां नियुक्ति क्यों नहीं करती।

## न्यूज बॉक्स

### आनंद भवन धर्मशाला में सात दिवसीय शिव महापुराण कथा यज्ञ शुरू

**सिमडेगा।** सिमडेगा आनंद भवन धर्मशाला में धर्मार्थ समिति द्वारा मंगलवार से आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा यज्ञ शिव चर्चा के प्रथम दिन आनंद भवन में विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्र उच्चार के साथ पूजन अनुष्ठान संपन्न हुआ। इसके पश्चात राम जानकी मंदिर से शिव महापुराण को अपने सर पर रखकर यजमान कथा स्थल तक लाये एवं व्यासपीठ पर स्थापित किया।शिव महापुराण कथा के प्रथम दिन नारद मोह की कथा का श्रवण श्रद्धालुओं ने किया। कथामृत की वर्षा करते हुए आचार्य व्यास वासुदेव गौतम जी महाराज ने सत्य पर प्रकाश डाला। बताया कि सत्य क्या है? कहा कि संसार में सत्य है तो केवल एक परमात्मा और दूसरा कोई नहीं। जिस परमात्पा की इच्छानुसार दैहिक, दैविक और भौतिक तीनों तापों का विनाश होता है, केवल वही सत्य है। प्रथम दिन की कथा के महात्म्य का वर्णन करते हुए आचार्य गौतम जी ने बताया कि किस प्रकार नारद जी ने भगवान से संसार के लोगों के लिए मुक्ति का उपाय पूछा कि कौन सा यत्न करने से संसार के लोगो को मुक्ति मिल सकती है तब भगवान ने बताया कि संसार में केवल भगवान की कथा ही है जो मानव को मुक्ति प्रदान कर सकती है।

### वीर शहीद विद्यापति सिंह व तूराम बिरुली पुलिस पब्लिक फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन



**बानो ।** एस एस हाई स्कूल बानो मैदान बानो में 6वीं शहीद विद्यापति सिंह व तुराम बिरुली पुलिस पब्लिक फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फाइनल मैच छोटु ब्रदर्स मनोहरपुर व आदिवासी क्लब बानो के बीच खेरा गया।जिसमे छोटु बर्दर्स टीम ने 2-0 से जीत कर खिताब पर कब्जा जमाया। इस अधसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे पुलिस निरिक्षक दिनेश प्रजापति व विशिष्ट अतिथि के रूप मे जिला परिषद सदस्य विरजो कडुलना व बानो पंचायत के मुखिया विश्वनथ बडाईक उपस्थित थे ।फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने खेलाड़ियों से हाथ मिला कर व परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर उन्होंने कहा आज हम प्रखण्ड के दो वीर सपूत के याद में हम फुटबॉल मैच का आयोजन करते हैं।उन्होंने आपके रक्षा करते करते अपना जीवन न्योछावर कर दिया आज प्रखण्ड सहित पूरे जिला में शांति का माहौल है। उन्होंने कहा कि खेल को खेल भावना से खेले ।खेल के माध्यम से करियर बनाएं और अपने गांव समाज का नाम रोशन करें विजेता एवं उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके पूर्व शहीद वीर जवानों के चित्र पर सभी अतिथियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया । प्रतियोगिता में मैन ऑफ मैच आलोक कुमार, बेस्ट गोलकीपर नीतीश सुरीन ,मेन ऑफ सीरीज अमित गोप को दिया गया।

### ठेठईटांगर में स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाने का लिया गया निर्णय



**ठेठइटांगर।** प्रखंड सभागार में प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया एवं फुटबॉल मैच बालक बालिका का दौड़ रेस, गोली चम्मच रेस ,बिस्किट रेस, गणित क्विज प्रतियोगिता बंबिंग द सिटी, स्लो साइकिल रेस बालक एवं बालिकाओं का फुटबॉल फाइनल मैच ,स्टाफ एकादश एवं ठेठईटांगर गणमान्य बुद्धिजीवि मैत्री फुटबॉल मैच एवं झंडोतोलन का समय सारणी निर्धारित किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज,उप प्रमुख जोर्जिना समद थाना के एएसआई,जेएसएलपीएस से संदिप ,असफाक आलम, ठेठईटांगर मुखिया संगीता मिंज मुखिया रेणुका सोरेग पंचायत समिति समिति के सदस्य गन ,वार्ड मेंबर, मुमताज आलम, तापेश्वर भगत, पिंटू कुमार तबरेज आलम अरूण कुमार ,राजा आलम,अस्जद अफरिदी,, बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी निलीमा कुजूर, जे,ई, तारिक अंसारी ऑपरेटर कैलाश यादव एवं कमेटी के सदस्य गण उपस्थित थे।

### खेल में हार मिलने पर निराश न होकर आगे के बारे में सोंचे बच्चे: एसपी

**सिमडेगा।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा में पिछले तीन दिनों से चल रहे डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2024 का मंगलवार को समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा एसपी सौरभ विशिष्ट अतिथि विद्यालय के अध्यक्ष शंकर लाल अग्रवाल उपस्थित हुए जहां पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए हॉकी खेल की शुरूआत की। जिसमे डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज और डीएवी सिमडेगा के बीच दो मैच खेले गए । अंडर 14 बालिका वर्ग के मैच में डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा की टीम ने डीएवी डालटेनगंज को 4- 2 के अंतर से पराजित कर विजई टीम रही, वहीं अंडर 17 बालक वर्ग की टीम जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज की टीम ने डीएवी सिमडेगा की टीम को दो जीरो गोल के अंतर से हराकर विजयी टीम बनी। वहीं कार्यक्रम से पूर्व आए हुए अतिथियों का बच्चों द्वारा स्वागत गान एवं क्षेत्रीय नागपुरी नृत्य प्रस्तुत किया गया । प्राचार्य सुजय कुमार मिश्रा ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया इसके बाद एसपी सौरभ ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि खेल पढ़ाई से थोड़ा अलग होता है लेकिन खेल के मैदान में ही सही चरित्र का निर्माण होता है इसलिए बच्चों को हार-जीत से ऊपर उठकर खेल भावना से ही खेल को खेलना चाहिए ।बच्चों को खेल में हार मिलने पर उन्हें निराश न होकर आगे के बारे में सोचना चाहिए।वही मौके पर डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा और डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के टीम के बीच बास्केटबॉल का मैत्री मैच खेला गया विजेता और उपविजेता टीम को एसपी सिमडेगा द्वारा पुरस्कृत किया गया ।

## छोटानागपुर कल्याण निकेतन ने एक वर्ष में तस्करों के चंगुल से मुक्त कराए 35 बच्चे




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

छोटानागपुर कल्याण निकेतन द्वारा सिमडेगा जिले के ठेठईटांगर प्रखंड के राजकीय उत्क्रमितमध्य विद्यालय में विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मानव तस्करी तथा बाल तस्करी को समाप्त करने को लेकर के संकल्प लिया गया । तथा इसके खिलाफ जोरदार आवाज उठाने की बात कही गई। इस संबंध में छोटानागपुर कल्याण निकेतन के आरती कुमारी ने बताया कि उनकी संस्था न्याय तक पहुंच कार्यक्रम का सहयोगी संगठन है। उन्होंने कहा, पिछले एक वर्ष के दौरान हमने विभिन्न स्तरों पर प्रशासन और कानून प्रवर्तन एजेंसियों की मदद और उनकी कार्रवाइयों के नतीजे में ट्रैफिकिंग के पीड़ित 35 बच्चों को मुक्त कराया है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान काफी बदलाव देखने को मिले हैं और यह सुखद है कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने की इस लड़ाई में राज्य और जिला स्तर के सरकारी अधिकारी हर कदम पर हमारे साथ हैं।

## ड्रिल करने के दौरान धंसी मिट्टी, दो की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**

कोडरमा और हजारीबाग की सीमा पर चौपारण के डेंगू पंचायत के करमा गांव में पत्थर खदान में ड्रिल करने के दौरान मिट्टी धंस जाने से घटना में दो लोगों की मौत हो गयी। बताया जाता है कि घटना में मो शमसुद्दीन (35, ) की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। जबकि मनोज भुईंया (32) की मौत कोडरमा सदर अस्पताल में हुई।
बताया गया कि घटना के बाद मनोज को कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।



इसके बाद सूचना पाकर कोडरमा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### सिमडेगा में भू अर्जन कार्यालय से संबंधित कार्यों की हुई समीक्षा

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने पथ चौड़ीकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसकी वर्तमान स्थिति के संबंध में चर्चा की । इस दौरान भू-अर्जन से संबंधित प्राप्त अधियाचना के आलोक में प्रगति कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने तामड़ा - सिकरियाटांड़ - रामरेखा धाम, कोचेडेगा - रामरेखा - छत्तीसगढ़, ठेठईटांगर- बोलबा- केरसई - किनकेल, पालकोट - बिलिंगबिरा- तामड़ा, कोलेबिरा - मनोहरपुर एनएच पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण सहित भारत माला परियोजना से संबंधित कार्य की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने मौजा वार अधिग्रहण संबंधी कार्यों की जानकारी ली। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने बताया कि प्राप्त अधियाचना के तहत धारा -19 की कार्रवाई की जा रही। कई मौजों से अधियाचना अप्राप्त है जिसपर उपायुक्त महोदय ने सभी अंचलाधिकारी को ससमय मामले का निष्पादन सुनिश्चित कराने की बात कहीं।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सिमडेगा शहर में निकाली आक्रोश मार्च




- विगत दिनों भाजपा के सांसद के लोकसभा में दिए गए विवादित बयान पर निकला गया है मार्च
- उक्त बयान से भाजपा ने संसद में अपनी मंशा साफ कर दी है

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

मंगलवार को झामुमो सिमडेगा जिला का कचहरी के पास जुटान हुआ । विगत दिनों भाजपा के सांसद द्वारा लोकसभा में दिए गए विवादित बयान - झारखंड राज्य के अभिन्न अंग संथाल परगना प्रमंडल, बिहार एवं पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों को मिला कर केन्द्रशासित प्रदेश बनाया जाय। इसके खिलाफ में झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा सिमडेगा शहर में आक्रोश मार्च निकाला गया मौके पर कहा गया कि उक्त व्यान से भाजपा ने संसद में अपनी मंशा साफ कर दी है। यह बयान झारखंड एवं झारखंडीयों के लिए विरोधी मानसिकता का परिचायक है। लेकिन हम भाजपा को राज्य को बांटने नहीं देंगे। भाजपा के इस झारखंड विरोधी मानसिकता का झामुमो सिमडेगा द्वारा जोरदार विरोध करते हुए आक्रोश पूर्वक कचहरी से लेकर भट्ठी टोली तक पैदल मार्च करते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कांडूलना, जिला सचिव मो सफीक खान, केद्रीय सदस्य मो शहीद, बिरजो कंडुलना, फिरोज अली, राकेश लकड़ा जिला कोषाध्यक्ष नोवस केरकेट्टा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# विद्यालयों के जर्जर भवन को गिराया जाये : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

कोलेबिरा बिधायक नमन बिकशल कोनगाड़ी ने जिले के सभी बिद्यालयो के जर्जर भवन तथा वैसे विद्यालय जिनका अपना भवन नही होने के कारण पेड़ की छांव में पठन पाठन का कार्य संचालित हो रहा है। उन जगहों के लिए नए भवन की मांग की है।अपने प्रश्न के माध्यम से विधायक ने सरकार से उदाहरण स्वरूप ये सवाल पूछा कि जलडेगा प्रखंड के कुटुंगिया पंचायत के लोमगा टोली में जो राजकियकृत विद्यालय संचालित है वो विद्यालय भवन विहीन है और वहाँ पढ़ने वाले छात्रों को पेड़ के नीचे पठन पाठन का कार्य करना पड़ता है।मौसम खराब होने की स्थिति में किसी दुर्घटना की आशंका से इनकार नही किया जा सकता है। इस सवाल का जबाब देते हुए सरकार ने कहा कि जिस विद्यालय की बात पूछी गई है, उस विद्यालय अपना जमीन नही रहने के कारण विद्यालय भवन का निर्माण कार्य नही हो सका है।
सरकार ने संबंधित पदाधिकारी को विद्यालय के लिए भुमि की व्यस्था करते हुए अविलंब भवन का निर्माण कराने का आदेश जारी किया है।विधायक ने बताया कि जिले के सभी पंचायतों में जितने भी विद्यालय हैं, उनकी संख्या करीब 964 हैं।इन विद्यालयों में जितने जर्जर अवस्था में है और उनमे पठन पाठन का कार्य किया जा रहा है।वैसे बिद्यालय को अविलंब ठीक करें।

### नए अनुमंडल भवन निर्माण कार्य में कोलेबिरा विधायक ने उठाई जांच की मांग

**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी ने सिमडेगा जिला मे बन रहे निमार्णाधीन नये अनुमंडल भवन में अनियमितता का आरोप लगाते हुए विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान आवाज उठाते हुए सदन से कहा सिमडेगा में अनुमंडल भवन का निर्माण भवन निर्माण विभाग से किया गया है विभागीय पदाधिकारी एवं संवेदक के मिली भगत से प्राक्कलन के अनुरूप और ना ही गुणवत्ता को ध्यान रखकर निर्माण कार्य किया जा रहा है।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में सात दिनी शिक्षण सप्ताह कार्यक्रम संपन्न

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हो गया। इसको लेकर सात दिनों तक अलग-अलग गतिविधियां हुई। इसमें टीएलएम डे, एफएल एन डे, स्पोर्ट्स डे, कल्चरल डे, स्किल एंड डिजिटल इनीशिएटिव डे, इको क्लब के मिशन लाइफकार्यक्रम हुए। जबकि कम्युनिटी इन्वॉल्वमेंट डे जैसे कार्यक्रम आयोजन किए गए। अलग-अलग दिनों में बच्चों ने अलग-अलग गतिविधियां हुई। स्पोर्ट्स डे पर कैरम, टेबल टेनिस, चेस, रस्सी कूद जैसी प्रतियोगिताएं हुईं। कल्चरल रैपर बच्चों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों ने बैनर, पोस्टर बनाकर पर्यावरण, जल संरक्षण का महत्व बताया।

### ब्रह्मलीन श्री रामरेखा बाबा की पुण्यतिथि पर

# रामरेखा धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। पाकरटांड**

श्रीरामरेखा धाम में ब्रह्मलीन श्रीरामरेखा बाबा श्री 1008 जयराम प्रपन्नचार्य जी महाराज जी का 17 वीं पुण्यतिथि का तीन दिवसीय कार्यक्रम पूणाहुति के साथ सम्पन्न हो गया। बैकुंठवासी पूज्य श्रीरामरेखा बाबा की पुण्यतिथि कार्यक्रम में पिछले तीन दिनों से अनुष्ठान जारी था.28 को अधिवास पूजन,29 को नाम जप प्रारम्भ और संतो का प्रवचन हुआ। वही मंगलवार को नाम समाप्ति के पश्चात हवन पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पूजन और हवन में यजमान की भूमिका बिरुगढ़ के युवराज और श्रीरामरेखा धाम के संरक्षक कौशल राज सिंह देव ने निभाई। वही महंत अखंडदास जी महाराज के सान्निध्य में पुरोहित भुनेश्वर पण्डा के द्वारा पूर्ण विधि विधान से हवन पूजन सम्पन्न कराया गया।मौके पर कहा गया कि ब्रह्मलीन श्रीरामरेखा बाबा धाम के महंत और एक महान संत थे वे अपने जीवन काल में रामरेखा धाम क्षेत्र में घूम घूम कर धर्म का अलख जलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनका जीवन सभी के लिए एक प्रेरणा है आज धर्म समाज के लिए किये गए उनके कार्यों को श्रद्धा से याद किया जाता।क्षेत्र से और देश के कोने कोने से प्रतिवर्ष पुण्यतिथि पर उनके भक्तों का आगमन होता है और उनको श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।

## लोजपा जिलाध्यक्ष ने एसपी से मुलाकात कर बुके देकर किया स्वागत

**रामगढ़।** लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष केवल पासवान ने पार्टी के जिला प्रधान महासचिव आशीष गुप्ता एवं झारखंड प्रदेश ओबीसी मोर्चा के प्रधान महासचिव उपेन्द्र गुप्ता के साथ सोमवार को छत्तर मांडू स्थित एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी अजय कुमार से मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने एसपी का बुके देकर स्वागत किया। साथ ही एसपी से जिला वासियों के हित में जिले में विधि व्यवस्था में सुधार करने एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की। जिलाध्यक्ष केवल पासवान ने बताया की एसपी ने उनकी बातों को ध्यान पूर्वक सुना और जिले में विधि व्यवस्था में सुधार करने एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई की आश्वासन दिया।

## दुलमी पतखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ने श्रम एवं उद्योग मंत्री से किया शिष्टाचार भेंट

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने झारखंड सरकार के श्रम एवं उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता से शिष्टाचार भेंट किया । भेंट के दौरान उन्होंने मंत्री से क समस्याओं पर चर्चा की । इस क्रम में मजदूरों की समस्याओं, श्रमिकों के वेतन, काम के घंटे, कार्यस्थल की सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित मुद्दों पर चर्चा किया ।रोजगार सृजन, नए उद्योगों की स्थापना और पुराने उद्योगों के पुनरुद्धार के माध्यम से रोजगार के अवसर बढ़ाने के सम्बन्ध में भी चर्चा हुईं ।श्रम कानूनों का पालन, श्रमिक कानूनों के सही तरीके से पालन और श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुईं ।उद्योगों की समस्याएं, औद्योगिक विकास में आ रही बाधाओं , आवश्यक सुविधाओं की कमी और नीतिगत मुद्दों पर चर्चा हुईं ।प्रशिक्षण और कौशल विकास, श्रमिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और कौशल विकास योजनाओं के कार्यान्वयन पर चर्च हुईं । महिला श्रमिकों के मुद्दे, महिला श्रमिकों की सुरक्षा, उनके लिए विशेष सुविधा को लेकर भी चर्च की गई ।

### तिसरी थाना प्रभारी के देर रात की गई कार्रवाई से मचा हड़कंप

# पुलिस ने तिसरी गम्हरियाटांड़ स्थित माईका गोदाम को किया सील

- पुलिस प्रशासन को उक्त गोदाम से माईका स्टोर कर बाहर भेजने की मिली थी सूचना
- विजय बरनवाल नामक व्यक्ति का बताया जा रहा है गोदाम
- लगातार कार्रवाई के बाद भी अवैध कारोबार से बाज नहीं आ रहे हैं माफिया





**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी/(गिरिडीह)**

पुलिस ने अवैध माइका कारोबार के विरुद्ध एक बार फिर कार्रवाई करते हुए सीधे माइका गोदाम में छापेमारी कर उसे सील कर दिया है। छापेमारी तिसरी थाना क्षेत्र के गम्हरियाटांड - इंदरचौक स्थित अवैध माइका गोदाम में की गई है। उक्त गोदाम विजय बर्णवाल नामक व्यक्ति का बताया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार गिरिडीह पुलिस को तिसरी के इंदरचौक स्थित एक माइका गोदाम में अवैध रूप से माइका स्टोर कर ट्रक से बाहर भेजे जाने की गुप्त सुचना मिली थी।

सूचना के सत्यापन के पश्चात खोरीमहुआ एसडीपीओ नीरज कुमार सिंह सोमवार की देर रात अचानक तिसरी आ धमके। हालांकि उनके आने की खबर माइका तस्करों को लग गई और वे लोग वाहन वगैरह को अंदर ही छोड़कर गोदाम में ताला लगाकर भाग निकले। इसके बाद एसडीपीओ और तिसरी थाना प्रभारी संजय नायक ने उक्त गोदाम के मुख्य गेट में ताला जड़ दिया साथ ही पुलिस की पहरेदारी लगा दी गई। मंगलवार की सुबह तिसरी के अंचलाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद, थाना प्रभारी संजय नायक और वन विभाग के मुकेश दास दल बल के साथ उक्त गोदाम पहुंचे जहाँ तस्करों द्वारा गोदाम के मुख्य गेट में जड़ा ताला तोड़ा गया। जिसके बाद गोदाम में छापेमारी की गई। इस छापेमारी में पुलिस ने भारी मात्रा में भंडारण किया गया अवैध माइका, ट्रक मोटर साइकिल समेत कई उपकरण जब्त किया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## गिरिडीह पुलिस ने पांच साईबर ठगों को दबोचा

**गिरिडीह।** पुलिस ने मंगलवार को पांच साईबर ठगों को दबोचा है। इनके पास से पुलिस ने 9 मोबाइल, तीन एटीम कार्ड, 2 पेन कार्ड, 13 फर्जी सिम कार्ड भी बरामद किया है। आरोपितों में यूपी के मो. मुजाहिद के अलावा डुमरी के कुस्ती गांव निवासी विक्की मंडल, जिले के बेंगाबाद थाना इलाके देवतांड गांव निवासी अमजद अंसारी, खुर्शीद अंसारी और मुफ्फसिल थाना इलाके के करिहारी निवासी मोहन मंडल शामिल हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपित अश्लील वीडियो काल कर युवाओं को फंसाते और स्क्रीन शॉट लेकर ठगी करते थे। साथ ही प्रसूता महिलाओं को मातृत्व लाभ योजना की राशि दिलाने के नाम पर भी ठगी किया करते थे। गिरफ्तार अपराधियों को पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया है।

## मुख्य सतर्कता अधिकारी पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया

**रांची ।** सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने मंगलवार को पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। पिपरवार में अशोका परियोजना की आरएफआईडी आधारित स्वचालित डीजल डिस्पेंसिंग यूनिट का उन्होंने उद्घाटन किया। अशोका डीडीयू स्वचालन लागू करने वाली पहली परियोजना है। पंकज कुमार ने प्रौद्योगिकी और पारदर्शिता के महत्व पर जोर दिया और बताया कि 63 डीडीयू में से 59 पहले ही डिजिटल हो चुके हैं।

# वन्यजीवों की तस्करी का खुलासा छह तस्करों को किया गया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**

बोकारो वन प्रमण्डल में पांच जगहों पर छापेमारी की गई, जिसमें विभिन्न प्रकार के वन्यजीव ट्रॉफी को बरामद किया गया, जिसकी अवैध बिक्री हो रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर बोकारो वन प्रमण्डल के प्रशिक्षु अधिकारी, संदीप कारभरी शिंदे ने अपनी चास टीम को छापेमारी के लिए सूचना दी और उनके द्वारा चास एवं पेटरवार दोनो मिलाकर कुल - 05 जगहों पर छापेमारी की गई।

इसमें तकरीबन 120 हथाजोड़ी (गोह प्राणी का लिंग), हाथी तथा सियार की हड्डियां, कस्तुरी, विभिन्न प्राणी की चमड़ी तथा शाही के काँटे जप्त की गई। उक्त छापेमारी में ज्यादात्तर पूजा भंडार शामिल है, जिनके पास यह सामग्री पाई गई जो कि काले जादू के लिए उपयोग में आती है। बोकारो वन प्रमण्डल द्वारा इसकी जाँच कर 06



अभियुक्तों पर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत जिला न्यायालय, बोकारो में मुकदमा दायर किया गया है, जिसमें 03 से 07 साल तक का सजा का प्रावधान है।

रजनीश कुमार, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल ने इस संबंध में आम नागरिकों के लिए संदेश दिया है कि गोह प्राणी एक शेड्यूल 1 का प्राणी है, जिसकी शिकार करके उसके लिंग से हथाजोड़ी बनाई जाती है, जिसे लोग एक पेड़ का जड़ीबूटी मानते है, लेकिन वास्तविकता में वह एक प्राणी का अंग है। उन्होने आम नागरिको को इसके बारे में जागरूक करते हुए यह विनती भी की है कि ऐसे काले जादू के बहकावे में ना आए और इस हथाजोड़ी की लेन-देन खरीद-फरोक्त में भाग ना लें। उन्होंने सारे ही पूजा भंडारो को भी यह सूचना दी है कि आप इसके खरीद-फरोक्त में ना आए । अगर आपको इसके बारे में जानकारी मिलती है तो इसकी सूचना तुरन्त बोकारो वन प्रमण्डल को दें।उक्त हथाजोड़ी से संबंधित मामला बोकारो प्रमण्डल में पहली बार पाया गया है और यह एक संगीन तरह का वन्यजीव अपराध है, जिससे पर्यावरण के संतुलन में काफी हानि हो सकती है। उक्त वन्यजीव अपराध में लिप्त गिरोह का पदार्फाश करने में रूद्र प्रताप सिंह, प्रभारी वनपाल, रतन राय, वनरक्षी एवं भगवान दास हेम्ब्रम, वनरक्षी, की मुख्य भूमिका रही।

# अवैध बालू का परिवहन कर रहे 9 ट्रैक्टरों को किया गया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

अवैध बालू के उत्खनन एवं परिवहन से संबंधित प्राप्त सूचना के आधार पर डुमरी अनुमंडल क्षेत्र में अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से बीती रात केबी रोड एवं गिरिडीह डुमरी पथ से अवैध बालू का परिवहन कर रहे 9 ट्रैक्टरों को जब्त किया गया। जब्त वाहनों को अनुमंडल कार्यालय परिसर लाया गया। यह छापामारी अभियान डुमरी एसडीएम शहजाद परवेज के नेतृत्व में चलाया गया जबकि साथ में सीओ शशिभूषण वर्मा व राजस्व कर्मी शामिल थे। इतनी संख्या में अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों को एक साथ पकड़े जाने के बाद सफेद बालू के काले कारोबार में शामिल लोगों में

हड़कंप मचा हुआ है। इस बाबत एसडीएम ने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि अवैध तरीके से बालू को उठाव कर विभिन्न स्थानों तक परिवहन किया जा रहा है। जिसके आलोक यह कार्रवाई की गयी। ट्रैक्टर पकड़े जाने की जानकारी खनन विभाग



को दे गयी है। खनन विभाग आवश्यक कानूनी कार्रवाई में जुटा है।

इधर जिन लोगों का ट्रैक्टर पकड़ा गया है वे लोग मंगलवार की सुबह आकर कार्यालय के मुख्य गेट के बाहर पैरवी की जुगाड़ में जुटे दिखे वहीं अन्य धंधेबाज परिवहन के लिए दूसरे पथ की तलाश में जूटे बताए जा रहे हैं।

## तिरुलडीह में जंगली हाथी ने दो मकान को किया क्षतिग्रस्त

**चांडिल।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात बदस्तुर जारी है. हाथियों के उत्पात के कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है। किसी ना किसी गांव में घुस कर मकान क्षतिग्रस्त कर रहे हैं या किसानों के खेतों में फसल बर्बाद कर रहे हैं। ऐसे में लोग दहशत के साये में रहने पर मजबूर हो रहे हैं। सोमवार की रात को भी कुकडू प्रखंड के तिरुलडीह में जंगली हाथियों ने दो मकान को क्षतिग्रस्त कर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है। हाथियों ने गांव के समल कुईरी व बनु कुईरी के मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया और मकान के अंदर रखे अनाज को अपना आहार बनाया।

# खंडोली में महिला से छिनतई करने वाले अपराधियों को बेंगाबाद पुलिस ने दबोचा

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

खंडोली मोड़ के पास मुख्य मार्ग पर चलते हुए मोटरसाइकिल से एक महिला का बैग छीनने के आरोप में बेंगाबाद पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि विगत 22 जुलाई 2024 को खंडोली मोड में एक महिला से दो अपराधियों ने झपट्टा मार कर बैग छीन लिया था। जिसमें 19 हजार रुपया, मोबाइल और एटीएम कार्ड था। इस मामले में महिला ने बेंगाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसका कांड संख्या 102/ 24 है।



पुलिस अधीक्षक के द्वारा कांड के उद्भेदन हेतु पुलिस निरीक्षक बेंगाबाद के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया था। विगत 29 जुलाई को पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार युवक बेंगाबाद से नवडीहा की ओर जा रहे हैं। जिन्हें रोककर पूछताछ करने का निर्देश प्राप्त हुआ था। मोटरसाइकिल सवार दोनों युवकों को पुलिस टीम द्वारा रोककर पूछताछ किए जाने पर खंडोली में महिला के साथ घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार की तथा उनकी निशानदेही पर छिने गए सामानों को बरामद किया गया। बताया जाता है कि दोनों युवक बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बिझैया निवासी प्रभु महतो के पुत्र सुधाकर कुमार और एनुल अंसारी के पुत्र दाउद अंसारी हैं। दोनों युवकों को बेंगाबाद पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया है।

### क्षेत्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर

# कुम्हारटोली के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने जीते 8 स्वर्ण सहित कुल 27 पदक

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

विद्या भारती द्वारा आयोजित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, विजयहाता, सिवान, बिहार में दो दिवसीय 35वां क्षेत्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता दिनांक 27 एवं 28 जुलाई को संपन्न हुआ।

उक्त प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,कुम्हारटोली हजारीबाग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 27 भैया बहनों ने पदक जीत कर विद्यालय का परचम लहराया ।

विद्यालय के वंदना सभा में सभी विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय के प्रधानाचार्य, ब्रजेशकुमार सिंह ने पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।प्राचार्य ने इस अवसर पर कहा आप सभी विजेता प्रतिभागी आगामी राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो प्रतियोगिता जो की सिवान में आयोजित है, उसमें भी जीत का परचम लहराएंगे ऐसा मुझे विश्वास है' आप सभी पूरे मनोयोग से तैयारी करें। मालूम हो कि ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने 8 स्वर्ण 9 रजत 10 कांस्य के साथ कुल 27 पदक जीत कर झारखंड प्रांत के विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हार टोली ,हजारीबाग को अंडर 17 वर्ग में दूसरा स्थान एवं अंडर 14 अंडर 19 वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। स्वर्ण पदक जीतने वाले बहनों में बहन सुहाना रानी, पलक रानी, लकी कुमारी,सृष्टि कुमारी वही स्वर्ण पदक में भैया शौर्य सिंह, आयुष कुमार गुप्ता,अजय सोनी, आर्यन कुमार यादव ने प्राप्त कर अपना स्थान राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में सुनिश्चित किए है।

# बीआईटी में मनाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की चौथी वर्षगांठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल ने 29 जुलाई को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) - 2020 की चौथी वर्षगांठ मनाई। समारोह अनुसंधान एवं विकास भवन के सेमिनार हॉल-1 में शुरू हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बनारस हिंदू विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा नीति आईयूसीटीई के प्रोफेसर आशीष श्रीवास्तव थे।

विशेषज्ञ ईसीई विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार थे। एनईपी के आयोजक सचिव डॉ. सुकल्याण चक्रवर्ती ने कार्यक्रम का परिचय दिया और मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इसके बाद स्नातक अध्ययन के डीन डॉ संजय कुमार झा ने संस्थान के स्नातक कार्यक्रमों में शामिल की जा रही एनईपी की नीतियों को संबोधित किया।

ईसीई विभाग के प्रमुख डॉ. संजय कुमार ने ऐसी और अधिक शिक्षा नीतियों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। अतिथि विशेष प्रो आशीष श्रीवास्तव ने छात्रों को कार्यबल के लिए बेहतर ढंग से तैयार करने के लिए स्नातक कार्यक्रमों में व्यावसायिक प्रशिक्षण और अनुभवात्मक सीखने के अवसरों को एकीकृत करने और दक्षतासे मेहनत करने की आवश्यकता पर बात की। प्रो आशीष श्रीवास्तव ने एनईपी झ 2020 के निहितार्थ पर एक इंटरैक्टिव सत्र प्रस्तुत किया। इस तथ्य पर जोर दिया कि शिक्षण मानकों को बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कार्यान्वयन महत्वपूर्ण है कि शिक्षक उनके अनुसार नए शैक्षणिक दृष्टिकोण को अपनाने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं। डॉ. संजय कुमार ने भी उच्च शिक्षा प्रणालियों में एनईपी-2020 को लागू करने के उपायों पर एक सत्र प्रस्तुत किया।

उन्होंने मॉड्यूलर पाठ्यक्रम के विकास और कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया जो अंतःविषय अध्ययन और लचीली क्रेडिट प्रणाली की अनुमति देता है, जिससे छात्र विभिन्न विषयों में पाठ्यक्रम चुनने में सक्षम होते हैं। बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान के कुलपति प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना ने पश्चिमी और यूरोपीय देशों के बराबर एनईपी-2020 के तत्काल लेकिन समझदारी भरे कार्यान्वयन की ओर इशारा किया। रिसर्च इनोकेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप के डीन डॉ. सी जेगन्नाथन ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। डॉ आनंद प्रसाद सिन्हा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

# सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर रंजन चौधरी ने अधीक्षक से की वार्ता

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में व्याप्त अनियमितता और चिकित्सीय लापरवाही को लेकर मंगलवार को हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनसे जुड़े रंजन चौधरी ने मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. विनोद कुमार से मिलकर वार्ता की। रंजन चौधरी ने अधीक्षक डॉ.विनोद कुमार को बताया की घंटों तक अस्पताल के इमरजेंसी सेवा स्थल ट्रॉमा सेंटर में ड्यूटी डॉक्टर के अनुपस्थित रहने, समय पर वार्डों में राउंड नहीं होने, चिकित्सा कर्मियों की मनमानी चरम पर होने और महीनों से बर्थ सर्टिफिकेट पेंडिंग रहने के मामले से विस्तार से अवगत कराया। महीनों से करीब 600 से अधिक बर्थ सर्टिफिकेट पेंडिंग होने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है । रंजन चौधरी द्वारा हॉस्पिटल की कुव्यवस्था से अवगत कराने के बाद तत्काल संज्ञान लेते हुए सुपरिटेंडेंट डॉ. विनोद कुमार ने बर्थ सर्टिफिकेट पेंडिंग मामले में तत्काल संबंधित कर्मी से बात करके फटकार लगाया।

# गांडेय के 10 पंचायत में ग्राम सभा का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गांडेय बीडीओ निशात अंजुम के निदेर्शानुसार प्रखंड के 10 पंचायत में अंबुआ आवास योजना में लाभुकों के चयन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया । इस क्रम में दासडीह पंचायत के मुखिया निर्मला कुमारी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया ।



आयोजित बैठक में शामिल प्रखंड प्रमुख राजकुमार पाठक ने ग्रामीणों को आबुवा आवास योजना की जानकारी देते हुआ कहा की झारखंड सरकार द्वारा वैसे लोगो के लिए आबुवा आवास योजना बनाई गई है जिसके पास रहने लायक घर ना हो मिट्टी का मकान हो अत्यधिक गरीब हो लाचार हो इससे पहले कभी सरकार द्वारा आवास नही लिया हो उसके लिए झारखंड सरकार ने योजना के द्वारा तीन कमरे का पक्के मकान दिया जा रहा है।

जिसका लाभ योग्य एवम गरीब लोगो को मिलना चाहिए । बैठक में सभी वार्ड सदस्य और ग्रामीणों की सहमति से लाभुकों का चयन किया गया । मौके पर उपस्थित,मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र मंडल,कन्हैया साव,वसीम अख्तर,वरुण वर्मा ,नकुल सिंह,सभी वार्ड सदस्य, सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### सांसद मनीष जायसवाल का प्रयास लाया रंग

# राजकीय महोत्सव के रूप में मान्यता दिलाने का प्रस्ताव हुआ पारित

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सम्पन्न पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के सार्थक पहल पर सुप्रसिद्ध हजारीबाग के रामनवमी महापर्व को अब राजकीय महोत्सव के रूप में मान्यता दिलाने हेतु प्रस्ताव पारित करते हुए सूचीबद्ध किया गया। कहा गया कि हजारीबाग का महारामनवमी पर्व झारखंड ही नहीं बल्कि देश-विदेशों में भी काफी ख्याति प्राप्त है। बाहर रहनेवाले रामभक्तों को यह महापर्व आकर्षित करता है। रामनवमी के दशमी के दिन शहर तथा कई प्रखंडों में सैकड़ों झाकियां निकाली जाती है। लाखों रामभक्तों के आस्था व खुशी के लिए रामनवमी महापर्व को राजकीय महोत्सव के रूप में मनाने के लिए सूचीबद्ध किया गया जो सुखद परिणाम देनेवाला साबित होगा। इसके बाद सांसद जायसवाल के माध्यम से छड़वा डैम स्थित काली मंदिर क्षेत्र, जिले के रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर परिसर,पतरातू डैम तथा कैथा महादेव मंदिर कैथा को पर्यटक स्थल के रूप में शामिल किया गया है।


**समादेष्टा का कार्यालय सैप–1 वाहिनी,**
**कैम्प–झा०स०पु०–2,टाटीसिलवे, राँची**
**Email id- commandantprsap1254@gmail.com**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना–03/2024–25**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सैप–1 वाहिनी, कैम्प झा०स०पु०–2 टाटीसिलवे, राँची के विभिन्न कम्पनी, पिकेट, पोस्टो एवं टी०ओ०पी० में उपयोग होने वाले Consumable, साफ–सफाई एवं स्वास्थ्य सम्बंधी सामाग्री, हार्डवेयर/पलम्बर, विधुत एवं अन्य सामानों को क्रय करने हेतु वित्तीय वर्ष–2024–25 के लिए समाचार पत्र के द्वारा निविदा आमंत्रण की जाती है। इस संबंध में इच्छुक फर्म/मेसर्स, दिनांक– 30/07/2024 से 05/08/2024 तक निविदा का हार्ड कॉपी इस कार्यालय से प्राप्त कर दिनांक– 10/08/2024 तक निविदा मुहर बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। दिनांक– 12/08/2024 को कार्यालय कक्ष में समय 12:00 अप० में समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी। उक्त निर्धारित तिथि को निविदा दाता या उसके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

नियम व शर्तें:–

1. सामाग्री के लिए वैसे अधिकृत आपूर्तिकर्ता सभी करों सहित क्रमवार मुहरबंद निविदा देंगे।
2. निविदा दाता अपनी निविदा अपने लेटर पैड पर देंगे।
3. निविदा दाता अद्यतन आयकर, बिक्रीकर समर्पित करेगे। इसके अतिरिक्त आयकर विभाग की स्थायी लेखा संख्या (PAN No), आधार कार्ड एवं GST निबंधन की छायाप्रति समर्पित करेगे।
4. निविदाकर्ता का नाम/दुकान/फर्म काली सूची में दर्ज न हो का शपथ पत्र देना होगा।
5. निविदादाता को कार्य करने का 03 वर्ष का अनुभव होने से सवंधित प्रमाण– पत्र संलग्न करना होगा तथा 10 (दस) लाख Turnover होने से सवंधित प्रमाण– पत्र संलग्न करना होगा।
6. निविदा खुलने के समय निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।
7. सफल आपूर्तिकर्ता को निर्गत क्रयादेश के पश्चात दो दिनों के अन्दर सामाग्रियो की आपूर्ति अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में करनी होगी। सामाग्रियो की आपूर्ति का ढुलाई भत्ता देय नहीं होगा तथा सामाग्रियो के लिये कोइ अग्रिम राशि देय नहीं होगा। आपूर्ति किए गये सभी सामाग्रियो की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिये।
8. निविदा की शर्तो को संशोधित करने एवं बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

पुलिस अधीक्षक, यातायात, राँची
–सह–
निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी
सैप–1 वाहिनी, कैम्प–झा०स०पु०–2,टाटीसिलवे, राँची

PR 331224 Police(24-25).D



**जिला अभियंता का कार्यालय**
**जिला परिषद्, लातेहार**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 11 वर्ष 2024–25**
**D.M.F.T मद**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता,जिला परिषद, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 07.08.2024 (अपराहन 03:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता,जिला परिषद, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 08.08.2024 को 03:00 बजे अपराहन तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 08.08.2024 को 03:30 बजे अपराहन, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत भुसूर ग्राम ईचाक में जर्जर आंगनबाडी केन्द्र निर्माण। | 18,19,800 | 36,500 | 5000 | 06 माह |
| 2 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत डेमू ग्राम डेमू में जर्जर आंगनबाडी केन्द्र दक्षिणी का निर्माण। | 18,19,800 | 36,500 | 5000 | 06 माह |
| 3 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत डेमू ग्राम हुण्डरू में जर्जर आंगनबाडी केन्द्र का निर्माण। | 18,19,800 | 36,500 | 5000 | 06 माह |
| 4 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत धनकारा ग्राम धनकारा में बक्साढोंढा जर्जर आंगनबाडी केन्द्र निर्माण। | 18,19,800 | 36,500 | 5000 | 06 माह |
| 5 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत भुसूर ग्राम भुसूर के दक्षिण हरिजन टोला में जर्जर आंगनबाडी केन्द्र निर्माण। | 18,19,800 | 36,500 | 5000 | 06 माह |
| 6 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत धनकारा ग्राम धनकारा में जर्जर आंगनबाडी केन्द्र दक्षिण पतराटोली का निर्माण। | 18,19,800 | 36,500 | 5000 | 06 माह |
| 7 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत भुसूर ग्राम केन्दवाही में जर्जर दक्षिण आंगनबाडी केन्द्र निर्माण। | 18,19,800 | 36,500 | 5000 | 06 माह |
| 8 | प्रखण्ड गारू पंचायत कार्रवाई में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय धवाईचुवा में चाहरदिवारी निर्माण। | 10,58,400 | 21,500 | 2500 | 04 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो जिला अभियंता, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो जिला अभियंता, लातेहार के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक भाग ले सकेंगे। ग्रुप संख्या–08 में अंकित योजना के लिए प्रखण्ड गारू एवं सरयू के संवेदक भाग लेंगे।
11. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है उन्हे B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद, लातेहार

PR 331202 Rural Development(24-25).D

संपादकीय

# बेरोजगारी और खाद्य प्रसंस्करण में संभावनाएं

इस बार के केंद्रीय बजट का बड़ा फोकस नौकरियों और निर्माण पर है। इसके लिए नौकरी का सृजन वाले उद्योगों को आर्थिक सहायता तक देने की घोषणा की गई है। मुद्रा लोन की राशि 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये तक करने का प्रावधान किया गया है जिससे युवा स्वरोजगार के लिए प्रेरित हों। सरकार के इन प्रयासों से युवाओं को रोजगार मिलने के अवसरों में वृद्धि होगी, लेकिन भारत जैसे विशाल देश में केवल इन योजनाओं से सभी युवाओं को नौकरी नहीं दी जा सकती। ऐसे में किसी भी सरकार के लिए सबसे बड़ा प्रश्न यही हो सकता है कि वह कौन सा क्षेत्र हो सकता है जिसमें अधिक से अधिक युवाओं को नौकरी दी जा सके और देश में बेरोजगारी की समस्या को समाप्त किया जा सके। देश की बड़ी आबादी को रोजगार उपलब्ध कराने का फॉर्मूला फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र में खोजा जा सकता है। इसके सहारे न केवल सबसे अधिक रोजगार दिया जा सकता है, बल्कि उन्हें गावों में ही रोककर शहरों की बढ़ती समस्याओं को भी कम किया जा सकता है। एनएसएसओ के आंकड़ों के अनुसार 2022-23 में देश के कुल श्रमबल का 45.76 प्रतिशत (यानी देश के कुल काम करने वालों में लगभग आधे लोग) कृषि और इससे संबंधित क्षेत्रों में ही काम कर रहे थे। ऐसे में यदि इस क्षेत्र की ताकत को आधार बनाया जाए तो सबसे ज्यादा लोगों को रोजगार दिया जा सकता है।वर्तमान संसदीय सत्र में पेश किए गए आर्थिक सर्वे के अनुसार भारत में बढ़ती अर्थव्यवस्था से तालमेल बिठाने के लिए देश में हर साल लगभग 78.5 लाख रोजगार अवसर पैदा करने होंगे। यह कार्य 2036 तक चलना चाहिए और इस दौरान लगभग दस करोड़ नए रोजगार पैदा करने की आवश्यकता होगी। विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह क्षमता किसी एक क्षेत्र के सहारे नहीं छोड़ी जा सकती, लेकिन खाद्य प्रसंस्करण इसमें बड़ा योगदान कर सकता है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार संगठित क्षेत्र की नौकरियों में अकेले इस क्षेत्र की हिस्सेदारी 12.22 फीसदी है। इसमें असंगठित क्षेत्र की नौकरियों के साथ-साथ तकनीकी तौर पर दक्ष लोगों के लिए भी नौकरियों के बेहतर अवसर उपलब्ध होते हैं। भारत के नौकरी क्षेत्र में असंगठित कामगारों की संख्या बहुत ज्यादा होती है। विश्व आर्थिक मंच के मुताबिक आने वाले वर्षों में यह संख्या 45 करोड़ तक पहुंच सकती है। यदि इस वर्ग को मजबूत किया जाए तो यह भारतीय उत्पादों की खपत के लिए एक बड़ा उपभोक्ता वर्ग भी बन सकता है। यानी यह उत्पादन और खपत दोनों की दृष्टि से भारत को ताकत प्रदान कर सकता है। खाद्य प्रसंस्करण और उद्योग मंत्रालय का अनुमान है कि शीत भंडार गृहों (कोल्ड स्टोरेज चेन) और फल-सब्जियों के समय से ट्रांसपोर्टेशन की उचित सुविधाएं न होने के कारण 25 से 30 प्रतिशत फल और सब्जी सप्लाई चेन में ही बर्बाद हो जाती है। कृषि खाद्य वस्तुओं का मूल्य भी काफी सस्ता होता है, जबकि जब इन्हें ही प्रसंस्कृत कर दिया जाए तो इनका मूल्य कई गुना बढ़ जाता है। उदाहरण के लिए सीजन के समय टमाटर का मूल्य पांच-दस रुपये किलो हो जाता है, जबकि इसको प्रसंस्कृत कर टोमैटो सॉस बनाकर इसी वस्तु को 150-200 रुपये प्रति किलो तक की दर से बेचा जा रहा है। रेडी टू ईट सब्जियों का मूल्य दस गुना से ज्यादा तक बढ़ जाता है।

> देश की बड़ी आबादी को रोजगार उपलब्ध कराने का फॉर्मूला फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र में खोजा जा सकता है।

# प्रेमचंद की कहानियां समाज में एक नई चेतना पैदा करना चाहती हैं

(31 जुलाई, कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 144वीं जयंती पर विशेष)



कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की कृतियां सदा पाठकों के बीच जीवित रहेंगी। प्रेमचंद का रचना संसार बहुत ही विस्तृत और महत्वपूर्ण है। इनकी कृतियां हर कालखंड में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करती रही थीं, रही हैं और रहेंगी । प्रेमचंद हिंदी साहित्य के एक ऐसे लेखक बनकर उभरे, जिन्होंने अपनी कलम और सोच की बदौलत प्रचलित कहानियों की धारा को ही बदल कर रख दिया था। उन्होंने, समकालीन व पूर्व के लेखकों को कहानी रचना कर्म की एक नई धारा से परिचित कराया था। उस कालखंड में यह बात प्रचलित थी कि हिंदी कहानियों में तिलस्म और ऐय्यारी का ही बोलबाला था। प्रेमचंद ने इस तिलस्म और ऐय्यारी को ध्वस्त कर रख दिया था। समाज में नित क्या घटनाएं घट रही हैं? समाज किस ओर जा रहा है? समाज में रहने वाले लोगों की स्थिति क्या है? पुरुषों और स्त्रियों की दशा क्या है ? उनका जीवन स्तर क्या है? वे किस तरह जीवन निर्वाह कर रहे हैं? समाज में बच्चों की स्थिति क्या है? लड़कियों और बहुओं की स्थिति क्या है? समाज में गरीबी और अमीरी की इतनी खाई क्यों है? समाज में परिवारों के बीच तालमेल कैसा है? लोगों का दांपत्य जीवन का कैसा है? मेहनतकश मजदूरों की स्थिति कैसी है? खून पसीना बहा कर खेती करने वाले कृषकों की स्थिति कैसी है? ये तमाम महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दे हमारी प्रचलित कहानियों से दूर थे।

प्रेमचंद ने कहानियों के महत्व को समझा और अपनी कहानियों के माध्यम से समाज में एक बड़ा परिवर्तन लाने का सार्थक प्रयास किया था। प्रेमचंद ने अपनी कहानियों के माध्यम से समाज के सच से लोगों को परिचित कराया। उनकी कहानियों का भारतीय जनमानस पर बहुत ही गहरा प्रभाव पड़ा। उन्होंने लगभग तीन सौ कहानियां और बारह उपन्यास लिखे। इन कहानियों और उपन्यासों को पढ़ने से प्रतीत होता है कि उनकी तमाम कृतियां सामाजिक यथार्थ से जुड़ी हुई हैं। उनकी कृतियां सामाजिक मुद्दे पर समाज में एक नई चेतना लाना चाहती हैं। उनकी कृतियां समाज में एक नई बहस कराना चाहती हैं, जिसका उद्देश्य सिर्फ सामाजिक परिवर्तन है। उन्होंने अपनी कहानियों में सामाजिक सच को उसी रूप में प्रस्तुत किया है।

उनकी कहानियों को समाज के दर्पण के रूप में भी जाना जाता है। उनके ही जीवन काल में जब उनकी कहानियां पत्रिकाओं में छप कर आती थीं, देखते ही देखते पाठकों के बीच लोकप्रिय हो जाया करती थीं। उनकी कहानियां समाज में एक नई चेतना विकसित करने का काम किया है। समाज में जागृति लाने का काम किया है। प्रेमचंद जिस कालखंड में अपनी कहानियों को दर्ज कर रहे थे। वह गुलामी का दौर था। देश के स्वाधीनता सेनानी, देश को गुलामी से मुक्त कराने के लिए आंदोलनरत थे। तब भला प्रेमचंद इस आंदोलन से कैसे अलग रह सकते थे? उन्होंने 1921 में महात्मा गांधी के आह्वान पर सरकारी इंस्पेक्टर पद की नौकरी से त्यागपत्र दे दिया और आजीवन स्वतंत्र रूप से लेखन करने का संकल्प लिया था। वे इस संकल्प के साथ पूर्णरूपेण लेखन से जुड़े रहे थे। फिर उन्होंने कभी भी सरकारी नौकरी की ओर मुख नहीं किया था। यह बात लिखने के पीछे उद्देश्य है कि उन्होंने अपनी कहानियों में जिन मूल्यों और सिद्धांतों को प्रस्तुत किया था। वे आजीवन उन्हीं मूल्यों और सिद्धांतों की रक्षा भी करते रहे थे। वे एक कहानीकार के साथ एक संवेदनशील इंसान भी थी। उनमें अन्य लोगों की अपेक्षा संवेदना ज्यादा थी। यह संवेदना उनकी कहानियों में दिखती है। उनकी एक लोकप्रिय कहानी 'कफन' है,जो तत्कालीन समय, समाज और देश की आर्थिक दशा को प्रस्तुत करती है। गरीबी और भूख क्या होती है? इस बात को भी प्रस्तुत करती है। जब आदमी भूखा होता है, तब उसकी मानसिक अवस्था कैसी हो जाती है? भूख आदमी को कितना नृशंस बना देती है? इसकी भी तस्वीर कफन कहानी में उभर कर सामने आती है। इसके साथ ही मनुष्य जब मनुष्यता का त्याग कर देता है, तब वही मनुष्य, राक्षस में कैसे परिवर्तन हो जाता है। एक मनुष्य को दूसरे लाचार मनुष्य की पीड़ा भी सुनाई नहीं पड़ती है। कफन कहानी में प्रसव पीड़ा से कराह रही एक स्त्री की पीड़ा भी मनुष्य सुनाई नहीं पड़ती है। मनुष्य इतना नृशंस कैसे हो सकता है? प्रसव पीड़ा से कराह रही एक स्त्री की पीड़ा तक उसे सुनाई नहीं देती है। क्या हमारे समाज का सच यही है? सुबह, प्रसव पीड़ा से कराह रही स्त्री के मरणोपरांत, उसके दाह संस्कार के लिए मिले कुछ पैसे को, वे दोनों मनुष्य कैसे दुरुपयोग करते हैं। इस नृशंसता की तस्वीर बहुत ही जीवंत रूप में प्रस्तुत की गई है। कफन कहानी के माध्यम से लेखक ने समाज के बदलते स्वरूप पर प्रहार किया है। मनुष्य जब अपनी मनुष्यता छोड़ देता है, तब उसका रूप कितना नृशंस हो जाता है। इस कहानी को पढ़ने वाले किसी भी संवेदनशील पाठक की आंखें नम हो जाती हैं।

आज की बात



विजय केसरी
(कथाकार/स्तंभकार)

आपकी बात

# महाराष्ट्र के राजभवन में 'तमिलनाडु के मोदी'

राजनीति के केंद्र में स्थापित होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व विराट होकर उभरा है, इसके साथ यह भी सच है कि उनकी खास पहचान उनकी दाढ़ी है। साल 2013 में जब बीजेपी ने मोदी को प्रधानमंत्री पद का अपनी ओर से दावेदार बनाया था, उन्हीं दिनों एक तमिल टीवी पर चर्चा में तमिलनाडु के बीजेपी का एक चेहरा भी शामिल हुआ था। उस नेता ने अपनी पार्टी का दमदार तरीके से पक्ष रखा। उसका कार्यक्रम का ऐसा प्रभाव रहा कि उन्हें दर्शकों ने तमिलनाडु के मोदी के रूप में पुकारना शुरू कर दिया। तमिलनाडु के वही मोदी अब महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। जी हां, आपने ठीक समझा, तमिलनाडु के लोग सी पी राधाकृष्णन को तमिलनाडु के मोदी के रूप में भी जानते हैं। 1998 और 1999 के आम चुनावों में बीजेपी उम्मीदवार के रूप में तमिलनाडु की कोयंबटूर सीट से लोकसभा पहुंच चुके सीपी राधाकृष्णन को दक्षिण भारतीय जहां सीपी के नाम से जानते हैं, वहीं उत्तर भारत में अब वे राधा जी के नाम से भी जाने जाते हैं। शुद्ध शाकाहारी और पूजा-पाठ में श्रद्धा रखने वाले सीपी राधाकृष्णन को पहली बार महत्वपूर्ण राजकीय पद साल 2023 में मिला, जब उन्हें मोदी सरकार ने झारखंड का राज्यपाल मनोनीत किया। 12 फरवरी 2023 का दिन उनके लिए खुशी और निराशा, दोनों का मौका बनकर आया। जब मोदी सरकार ने उन्हें खनिज और प्राकृतिक संपदा से भरपूर झारखंड राज्य का राज्यपाल का दायित्व मिलना मामूली बात नहीं, लेकिन 66 साल की उम्र राजनीति में बहुत ज्यादा नहीं मानी जाती। सीपी इस बात से किंचित निराश थे कि अब उन्हें सक्रिय राजनीति से दूर होना पड़ेगा। वैसे सीपी की दिली चाहत सक्रिय राजनीति में रहते हुए महत्वपूर्ण राजनीतिक दायित्व को निभाना रहा है। सीपी राधाकृष्णन की बीजेपी की राजनीति में क्या अहमियत है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीते आम चुनावों से ठीक पहले जब तेलंगाना की राज्यपाल तमिलसाई सोंदरराजन ने इस्तीफा देकर चेन्नई से चुनाव लड़ने का फैसला किया तो तेलंगाना के राज्यपाल का प्रभार सीपी को ही मिला। इतना ही नहीं, उन्हें पुदुचेरी के उपराज्यपाल की भी जिम्मेदारी दी गई। एक साथ तीन-तीन राज्यों के राज्यपाल की जिम्मेदारी बहुत कितने लोगों को मिल पाई है? सीपी राधाकृष्णन का जन्म एक ऐसे परिवार में हुआ, जहां कांग्रेस का बोलबाला था। उनके चाचा कोयंबटूर से कांग्रेस के लोकसभा सदस्य रहे। कांग्रेसी परिवार में जन्म लेकर समाजवादी धारा की राजनीति के जरिए बीजेपी में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराते हुए देश की आर्थिक राजधानी के राजभवन पहुंचना मामूली बात नहीं है। मौजूदा माहौल में महाराष्ट्र की राजनीति राज्यपाल के बेहद चुनौतीपूर्ण है।



उमेश चतुर्वेदी

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

देश की बात

# हादसे के शिकार होते कोचिंग केंद्र

भारत एक महान देश है जिसके पास अतीत की बड़ी थाती है। हम सभी नागरिक देशभक्त हैं और भारतीय होने पर गर्व भी करते हैं। यह महान देश निकट भविष्य में 'विश्व-गुरु' बनने की उत्कट इच्छा पाले हुए है। इसके साथ ही भारत को 'विकसित देश' और तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति का दावा भी कर रहा है। इसे बनाने के लिए सभी कटिबद्ध भी हैं। इस दृष्टि से युवा वर्ग की खास भूमिका और दायित्व है। आज देश में सामाजिक और भौतिक विविधताएं तो हैं ही आर्थिक विषमता भी बहुत ज्यादा है। हर युवा ऊंची से ऊंची उड़ान भरने के लिए स्वाभाविक रूप से आतुर रहता है। इस हलचल भरे माहौल में युवा वर्ग अपने भविष्य को संवारने के लिए घर-बार छोड़ कर अपना भविष्य संवारने हेतु कोचिंग में पढ़ाई करने के लिए बड़े शहरों की ओर रुख करते हैं। उनके अभिभावक रुपया-पैसा जुटा कर अपने बच्चों को कोचिंग के साथ परीक्षा की तैयारी में आर्थिक मदद करते हैं। आशाओं और आकांक्षाओं की उठापटक के बीच ये युवा कठिन परिस्थितियों में अथक परिश्रम करते हैं। वे अपने सपनों को साकार करने के लिए धैर्यपूर्वक और लगन के साथ कोशिश करते हैं। अब औपचारिक डिग्री की गुणवत्ता पिटने के फलस्वरूप हर काम के लिए, यहां तक कि अगली कक्षा में प्रवेश या फैलोशिप के लिए भी कोई न कोई परीक्षा देना अनिवार्य हो चुका है। खस्ताहाल हो रहे विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय की पढ़ाई अपर्याप्त होती है। ऐसे में यदि कोचिंग केंद्रों की झड़ी लग रही है तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं। पर इस बेहद लोकप्रिय और नफे वाले शानदार व्यापार के विस्तार के साथ इसके सुचारु संचालन लिए जरूरी आधारभूत सुविधाओं का घोर अभाव भी होता है। वस्तुतः व्यावसायिक कोचिंग का विशाल धंधा शिक्षा की घोर दुरवस्था की स्थिति का बयान करता है। पिछले कुछ वर्षों में कोचिंग संस्थानों में आग लगने की घटनाएं होती रही हैं। अब दिल्ली के राजेंद्र नगर इलाके में एक नामचीन कोचिंग संस्थान के तलघर या बेसमैंट में जहां विद्यार्थी उपस्थित थे अचानक कंधों से ऊपर तक इतना पानी भर गया कि कोचिंग लेने वाले तीन व्यक्तियों, दो युवतियां और एक युवक, जो आईएएस (सिविल सर्विस) की तैयारी कर रहे थे, उनकी जान चली गई। अब तक ज्ञात तथ्यों से यह दुर्घटना आपराधिक लापरवाही का परिणाम लगती है परंतु इसकी जिम्मेदारी तय करना विवादास्पद ही रहेगा।



गिरीश्वर मिश्र



बोधि वृक्ष

> हिंदू धर्म में 18 पुराणों का जिक्र मिलता है। इन पुराणों में सिर्फ देवी-देवताओं की कथाएं ही नहीं हैं, बल्कि चिकित्सा, खगोल विज्ञान, इतिहास और कई अन्य विषय भी शामिल किए गए हैं।

# 18 पुराणों में हैं जीवन के सिद्धांत

हिंदू धर्म में पुराणों का अधिक महत्व है। पुराणों में ईश्वर के स्वरूप, उनकी लीलाओं और जीवन से सिद्धांतों के बारे में बताया गया है। बता दें कि सनातन धर्म में कुल 18 पुराणों का जिक्र मिलता है। इन पुराणों को पढ़ने या सुनने से व्यक्ति के सभी पापों का अंत हो जाता है। इन पुराणों में सिर्फ देवी-देवताओं की कथाओं के बारे में ही नहीं बल्कि चिकित्सा, खगोल विज्ञान, इतिहास और कई अन्य विषय भी शामिल किए गए हैं।



**ब्रह्म पुराण :** यह प्राचीन पुराणों में से एक है। इस पुराण में सृष्टि की रचना का वर्णन किया गया है। ब्रह्म पुराण देवी-देवताओं, प्राणि, पृथ्वी, मनुवंश, भोगल, नरक, स्वर्ग, मंदिर, तीर्थ आदि के बारे में उल्लेख मिलता है।

**पद्म पुराण :** इस पुराण में सृष्टि की उत्पत्ति अर्थात इस बात का वर्णन मिलता है कि किस तरह से ब्रह्म देव ने सृष्टि की रचना की थी। यह पुराण भी अन्य पुराणों के ज्ञानों से परिपूर्ण है।

**विष्णु पुराण :** विष्णु पुराण में मुख्य रूप से भगवान श्रीहरि विष्णु से संबंधित कथाएं मिलती हैं। पराशर ऋषि द्वारा इस पुराण की रचना की गई है। यह अन्य 17 पुराणों में से सबसे छोटा पुराण है। इस पुराण में भगवान विष्णु के अवतारों, श्रीकृष्ण के चरित्र और राम कथाओं का वर्णन मिलता है। **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से




X से




अलग बात

# अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई

भारत में असमानता, संपन्नता और निर्धनता के बीच के द्वंद्व से परे है, क्योंकि जाति आधारित असमानताएं देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे की परिभाषित विशेषताओं में से एक हैं। वर्ल्ड इनइक्वैलिटी लैब के एक हालिया वर्किंग पेपर ने अमीर और गरीब के बीच की खाई को चौड़ा किया है। जाति आधारित असमानताएं देश के सामाजिक आर्थिक ढांचे की परिभाषित विशेषताओं में से हैं। आर्थिक असमानता का आकलन करने के लिए गिनी गुणांक और प्रतिशत अनुपात महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में काम करते हैं। यह लोरेंज कर्व से लिया गया है। इसका उपयोग किसी देश में आर्थिक विकास के संकेतक के रूप में किया जा सकता है। गिनी गुणांक किसी आबादी में आय समानता की डिग्री को मापता है। गिनी गुणांक 0 (पूर्ण समानता) से 1 (पूर्ण असमानता) तक भिन्न हो सकता है। शून्य का गिनी गुणांक का मतलब है कि सभी की आय समान है, जबकि 1 का गुणांक एक व्यक्ति को सभी आय प्राप्त करने का प्रतिनिधित्व करता है। समग्र रूप से और अनुसूचित जनजाति (एसटी), अनुसूचित जाति (एससी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और सामान्य श्रेणी जैसे सामाजिक समूहों के भीतर उपभोग असमानता में परिवर्तन। 2022-23 में, जबकि एसटी की आबादी 9 प्रतिशत थी, उनकी खपत हिस्सेदारी केवल 7 प्रतिशत थी। अनुसूचित जाति की आबादी 20 प्रतिशत थी और उनकी खपत में हिस्सेदारी 16 प्रतिशत थी। ओबीसी (आबादी का 43 प्रतिशत) की खपत में हिस्सेदारी 41 प्रतिशत थी। आबादी का 28 प्रतिशत हिस्सा होने के बावजूद, सामान्य वर्ग ने 36 प्रतिशत की उल्लेखनीय रूप से उच्च खपत हिस्सेदारी हासिल की। ये निष्कर्ष विभिन्न सामाजिक समूहों में खपत के वितरण में लगातार असमानताओं को रेखांकित करते हैं। एससी और एसटी लगातार सामान्य और ओबीसी श्रेणियों के लोगों से पीछे हैं। समग्र गिनी गुणांक 2017-18 में 0.359 से घटकर 2022-23 में 0.309 हो गया, जो इस अवधि के दौरान कुल आय असमानता में 050 की कमी दर्शाता है। यह सामाजिक समूहों के बीच अंतर्निहित आर्थिक असमानता को प्रकट करता है। एसटी और एससी समुदाय सबसे स्पष्ट विसंगतियों को सहन करते हैं। एसटी, एससी और ओबीसी समूहों के लिए, 2017-18 से 2022-23 तक उपभोग के स्तर में कमी आई है, जो निचले 20 प्रतिशत दशमलव के लिए मामूली है। सामान्य श्रेणी के लिए, यह कमी अधिक स्पष्ट है जो सामान्य आबादी के सबसे गरीब तबके के बीच उपभोग में सापेक्ष गिरावट को दर्शाती है।



डॉ. सत्यवान सौरभ

संकल्प शक्ति

# आत्मविश्वास जगाकर आगे बढ़ें

वास्तव में प्रत्येक मनुष्य में महानता की अनन्त सम्भावनाएं छिपी पड़ी हैं। किंतु मनुष्य को अपनी महत्ता पहचानकर उसके अनुरुप चिन्तन और कर्म भी तो करना चाहिए। कोई मनुष्य किसी एक दिशा में महान हो सकता है तो कोई अन्य मनुष्य किसी दूसरी दिशा में आगे बढ़ सकता है। जिस मनुष्य के पास जो कुछ गुण या शक्ति है, वह उसी को लेकर ऊंचा उठे। तभी उसकी सफलता और सार्थकता है। अनन्त शक्तिमान परमेश्वर का अंशभूत होने के कारण मनुष्य में अनन्त शक्तियों का भंडार भरा पड़ा है तथा उसमें अनन्त उन्नति की सम्भावनाएं छिपी हुई हैं। अपनी निधि को बिना पहचाने तो राजा भी रंक ही है। मनुष्य अपनी अगणित प्रसुप्त शक्तियों को भूलकर दयनीय और उन्हें जगाकर समर्थ हो जाता है। अपनी शक्तियों पर भरोसा करने की आवश्यकता है, उनके सदुपयोग करने और संकल्प लेने की आवश्यकता है, उत्तम लक्ष्यों की ओर चल पड़ने की आवश्यकता है, दृढ़ता और धैर्य की आवश्यकता है, आत्मविश्वास की आवश्यकता है। मनुष्य को कभी-कभी एकान्त में बैठकर आत्मविश्वास को जगाने का अभ्यास करना चाहिए और पग-पग पर सँभलने का निश्चय करना चाहिए। मनुष्य आत्मविश्वास को जगाकर ही संकटों को पार करता हुआ आगे बढ़ सकता है, ऊँचे उठ सकता है और महान बन सकता है। आत्मविश्वास का अर्थ हैं अपनी समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने की अपनी सामर्थ्य में विश्वास होना। मनुष्य विवेक के सहारे अपने विलुप्त आत्मविश्वास को जगा सकता है। हमारे विचारों, आशाओं, निराशाओं, भय, घृणा, क्रोध आदि मनोवेगों का प्रभाव हमारे शरीर के अंग-प्रत्यंग पर पड़ता है। हमारे स्वास्थ्य और मनोदशा पर पड़ता है, इसलिए मनोवेगों पर नियंत्रण जरूरी है।



संजय गोस्वामी

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# वायनाड लैंडस्लाइड : राज्य सरकार के साथ तालमेल बनाकर राहत व बचाव कार्य जारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केरल के वायनाड में मंगलवार सुबह भूस्खलन की घटना घटी। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में बताया कि पूरी स्थिति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नजर रख रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने केरल के मुख्यमंत्री से बात की है और उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने बताया कि घटना के बाद भारतीय सेना, वायु सेना के दो हेलीकॉप्टर को राहत एवं बचाव कार्य में लगाया गया है। तलाशी और बचाव उपकरणों के साथ एनडीआरएफ की टीम राहत कार्य में जुटी है। सेना की टुकड़ियों को हवाई मार्ग से भेजा जा रहा है। एयर फोर्स के विमान भी राहत एवं बचाव कार्य में लगाए गए हैं। गृह मंत्रालय के दो नियंत्रण कक्ष लगातार निगरानी कर रहे हैं। वायनाड में भूस्खलन के कारण आई प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने सेना के जवानों, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आर्म्ड पुलिस फोर्स और एयरफोर्स को राहत एवं बचाव कार्यों में तैनात किया है। सेना के जवान मौके पर पहुंच चुके हैं। राज्यसभा में नेता सदन एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने इस विषय पर कहा कि यह एक बड़ी त्रासदी है। मंगलवार को राज्यसभा में उन्होंने कहा कि यह त्रासदी, सिर्फ केरल के लिए त्रासदी नहीं है, बल्कि सारा देश इससे दुखी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार केरल में राहत कार्य के लिए जो कुछ भी कार्य आवश्यक है, कर रही है।

नड्डा ने कहा कि मैं सरकार की ओर से यह आश्वासन देता हूं कि केरल में राहत कार्य के लिए जो भी आवश्यकता होगी, वह पूरी की जाएगी। प्रधानमंत्री ने केरल के मुख्यमंत्री से बात की है। मुख्यमंत्री को मदद का आश्वासन दिया गया है। राज्य सरकार के साथ समन्वय में कार्य किया जा रहा है। सबसे पहला काम यह है कि वहां दबे शवों को निकाला जा सके। हम सब लोग इस आपदा की घड़ी में साथ हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में चलने वाली यह सरकार प्रोएक्टिव व प्रो रेस्पॉन्सिव है। यदि कोई ऐसा सुझाव आता है, जिसे कि हम अपने कार्यों में शामिल कर सकते हैं, तो हम ऐसे सुझावों का भी स्वागत करते हैं। राज्यसभा में ही केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने बताया कि केरल के आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों के लिए आर्म्ड फोर्सेस को भेज दिया गया है।

उन्होंने बताया कि अभी प्रधानमंत्री के आदेश पर पिछले सप्ताह ही नेशनल लैंडस्लाइड फोरकास्टिंग इंस्टीट्यूट का गठन किया गया है।





**एनडीआरएफ** लगातार लोगों को बचाने का **प्रयास** में जुटी है

## आपदा से निपटने के लिए 5 हजार करोड़ की मांग, सांसदों ने कहा केंद्र करे मदद



**केरल** के वायनाड में भूस्खलन के कारण कई लोगों की जान गई है और सैकड़ों परिवार इससे प्रभावित हुए हैं। मंगलवार को यह विषय राज्यसभा में उठा। यहां सांसदों ने वायनाड में राहत एवं बचाव कार्य के लिए केंद्र सरकार से 5000 करोड़ रुपए की मदद देने की मांग की। इस आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग भी सरकार से की गई है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस विषय पर कहा कि मिट्टी में दबने से 50 से ज्यादा लोगों की मृत्यु हो चुकी है। खड़गे ने सरकार से पूछा कि वह इस विषय पर जानकारी दें कि वहां क्या राहत और बचाव कार्य किए जा रहे हैं। क्या, राहत कार्यों के लिए सेना को भेजा गया है। केरल से सीपीआई (एम) के सांसद जॉन ब्रिटास ने कहा कि हम चाहते हैं कि सेना को राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तुरंत केरल भेजा जाए। केरल के ही एक अन्य सांसद संतोष कुमार ने कहा कि केरल में आई इस आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाए। आईयूएमएल के सांसद अब्दुल वहाब ने कहा कि प्रधानमंत्री व अन्य लोगों ने इस पर अपनी चिंता जाहिर की है। लेकिन वहां राहत कार्यों के लिए तुरंत मदद पहुंचाई जानी चाहिए। सांसदों ने बताया कि केरल में आई इस आपदा में 500 से अधिक परिवार फंसे हुए हैं। कई लोगों की लाश उनके घरों से काफी दूर मिली है। कई परिवार इस हादसे के शिकार हो गए हैं। कांग्रेस सांसद जेबी माथेर हीशम ने कहा कि छोटे बच्चे, युवा और कई परिवारों के तीन-चार-पांच लोग और कई जगह पूरे का पूरा परिवार इस हादसे की भेंट चढ़ गया।

## एक नजर

### बिहार में भाजपा कोटे के मंत्री फिर सुनेंगे लोगों की फरियाद

**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में फिर से 'सहयोग कार्यक्रम' की शुरूआत होने जा रही है। यह कार्यक्रम एक अगस्त से शुरू होगा। भाजपा कोटे से बिहार सरकार के मंत्री 'सहयोग कार्यक्रम' में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में मंत्री, प्रदेश के लोगों की समस्या सुनेंगे और उसका समाधान निकालेंगे। नवनियुक्त भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के निर्देश के बाद 'सहयोग कार्यक्रम' के लिए दिन निश्चित कर दिए गए हैं। दोनों उपमुख्यमंत्री अपने आवास पर 'सहयोग कार्यक्रम' में लोगों की फरियाद सुनेंगे। सुबह 11 बजे से दोपहर के एक बजे तक यह कार्यक्रम होगा।

### तृणमूल नेता मोहम्मद आहिद गिरफ्तार, अदालत में हुई पेशी

**सिलीगुड़ी।** सरकारी जमीन हेराफेरी मामले गिरफ्तार तृणमूल नेता मोहम्मद आहिद को मंगलवार को जलपाईगुड़ी अदालत में पेश किया गया। दरअसल, फर्जी दस्तावेज बनाकर सरकारी जमीन खरीदने-बेचने के आरोप में देबाशीष प्रमाणिक और गौतम गोस्वामी के बाद डाबग्राम-फुलबाड़ी के तृणमूल नेता को सोमवार देर रात गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार को उन्हें जलपाईगुड़ी अदालत में पेश किया गया। इस दौरान मोहम्मद आहिद ने कहा कि उन्हें फंसाया जा रहा है। उन्होंने कोई गैरकानूनी काम नहीं किया है।

### सोने के दस बिस्कुट के साथ गिरफ्तार हुए दो भारतीय नागरिक

**दक्षिण दिनाजपुर।** जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के रायगंज सेक्टर के अंतर्गत 61वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल की बॉर्डर आउट पोस्ट श्रीरामपुर के सतर्क जवानों ने एक भारतीय महिला को सोने के बिस्कुट के साथ पकड़ा है। वहीं, महिला के निशानदेही पर एक व्यक्ति को भी पकड़ा गया है। बीएसएफ ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। बीएसएफ के अनुसार, महिला को संदिग्ध अवस्था में भारत-बांग्लादेश सीमा बाड़ गेट नंबर दस से आगे जमालपुर के पास पकड़ा गया। जब महिला की तलाशी ली गई तो चप्पल से दस पीस सोने के बिस्कुट बरामद हुआ।



**भक्तों का स्वागत**

मंगलवार को हरिद्वार में हर की पौड़ी पर 'श्रावण' के पवित्र महीने में शिव भक्तों पर एक हेलीकॉप्टर ने फूल बरसाए।

### ईडी के प. बंगाल में 10 अलग-अलग स्थानों पर छापे

**कोलकाता।** ईडी के अधिकारी पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में 10 स्थानों पर विभिन्न व्यापारियों और दो टीएमसी नेताओं के आवास, मिलों और कार्यालयों पर एक साथ छापेमारी कर रहे हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि यह ऑपरेशन करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले की चल रही जांच का हिस्सा है। केंद्रीय बलों के साथ, ईडी अधिकारियों ने राजारहाट, बारासात, बसीरहाट, भांगर और देगंगा में तलाशी अभियान चलाया है। ईडी के मुताबिक छापेमारी में चावल और आटा मिलें शामिल हैं। साथ ही व्यापारियों के कार्यालय भी शामिल हैं, जो सीधे या परोक्ष रूप से इस घोटाले में शामिल हैं। इनमें देगंगा के दो टीएमसी नेता भी शामिल हैं, जिनकी मिलों की तलाशी ली जा रही है।

## न्यूज बॉक्स

### दिल्ली कोचिंग हादसे के बाद जागा निगम, 19 कोचिंग सेंटर सील



**नई दिल्ली।** दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में हुए हादसे के बाद नगर निगम रविवार से ही लगातार कोचिंग सेंटर्स को सील करने की कार्रवाई कर रहा है। इस दौरान जिन कोचिंग सेंटर्स में अनियमिताएं पाई जा रही हैं, उन्हें सील किया जा रहा है। रविवार से शुरू हुए इस अभियान में मंगलवार तक 19 कोचिंग सेंटर्स को सील किया जा चुका है। मंगलवार को मेयर शैली ओबेरॉय नगर निगम के अधिकारियों के साथ प्रीत विहार पहुंची। उन्होंने प्रीत विहार में नियमों को ताक पर रखकर बेसमेंट में संचालित हो रहे कोचिंग सेंटर्स का निरीक्षण किया। इस दौरान संस्कृति अकादमी का निरीक्षण करने पर पाया गया कि वो बेसमेंट के अंदर संचालित हो रहा है। कोचिंग सेंटर से बेसमेंट में कक्षाएं चलाने की अनुमति के पेपर मांगे गए तो वो दिखाने में विफल रहे। इसके बाद एमसीडी के अधिकारियों ने अकादमी को सील कर दिया। मेयर ने कहा कि पूरी दिल्ली में कई सारे कोचिंग सेंटर्स ने एमसीडी की बिल्डिंग बायलॉज की धज्जियां उड़ाकर रख दी है। एमसीडी इन सब पर कड़ी कार्रवाई करने जा रही है।

### आप की महिला कार्यकर्ता ने की पार्टी के पदाधिकारी की पिटाई



**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में आम आदमी पार्टी की एक महिला कार्यकर्ता ने अपनी ही पार्टी के एक नेता की पिटाई कर दी। प्रीती चौधरी का आरोप है कि पार्टी के महासचिव दीपक चौधरी उनका शारीरिक शोषण करना चाहते हैं। प्रीती चौधरी ने कहा कि मैं पिछले तीन साल से आम आदमी पार्टी से जुड़ी हुई हूं। मैं अपने पति से अलग हो चुकी हूं, जिसके चलते पार्टी के कुछ नेता मेरा गलत फायदा उठाना चाहते हैं। मुझसे कहा गया कि मैं उनकी बात मान लूं और उनके साथ अवैध संबंध बनाने के लिए तैयार हो जाऊं। उन्होंने कहा कि पार्टी के महासचिव दीपक चौधरी मेरे साथ गलत व्यवहार करते हैं। मुझे गलत नजरिए से देखा जाता है। जब मैंने उनकी बात माने से इनकार किया तो मुझे पार्टी के व्हाट्सअप ग्रुप से निकाल दिया गया। दीपक चौधरी मेरे साथ कई महीनों से बदतमीजी कर रहा है। उनके अलावा कोई और पदाधिकारी ऐसी हरकत नहीं करता। मैं बहुत दिन से दीपक चौधरी को सबक सिखाना चाहती थी। आम आदमी पार्टी पिछले कई दिनों से कोई कार्यक्रम या प्रदर्शन नहीं कर रही थी। मुझे पता चला कि आज पदाधिकारी पार्टी के मुख्यालय पर एकत्रित होंगे।

### बिहार के पटना में कोचिंग संस्थानों पर एसडीओ टीम ने मारा छापा




**पटना।** दिल्ली की एक कोचिंग संस्थान की लाइब्रेरी में तीन छात्रों की दर्दनाक मौत हुई। यूपीएससी की तैयारी करने राजेंद्र नगर पहुंचे छात्रों की मौत ने सभी को झकझोर दिया है। अब प्रशासन अवैध तरीके से चल रहे कोचिंग संस्थानों पर कार्रवाई कर रहा है। बिहार के पटना में कोचिंग संस्थानों पर एसडीओ टीम ने छापा मारा है। एसडीओ की टीम मंगलवार को मछुआ टोली खजांची रोड स्थित कई कोचिंग संस्थानो पर छापेमारी करने के लिए पहुंची। यह इलाका कोचिंग का हब माना जाता है। बताया जा रहा है कि एसडीओ की टीम दिल्ली की तर्ज पर कोचिंग संस्थानों की व्यवस्था की जांच के लिए पहुंची थी। इस छापेमारी की कार्रवाई में एसडीओ की टीम को क्या हाथ लगा है, इसका खुलासा नहीं हुआ है। बता दें कि दिल्ली बेसमेंट हादसे के बाद दृष्टि आईएएस कोचिंग समेत कई कोचिंग संस्थानों को सील कर दिया गया है।

## आज का राशिफल

**मेष** — कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**वृषभ** — अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**मिथुन** — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

**कर्क** — मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**सिंह** — संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। मेहमानों का आगमन होगा।

**कन्या** — पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा।

**तुला** — माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृश्चिक** — नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में सम्मान बढ़ेगा।

**धनु** — कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**मकर** — कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी।

**कुम्भ** — शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है, अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव।

**मीन** — पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### विस्तारा ने गैर-उड़ान सेवा के स्थायी कर्मचारियों को वीआरएस की पेशकश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विस्तारा ने एयर इंडिया के साथ विलय से पहले उड़ान सेवा के इतर अन्य कार्यों से जुड़े हुए कर्मचारियों के लिए वीआरएस के साथ-साथ स्वैच्छिक पृथक्करण योजनाओं (वीएसएस) की पेशकश की है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि विस्तारा ने उड़ान सेवा के इतर नॉन-फ्लाइंग स्थायी कर्मचारियों के लिए वीआरएस और वीएसएस की पेशकश की है। पात्र कर्मचारी 23 अगस्त, 2024 तक इन योजनाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि विस्तारा, टाटा ग्रुप और सिंगापुर एयरलाइंस के बीच एक संयुक्त उद्यम है। एयरलाइन में स्थायी तथा अनुबंध सहित 6,500 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं।

#### योजनाओं के समान

विस्तारा का वीआरएस योजना उन लोगों के लिए है जिन्होंने एयरलाइन में 5 साल की अपनी सेवा पूरी कर ली है, जबकि वीएसएस उन कर्मचारियों के लिए है जिन्होंने एयरलाइन में अभी पांच साल की सेवा पूरी नहीं की है। ये योजनाएं टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया के इस महीने की शुरूआत में पेश की गई योजनाओं के समान हैं।




### आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तारीख है आज

**नई दिल्ली।** वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 है। अब सिर्फ एक ही दिन आयकर भरने के लिए शेष बचा हुआ है। आयकर विभाग ने करदाताओं को 31 जुलाई 2024 तक अपना कर जमा करने के लिए अनुरोध किया है। समय सीमा खत्म होने से पहले ही व्यक्तिगत करदाताओं को कर जमा करना होगा। हालांकि ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि समयसीमा बढ़ाई जाएगी, लेकिन आधिकारिक तौर पर ऐसी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। पिछले साल भी, जब समयसीमा नहीं बढ़ाई गई थी, तब बड़ी संख्या में करदाता हैरान रह गए थे।

### भारत में सोने की मांग अप्रैल और जून तिमाही में 5 फीसदी घटी : डब्ल्यूजीसी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत में सोने की मांग में गिरावट आई है। सोने की मांग में यह गिरावट कीमतों में रिकॉर्ड वृद्धि के कारण दर्ज हुई है। अप्रैल-जून तिमाही में सोने की मांग पांच फीसदी घटकर 149.7 टन रह गई है। हालांकि, इस दौरान देश में सोने का कुल आयात आठ फीसदी बढ़कर 196.9 टन रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 182.3 टन था। डब्ल्यूजीसी की ओर से मंगलवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल-जून 2024 तिमाही में सोने की मांग घटकर 149.7 टन रह गई, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 158.1 टन थी। हालांकि, मूल्य के संदर्भ में सोने की मांग दूसरी तिमाही के दौरान 17 फीसदी बढ़कर 93,850 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 82,530 करोड़ रुपये रही थी। रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल-जून तिमाही में सोने की कीमतें आसमान छू गईं, जिससे 24 कैरेट सोने के दाम रिकॉर्ड प्रति 10 ग्राम 74,000 रुपये को पार कर गई।

#### सोने की मांग में एक साल पहले की तुलना में पांच फीसदी की गिरावट



**डब्ल्यूजीसी** के क्षेत्रीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सचिन जैन ने जारी बयान में कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में भारत की सोने की मांग में एक साल पहले की तुलना में 5 फीसदी की गिरावट आई है लेकिन आयात करों में कटौती के बाद स्थानीय कीमत में सुधार के कारण 2024 की दूसरी छमाही में खपत में सुधार होने की उम्मीद है।

### यूपीए में सबसे कमजोर अर्थव्यवस्था में शामिल था भारत, एनडीए में शीर्ष पांच में पहुंचा : पीयूष

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की बजट पर प्रतिक्रिया की आलोचना करते हुए केंद्रीय वाणिज्य और इंडस्ट्री मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत कांग्रेस के समय पांच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्था में शामिल था। वहीं, बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए के कार्यकाल में यह दुनिया की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में आ गया है। गोयल ने संसद में बोलते हुए कहा कि यूपीए सरकार की ओर से कभी भी गरीबों को ऊपर उठाने की बात नहीं की गई। बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार को विरासत में दुनिया की सबसे कमजोर अर्थव्यवस्था में से एक मिली थी। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस के नेता पी. चिदंबरम को निशाने पर लेते हुए कहा कि 2004 में पूर्व वित्त मंत्री को एक मजबूत अर्थव्यवस्था विरासत में मिली थी। उस समय ग्रोथ रेट आठ प्रतिशत थी और महंगाई दर करीब चार प्रतिशत थी। अर्थव्यवस्था के आकार के हिसाब से विदेशी मुद्रा भंडार भी काफी अच्छी स्थिति में था। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने आगे पूछा कि अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में यूपीए ने क्या किया?



#### तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था

**आज** भारत कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में से निकलकर दुनिया की मजबूत और सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बन चुका है। नीति आयोग के एक दस्तावेज में कहा गया कि भारत 5 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तरफ बढ़ रहा है। भारत का लक्ष्य 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ 18,000 डॉलर प्रति व्यक्ति आय करना है।

### सरकारी स्वास्थ्य संवर्धन पहल को व्यावसायिक निकायों का मिला समर्थन



एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) प्रोफेसर डॉ. अतुल गोयल ने भारत के प्रमुख स्वास्थ्य व्यावसायिक निकायों (प्रोफेशनल बॉडीज) के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की। हाइब्रिड मोड में आयोजित इस बैठक में 27 से ज्यादा प्रतिष्ठित स्वास्थ्य व्यावसायिक निकायों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

स्वास्थ्य मंत्रालय की पहलों को आगे बढ़ाने के लिए आयोजित बैठक में स्वस्थ आहार, शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा देने और तंबाकू, अल्कोहल जैसे गैर-संचारी रोगों के जोखिम कारकों को कम करने पर विशेष ध्यान दिया गया।

# 'म्हारी छोरियां छोरों से कम है के', हरियाणा की बेटियां ओलंपिक में सब पर हावी


मनु भाकर

## 'खुशी के मारे हो सकता था हार्ट अटैक' : मनु भाकर के पिता

**सूरजकुंड।** पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर के घर पर एक बार फिर बधाइयों का तांता लगा हुआ है जिन्होंने पेरिस ओलंपिक में दूसरा कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। मनु स्वतंत्र भारत में एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गई जिन्होंने दस मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में सरबजोत सिंह के साथ कांस्य पदक जीता। मनु के पिता राम किशनो कहा कि पेरिस में अपनी बेटी के प्रदर्शन को बयां करने के लिए उनके पास शब्द नहीं है। उन्होंने कहा कि कोच जसपाल राणा से जुड़ने के बाद उसका आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा, मेरे पास शब्द नहीं है। यह देश के लिए बड़ी उपलब्धि है।' उन्होंने कहा, जसपाल अपने समय में बड़ा निशानेबाज रहा है और उनका आपसी तालमेल बहुत अच्छा है। जब वह दोबारा उसके साथ जुड़ा तो उसका आत्मविश्वास बढ गया।' उन्होंने कहा, मनु के प्रयासों और जसपाल के आशीर्वाद से उसे कामयाबी मिली।' मनु की मां सुमेधा ने कहा कि बेटी के दूसरे पदक के बारे में सुनकर खुशी के मारे उन्हें हार्ट अटैक हो सकता था। उन्होंने कहा, मैं प्रार्थना कर रही थी कि आज जलते अंगारों पर भी चलना पड़े तो मैं चलूंगी, बस मेरी बेटी कामयाब हो जाए। मैने मुकाबला नहीं देखा क्योंकि मैं प्रार्थना कर रही थी। पड़ोसियों ने आकर बताया कि मनु ने एक और पदक जीत लिया है। मैं इतनी खुश थी कि खुशी के मारे हार्ट अटैक हो सकता था।

## किरण से देश को 400 मीटर रेस में पदक की उम्मीद

**झज्जर।** पेरिस ओलंपिक में भारत के खाते में दो मेडल आ चुके हैं। हरियाणा की लड़कियों की गूंज पेरिस ओलंपिक में सुनाई दे रही है, मनु भाकर के बाद सोनीपत के गांव गुमड़ की रहने वाली किरण पहल से देश को 400 मीटर रेस में पदक की उम्मीद है, अगर किरण पदक लाने में कामयाब हुई तो वो ऐसी पहली महिला एथलेटिक्स खिलाड़ी बन जाएंगी, जिन्होंने इस इवेंट में देश के लिए पदक जीता होगा। किरण के लिए एक छोटे से गांव से निकल ओलंपिक तक का सफर तय करना आसान नहीं था। उनकी कहानी काफी संघर्षों से भरी हुई है। एक समय ऐसा था जब वो दौड़ करने के जूते से लेकर खाने तक के पैसे भी दादी की पेंशन से लेती थी, लेकिन अब परिवार का नाम रोशन करने के लिए पेरिस ओलंपिक में दौड़ लगाने के लिए तैयार किरण ने अपनी कड़ी मेहनत से अपनी किस्मत बदली है। हरियाणा को पहलवानों और खिलाड़ियों की धरती कहा जाता है।

पेरिस ओलंपिक में भी भारत की पदक तालिका का खाता हरियाणा की बेटी मनु भाकर ने खोला तो हरियाणा के कई ऐसे खिलाड़ी अभी भी पेरिस की धरती पर मौजूद है जो देश के लिए पदक लाने का दम रखते हैं। 400 मीटर रेस में सोनीपत के गांव गुमड़ की रहने वाली 24 साल की किरण पहल देश के लिए पदक जीतने का भरोसा लिए पेरिस की धरती पर मौजूद है।



किरण पहल

## मनु-सरबजोत की ऐतिहासिक जीत, देश भर से मिली बधाईयां

### भारत के हाई जंप एथलीट तेजस्विन शंकर

भारत के हाई जंप एथलीट तेजस्विन शंकर ने 'एक्स' पर लिखा, मुझे शूटिंग समझ में नहीं आती। मनु और सरबजोत के चेहरे पर दिख रही शांति खतरनाक है। मैं अपने पदक का जश्न मनाते हुए पूरे आयोजन स्थल पर दौड़ता और रोता था! हम सभी के लिए सच्चे रोल मॉडल।

### भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने पोस्ट किया, शानदार प्रदर्शन मनु भाकर और सरबजोत सिंह! भारत का दूसरा पदक।

### बीसीसीआई महासचिव जय शाह

बीसीसीआई महासचिव जय शाह ने पोस्ट में लिखा, भारत के लिए दूसरा पदक। मनु भाकर और सरबजोत आप दोनों आज 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम कांस्य पदक मैच में शानदार थे! पूरे आयोजन के दौरान आपका धैर्य अविश्वसनीय था। इस पल को संजोएं। यह हमारे देश के लिए बहुत गर्व की बात है!

### मुक्केबाज विजेंदर सिंह

ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने कहा, इतिहास रचने वाली मनु भाकर! आपने हमें एक बार फिर चकित कर दिया है। पूरे देश को आप पर गर्व है। ऐसे ही चमकते रहो।

### हरभजन सिंह

हरभजन सिंह ने पोस्ट में लिखा, बहुत बढ़िया मनु भाकर और सरबजोत। आप पर गर्व है।

### पूर्व भारतीय महिला हॉकी कप्तान रामपाल

पूर्व भारतीय महिला हॉकी कप्तान रामपाल ने कहा, पिछले दो ओलंपिक में कोई पदक नहीं जीतने के बाद, भारतीय निशानेबाजों ने शानदार वापसी की है। मनु भाकर अब लगातार दो ओलंपिक मैच में पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं।

## पदक तालिका

| टीम | गोल्ड | सिल्वर | ब्रॉन्ज | टोटल |
|---|---|---|---|---|
| 1. जापान | 6 | 2 | 4 | 12 |
| 2. ऑस्ट्रेलिया | 5 | 4 | 0 | 9 |
| 3. अमेरिका | 3 | 8 | 9 | 20 |
| 4. फ्रांस | 5 | 8 | 3 | 16 |
| 5. द. कोरिया | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 6. चीन | 5 | 5 | 2 | 12 |
| 7. इटली | 2 | 3 | 3 | 8 |
| 8.कजाकिस्तान | 1 | 0 | 2 | 3 |
| 9.जर्मनी | 2 | 0 | 0 | 2 |
| 22. भारत | 0 | 0 | 2 | 2 |

# मनिका बत्रा ने फ्रांस की प्रीथिका पवाडे को हराया




**एजेंसी। पेरिस**

भारत की अनुभवी खिलाड़ी मनिका बत्रा ने ओलंपिक टेबल टेनिस स्पर्धा के अंतिम 32 मैच में फ्रांस की 12वीं वरीय प्रीथिका पवाडे को सीधे गेमों मे शिकस्त दी। राष्ट्रमंडल खेलों की चैम्पियन और 18वीं वरीय मनिका ने 37 मिनट तक चले मुकाबले में 11-9, 11-6, 11-9, 11-7 से जीत दर्ज की।

वह ओलंपिक टेबल टेनिस के अंतिम-16 में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी। मनिका को पहले गेम में बाएं हाथ की खिलाड़ी के खिलाफ सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई और यह काफी करीबी मुकाबला रहा। मनिका ने अखिरी तीन अंक अपने नाम कर इसे 11-9 से जीता।

दूसरे गेम की शुरूआत में भी मुकाबला काफी करीबी था लेकिन 6-6 की बराबरी के बाद मनिका ने प्रीथिका को कोई मौका नहीं दिया और 11-6 से वह जीत गई। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम की लय तीसरे गेम में जारी रखते हुए पांच अंक की बढ़त बनाई लेकिन प्रीथिका ने लगातार चार अंक हासिल कर स्कोर को 9-10 कर दिया। प्रीथिका दबाव में गेंद को नेट पर खेल गई और मनिका ने 11-9 से इस गेम को जीत लिया। मनिका ने चौके गेम में 6-2 की बढ़त के साथ अच्छी शुरूआत को 10-4 में बदल कर छह मैच प्वाइंट हासिल किए। प्रीथिका तीन मैच प्वाइंट बचाने में सफल रही लेकिन मनिका ने चौथे अंक को भुनाकर मैच अपने नाम किया। प्री क्वार्टर फाइनल में मनिका की भिड़ंत जापान की आठवीं वरीय हिरोनो मियू और हांगकांग की झू चेंगझू के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगी।

## पेरिस ओलंपिक में मेडल लाने से चूके बलराज पंवार



**करनाल।** पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने वैश्विक मंच पर तिरंगे का मान बढ़ाया है। इसके साथ ही विलायती खिलाड़ियों को लगे हाथों ये पैगाम भी दे दिया है कि ह्यहम भारतीय किसी से कम नहीं हैंह्न। ताज्जुब और खुशी की बात यह है कि हर खेल में हमारे खिलाड़ियों ने तिरंगे का शान बढ़ाया है। जिसे लेकर चौतरफा चर्चा हो रही है। उधर, ऐसा कमाल दिखाने वाले खिलाड़ियों के घरों में भी खुशी का ठिकाना नहीं है। हर कोई पेरिस ओलंपिक में इतिहास रचने वाले खिलाड़ियों के परिजनों को बधाई देने पहुंच रहा है। वहीं पेरिस ओलंपिक के खुमार के बीच बलराज पंवार की चौतरफा चर्चा हो रही है। हालांकि, वो मेडल लाने से चूक गए।

## ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीम पेरिस पहुंची



**पेरिस।** भारतीय एथलेटिक्स टीम मौजूदा पेरिस ओलंपिक 2024 में ट्रैक और फील्ड स्पधाओं से पहले मंगलवार को पेरिस पहुंची। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर पेरिस के हवाई अड्डे पर एथलेटिक्स टीम के पहुंचने एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, भारतीय एथलेटिक्स टीम पेरिस में पहुंची। पेरिस 2024 ओलंपिक में एथलेटिक्स में भारत की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जिसमें विभिन्न ट्रैक और फील्ड स्पधाओं में प्रतिस्पर्धा करने वाले एथलीटों की एक मजबूत लाइनअप है। देश के खेल अधिकारियों ने व्यापक प्रशिक्षण और विकास परियोजनाओं में निवेश करते हुए एथलेटिक्स पर महत्वपूर्ण जोर दिया है। इस रणनीतिक फोकस का उद्देश्य पिछले खेलों की सफलताओं को आगे बढ़ाना और इस अनुशासन में भारत की पदक तालिका में सुधार करना है। स्प्रिंट से लेकर लंबी दूरी की दौड़ तक और छलांग से लेकर थ्रो तक, भारतीय एथलीट अपनी छाप छोड़ने और देश को गौरवान्वित करने के लिए तैयार हैं।




# भारत ने हॉकी में आयरलैंड को 2-0 से हराया

**एजेंसी। पेरिस**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार को पूल बी मैच में आयरलैंड के खिलाफ 2-0 से जीत हासिल की। भारत के लिए दोनों गोल कप्तान हरमनप्रीत ने किए। भारत पेरिस ओलंपिक में अभी तक एक भी मैच नहीं हारा है। गेम की शुरूआत आयरलैंड द्वारा अटैक करने से हुई। हालांकि, भारत ने पहले क्वार्टर के 11वें मिनट में ही बढ़त बना ली, जब कप्तान हरमनप्रीत ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में तब्दील कर दिया। भारत को यह पेनल्टी स्ट्रोक मनदीप सिंह को खराब तरीके से टैकल करने के कारण मिला। भारत ने पहले क्वार्टर

### कप्तान हरमनप्रीत ने किए दोनों गोल

को 1-0 की लीड के साथ समाप्त किया। दूसरे क्वार्टर में भारत को लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले। कप्तान हरमनप्रीत ने तीसरा पेनल्टी कॉर्नर गोल में तब्दील करके भारत की लीड को 2-0 कर दिया। पेरिस ओलंपिक में हरमनप्रीत का मैजिक जारी है और उन्होंने इस प्रतियोगिता में अपने गोल की संख्या चार कर ली है। इस मैच में भारतीय टीम ने पहले हाफ में दबदबा बनाया। तीसरे और चौथे क्वार्टर में आयरलैंड ने काउंटर अटैक करने की पूरी कोशिश की। लेकिन भारत के गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने एक बार फिर अपना अनुभव दिखाते हुए आयरलैंड के गोल को रोकने का काम किया। इस मैच में भारत के डिफेंस ने आयरलैंड के पेनल्टी कॉर्नर को रोकने के लिए शानदार काम किया। भारत अपने पूल में 3 मैचों में 2 जीत और एक ड्रा के साथ, 7 अंक जुटाकर टॉप पर है। भारत ने पेरिस ओलंपिक में अपने अभियान की शुरूआत न्यूजीलैंड को 3-2 से हराकर की थी। इसके बाद भारतीय हॉकी टीम ने अर्जेंटीना के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला था।

## कांस्य पदक जीतने पर पीएम मोदी ने सरबजोत सिंह से की फोन पर बात, कहा 'मनु और आपने शानदार टीमवर्क दिखाया'



**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने के बाद, भारतीय निशानेबाज सरबजोत सिंह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने सरबजोत से बातचीत के दौरान मनु भाकर को भी बधाई, और उनके आने वाले इवेंट के लिए शुभकामनाएं दी। सरबजोत सिंह और मनु भाकर ने मिक्स्ड 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में दक्षिण कोरियाई जोड़ी को हराकर भारत के लिए कांस्य पदक जीता। यह भारत का पेरिस ओलंपिक में दूसरा पदक था। फोन पर बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने कहा, सरबजोत, बधाई हो। आपने देश को बहुत गौरव दिलाया है। आपकी मेहनत रंग लाई है। मेरी ओर से मनु भाकर को भी बहुत बधाई। प्रधानमंत्री मोदी को मनु भाकर और सरबजोत सिंह के बीच टीमवर्क के बारे में भी जानने की उत्सुकता थी। उन्होंने पूछा, आप दोनों ने जिस तरह से प्रदर्शन किया है, उसमें मनु और आपने शानदार टीमवर्क दिखाया है। इसका क्या राज है? इस पर सरबजोत ने बताया कि वह दोनों साल 2019 से साथ काम कर रहे हैं। दोनों ने राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीते हैं। दोनों ने जूनियर विश्व कप और अन्य विश्व कप में भी जीत दर्ज की है। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि वह अगली बार बेहतर प्रदर्शन करेंगे और स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करेंगे।

# सानिया मिर्जा और हरभजन सिंह ने डिजिटल खेल पहल का किया समर्थन

**एजेंसी। दुबई**

टेनिस आइकन सानिया मिर्जा का मानना है कि भारत को 2036 ओलंपिक खेलों तक शीर्ष-10 खेल राष्ट्र बनने के लिए जमीनी स्तर के खेल कार्यक्रमों में पूरी तरह निवेश करना चाहिए। छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन और महिला युगल में पूर्व विश्व नंबर 1 सानिया ने कहा कि इस उद्देश्य के लिए सरकार और निजी संस्थाओं को मिलकर काम करने और प्रारंभिक अवस्था से युवा प्रतिभाओं को ट्रेनिंग देने की आवश्यकता है।

भारतीय खेलों में अग्रणी, सानिया मिर्जा ने देश के पहले डिजिटल खेल सीखने वाले प्लेटफॉर्म, प्ले स्पोर्ट्स का समर्थन किया। दुबई में ऐप लॉन्च के दौरान पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह और पूर्व विश्व चैंपियन एमसी मैरी कॉम के साथ इस पहल के बारे में बोलते



हुए, सानिया ने भविष्य के ओलंपिक चैंपियनों को तैयार करने में किसी भी खेल के जमीनी स्तर पर विकास के महत्व पर जोर दिया। भारत ने 1900 ईस्वी से कुल 35 ओलंपिक पदक जीते हैं और इस बार पेरिस 2024 में देश का लक्ष्य दोहरे अंकों में प्रवेश करना है। टोक्यो 2020 में सात पदकों के साथ देश ने अपनी अब तक की सबसे सफलता दर्ज की थी। सानिया ने जोर दिया, सब कुछ संभव है अगर आपका मन और शरीर अनुमति देता है। प्ले स्पोर्ट्स ऐप हमें जमीनी स्तर के एथलीटों को पोषित करने में मदद करता है और लक्ष्य विभिन्न अनुशासनों में अधिक चैंपियनों को ओलंपिक के लिए पोषित करने का प्रयास करना है।

दूर-दराज के गांवों और कस्बों में रहने वाले बच्चों तक गुणवत्ता प्रशिक्षण और कोचिंग की कोई पहुंच नहीं है, बावजूद इसके कि उनके पास कौशल और प्रतिभा है। प्ले स्पोर्ट्स ऐप का उद्देश्य उस अंतर को पाटना है और डिजिटल युग की ओर बढ़ते हुए वे हर प्रतिभाशाली बच्चे को पोषण, प्रशिक्षण और पुनर्प्राप्ति तंत्र के बारे में जानकारी से लैस करना चाहते हैं। सरकार के 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी की इच्छा के साथ, मिर्जा का मानना है कि चार वर्षीय महोत्सव में देश का भविष्य महत्वाकांक्षी लेकिन प्राप्त करने योग्य है।

मिर्जा ने कहा, 2036 अवास्तविक लक्ष्य नहीं लगता।'' बढ़े हुए प्रतिनिधित्व और भारत के लिए अधिक पदकों की उम्मीद जताते हुए, 37 वर्षीय सानिया मिर्जा की आशावादिता देश के युवा एथलीटों में उनकी देखी गई संभावनाओं का प्रमाण है।

लॉन्च के दौरान, क्रिकेट लीजेंड हरभजन सिंह ने अपने शानदार करियर पर अपने दिल से विचार साझा किए और अपनी टीममेट्स के साथ दो विश्व कप जीतने की अनमोल खुशी पर जोर दिया।

### ओलंपिक 2024 में शामिल नहीं होने पर मुरली श्रीशंकर ने कहा-

## मैं पेरिस मिस कर रहा हूं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के शीर्ष लंबी कूद एथलीट और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता मुरली श्रीशंकर ने पेरिस ओलंपिक 2024 से चूकने को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर रहने वाले श्रीशंकर को पिछले महीने अपने गृहनगर पलक्कड़ में प्रशिक्षण के दौरान बाएं घुटने में चोट लग गई थी। कई परामर्शों और परीक्षणों के बाद उन्होंने सर्जरी का विकल्प चुना, इसलिए उन्होंने खुद को इस प्रतिष्ठित बहु-खेल प्रतियोगिता से बाहर कर लिया। चोट लगने के बाद 25 वर्षीय खिलाड़ी ने इस सप्ताह दोहा, कतर में घुटने की सफल सर्जरी कराई, जिसके कारण वह चल रहे मेगा इवेंट से बाहर हो गए। जियो सिनेमा और स्पोर्ट्स 18 के ओलंपिक विशेषज्ञ मुरली श्रीशंकर ने एक मीडिया कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे ओलंपिक के लिए पेरिस में होने की याद आती है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण था, लेकिन




मेरे पास खुद को मानसिक रूप से मजबूत रखने और अगले ओलंपिक के लिए वापस आने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है, जो लॉस एंजिल्स में है। एक प्रशंसक के रूप में, मैं उन भारतीय एथलीटों का उत्साह बढ़ाऊंगा पर जो पेरिस में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। एथलेटिक्स जल्द ही ओलंपिक में शुरू होने वाला है, मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा अगस्त के दौरान एक्शन में होंगे। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के क्वालीफायर 6 अगस्त को होंगे और फाइनल दो दिन बाद होगा।

## एक नजर

### छह दिनों से पेयजल आपूर्ति बाधित शहरवासी परेशान

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद के देवरी सोन नदी स्थित वाटर फिल्टर प्लांट के पास लगे ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण शहर में जल आपूर्ति पिछले छह दिनों से ठप है। जिसके चलते इस बरसात व उमश भरी गर्मी में लोगों को पीने का पानी के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ी रही है। शहर में पानी सप्लाई बंद होने के करण पानी जुटाने के लिये लोग इधर उधर दौड़ने लगे है। वही कई चापनल लोगों का सहारा बना हुआ है, शहर के पेयजल उपभोक्ताओं का कहना है कि हुसैनाबाद मे जलापूर्ति योजना हाथी का दांत साबित हो रहा है।अक्सर वाटर फिल्टर प्लांट में बालू भरने, तो कभी मोटर जल जाने, तो कभी और कुछ तकनीकी खराबी के करण हमेशा कई - कई दिनों तक जलापूर्ति बाधित होती ही रहती है।

### ट्रक ने बाइक को लिया आपनी चपेट में 2 घायल, रिम्स रेफर

बालूमाथ। मगध कोलवरी के आरा बैरियर के समीप एक ट्रक के धक्के से बाइक पर सवार दो युवक मैकलुस्कीगंज निवासी राजेश उराँव व आरा ग्राम निवासी दीपक कुमार साव घायल हो गये हैं। जिसे ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। घायल युवक को बालूमाथ प्राथमिक स्वास्थ्य में उपचार कर उचित इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है।बताया जाता है कि युवक अपने घर मैकलुस्कीगंज से कुछ निजी कार्य के लिए आरा चमातू आया था और कार्य कर वापस घर लौट रहा था इसी क्रम में ट्रक ने अपने चपेट में ले लिया। बता दें किस तरह का घटना कलवारी माइंस क्षेत्र अंतर्गत आए दिन होता रहता है जिस पर निजात दिलाने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

### कुएं में डूबने से पांच वर्षीय मासूम की मौत

चंदवा। थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा पूर्वी के डेमटोला निवासी प्रदीप राम के 5 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार की मौत सोमवार की शाम कुएं में डूबने की वजह से हो गई। मासूम बच्चे की असमायिक मृत्यु के बाद परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रिंस कुमार चंदवा के खीस्त राजा विद्यालय का छात्र था। सोमवार की दोपहर बाद स्कूल से छुट्टी होने के बाद प्रिंस के पिता बच्चों को स्कूल से लेकर घर आये थे। खाना खाने के बाद वह बच्चे को घर से थोड़ी दूर पर स्थित टोरी रेलवे फाटक के समीप पत्नी के पास छोड़कर काम पर चले गए। वंही मां के अनुसार प्रिंस खेलते खेलते घर की ओर चला गया। जिसके बाद से वह लापता था। काफी देर तक प्रिंस को नही देख परिजनों व आसपास के लोगो ने खोजबीन शुरू कर दी।

# सांसद निशिकांत दुबे के बयान पर झामुमो का प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा लोकसभा में झारखंड राज्य के अभिन्न अंग संथाल-परगना, बिहार एवं पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों को मिलाकर केंद्रशासित प्रदेश बनाने के संबंध में दिए गए बयान के विरोध में झामुमो पलामू ने मंगलवार को मेदिनीनगर में विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व झामुमो पलामू के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने किया। निशिकांत दुबे के इस बयान को झामुमो ने झारखंड विरोधी बयान बताया है और पूरे झारखंड में झामुमो इसका विरोध उग्र तरीके से कर रही है। निंदा हो रही है। झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि निशिकांत द्वारा झारखंड तोड़ने की बात संसद में कहना दशार्ता है कि भाजपा की मंशा झारखंड के टुकड़े करने की है। भाजपा और उसके बाहरी सांसद को माफी मांगनी चाहिए। झारखंड हमारे पूर्वजों और आंदोलनकारियों की कुर्बानियों के बाद मिला है।




हजारों लोग शहीद हुए तब जाकर झारखंड बना है। झामुमो ने झारखंड को बनाया है तो बचाना भी जानता है। भाजपा के इस झारखंड विरोधी चाल को झारखंड की जनता समझ चुकी है। झारखंड में भाजपा कभी सत्ता में नहीं आने वाली है। देश के लोगों में फूट डालने की राजनीति करते करते ये अब झारखंड को तोड़ने में लग गए हैं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आंदोलनकारी और लड़कर झारखंड को अलग करने वाले दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पुत्र हैं, वो झारखंड को टूटने नहीं देंगे। कार्यक्रम में जिला सचिव सन्नू सिद्धिकी, केंद्रीय समिति सदस्य संजीव तिवारी, सुनील तिवारी, मुन्ना सिन्हा कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, असफर रब्बानी सहित सैकड़ों झामुमो के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हाथियों ने वृद्ध को कुचलकर मार डाला

**गढ़वा।** धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडार पंचायत के कदवा (लिखनीधौरा) गांव में एक वृद्ध को जंगली हाथियों ने कुचलकर मार डाला। मृतक की पहचान आदिम जनजाति के सकुराज कोरवा (65) वर्ष के रूप में की गई है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी। वहीं ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग और थाना प्रभारी को दिया। जिसके बाद वनपाल प्रमोद यादव व थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार सब इंस्पेक्टर विक्कू कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। वहीं वन विभाग की टीम ने मृतक के परिजन को तत्काल सहायता के रूप में दस हजार रुपए प्रदान किया। साथ ही चार लाख रुपए मुआवजा के रूप में देने की बात कही। जानकारी के अनुसार मृतक लकड़ी चुनने के लिए जंगल गया हुआ था। जहां एक जंगली हाथी ने उस पर हमला कर दिया।

## आंशिक बारिश से ही नरक बना हैदरनगर शहर का जवाहर पथ

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय सह हैदरनगर पूर्वी पंचायत के मुख्य बाजार क्षेत्र के जवाहर पथ में सोमवार की देर शाम मामूली वर्षा के पानी से जलजमाव तो हो ही गया। इसके साथ ही निजी घरों के नाली की जलनिकासी नहीं होने से गंदा पानी का उफान सड़कों पर आ गया। इससे पैदल राहगीरों के चलने के साथ काफी दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। नरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, विनोद कुमार वर्मा, राकेश कुमार, दीपक कुमार, सुचित कुमार, विजय प्रसाद कश्यप, इसराईल राईन, शमीम राईन, नसीम आदि ने कहा कि इस मुहल्ले के सभी निजी घरों नाली मुख्य पथ से तीन फीट नीचे हो गया है। जिसकी साफ सफाई पंचायत स्तर पर भी विगत आठ वर्षों से नहीं कराये



जाने स्थानीय स्टेट बैंक से पीछे से बाजार मीडिल स्कूल के सामने तक जमा पड़ा है। इसी मुहल्ले में एसबीआई के एटीएम केन्द्र तक ग्राहकों को आना जाना मुश्किल हो गया है। ऐसी ही स्थिति टोला कोईरियाडीह में मनोज विश्वकर्मा के घर से लेकर तीन मुहान तक बनी है। उन्होंने कहा कि अब तक लगातार स्थानीय लोगों ने पंचायत प्रतिनिधियों से निजी घरों के नाली के लेबल से बड़ा नाला का निर्माण कराने व इसकी सफाई कराने की गुहार लगाये जाने के बाद भी अनसुनी की जाती रही है।

## बड़े-बड़े पोस्टर-बैनर से प्रचार की जगह गरीबों की मदद ज्यादा महत्वपूर्ण : आलोक

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** डालटनगंज-भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक अलोक चौरसिया ने हाल ही में क्षेत्र के तीन महत्वपूर्ण पुलों के निर्माण की स्वीकृति दिलाई है। इस बाबत मंगलवार को उन्होंने कहा कि इन पुलों के निर्माण से क्षेत्र की सड़क नेटवर्क में महत्वपूर्ण सुधार होगा, जो स्थानीय निवासियों की यात्रा को सुगम बनाएगा और आर्थिक प्रगति को गति प्रदान करेगा। साथ ही कहा कि मैं गरीब परिवार और पिछड़े समाज का बेटा हूं। इसलिए मैं गरीबी और संघर्ष को समझता हूं। मेरे लिए बड़े-बड़े पोस्टर और बैनर प्रचार से ज्यादा महत्वपूर्ण है



गरीबों की मदद करना और क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं पर कार्य करना। विधायक ने कहा कि चैनपुर प्रखंड में तहले नदी पर 116.16 मीटर लंबा पुल बनेगा, जिसकी स्वीकृत राशि 500.15800 लाख रुपये है, जो ग्रामीण इलाकों में परिवहन सुविधाओं को बेहतर बनाएगा और आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देगा। सतबरवा प्रखंड में गणपत चौधरी के घर के पास 67.08 मीटर लंबा पुल का निर्माण होगा, जिसके लिए 336.46500 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे क्षेत्रीय सड़क नेटवर्क को मजबूत किया जाएगा और लोगों का जीवन आसान होगा। मेदिनीनगर प्रखंड में मलय नदी पर 68.44 मीटर लंबा पुल बनाया जाएगा, जिसकी स्वीकृत राशि 346.05800 लाख रुपये है, जो दूर-दराज गांवों की सड़क संपर्कता में सुधार लाएगा और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा।

## थाना के पास एक ही रात में दो घरों में चोरी

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला मुख्यालय में इन दिनों चोरी की वारदात बढ़ गयी है। सोमवार की रात चोरों ने शहर के शिवपुरी इलाके में दो घरों को निशाना बनाया। पहली घटना शिवपूरी के सुरेश प्रजापति के घर में हुई। यहां चोरों ने खिड़की तोड़ कर घर में प्रवेश किया और कमरे में रखे आलमीरा का लॉक तोड़ कर नगद रुपये ले भागे। इस संबंध में सुरेश ने सदर थाना में एक आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि चोरों ने उनके घर से दो से ढाई लाख रुपये नगद की चोरी कर ली। बताया कि चोरों ने ग्रील का ताला भी तोड़ दिया।



दूसरी घटना शिवपुरी में ही संजय कुमार अग्रवाल के घर में हुई। यहां भी चोर खिड़की का ग्रील खोल कर घर के अंदर घुसे। चोरों ने एक कमरे में रखे बक्से अपने साथ ले गये। संजय के पुत्र संदीप अग्रवाल ने बताया कि बक्सा में कपड़ा आदि था। उन्होंने भी चोरी की घटना की सूचना सदर थाना को दी है। बता दें कि शिवपुरी मुहल्ला सदर थाना से मात्र दो सौ मीटर की दूरी पर है। सदर थाना के पास इस प्रकार एक ही रात में चोरी की दो घटनाओं से स्थानीय लोगों में दहशत है।

## गारू के नए सीओ दिनेश कुमार मिश्रा ने दिया योगदान

नवीन मेल संवाददाता

**गारू/लातेहार।** गारु में नये अंचलाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को योगदान दिया और अंचल अधिकारी संतोष बैठा से प्रभार ग्रहण किया। प्रभार ग्रहण करने के बाद एक औपचारिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें अंचल के विभिन्न अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।अपने पहले संबोधन में, दिनेश कुमार मिश्रा ने अंचल की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जाति, स्थानीयता, आय और जमीन मोटेशन से संबंधित मामलों का त्वरित निष्पादन उनकी प्राथमिकता होगी। मिश्रा ने जोर देकर कहा कि अंचल के लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ जल्द से जल्द और सरलता से प्राप्त हो सके, इसके लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे इसके साथ ही, मिश्रा ने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना और सरकारी सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाना ही उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा।

## उपायुक्त के साप्ताहिक जनता दरबार में कई ग्रामीणों ने लगाई फरियाद

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी गरिमा सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सभी की शिकायतों को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा।ज्ञात हो की आज के जनता दरबार में कुल 19 आवेदन प्राप्त हुए। जो मुख्य रूप से मुआवजा, नियोजन, जमीन रशीद, वृद्ध पेंशन, आबुआ आवास, ग्रीन कार्ड को पिला



कार्ड करने संबंध आदि से संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

## मजदूरी कम मिलने पर श्रम कार्यालय का किया घेराव

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार के मुख्यालय में श्रम अधीक्षक कार्यालय में मजदूर ने श्रम अधीक्षक लक्ष्मी कुमारी को आवेदन दिया लक्ष्मी कुमारी ने कहा फिलहाल उनकी जांच होनी चाहिए। मजदूरों द्वारा बताएं गए कम से कम 250रूपया तय की मजदूरी भी नहीं दिये जाती है। सरयू प्रखंड से आए हुए पूर्णिया कुमारी पिता रामेश्वर घासी ग्राम सरयू जिला लातेहार का है उन्होंने बताया कि मेरे साथ अन्य कुल 35 मजदूर एक ही पंचायत के चौराहा के रहने वाले हैं हम लोग मजदूर सरयू निर्माण कार्य में रेजा का काम करते हैं सभी मजदूर का एक दिन का मजदूरी250 ?



दिया जा रहा है 15 दिन काम करने पर आधा दिन का मजदूरी काट दिया जाता है हम सब मजदूर सुबह 8:00 से शाम 6:30 बजे तक हम लोग कार्य करवाता है बीच में लंच का समय होता है तो उसमें भी रुपया काटकर मजबूरी राशि दिया जाता। हम सब जुबेर आलम देखरेख में काम करते हैं। हम सब मजदूर की न्यूनतम मजदूरी एवं बकाया मजदूरी दिलाने के लिए मजदूरों ने श्रम अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया गया। काफी संख्या में सरयू से आए हुए मजदूर ने आवेदन देकर मजदूरी बढ़ाने की मांग की गई है।

# शहरी जलापूर्ति योजना में सरिया लगाने व बकाया भुगतान का मजदूरों ने किया विरोध

नवीन मेल संलाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड के मुरू ग्राम में शहरी जलापूर्ति योजना के तहत करोड़ो रुपए की लागत से बन रहे टंकी निर्माण में बकाया मजदूरी की मांग एवम निम्न स्तर का सरिया लगाने का ग्रामीण ने मंगलवार को निर्माण स्थल में जमकर विरोध किया।योजना स्थल पर निर्माण कार्य का देखरेख कर रहे विभागीय कनीय अभियंता पियूष रंजन ने निम्न स्तर के सरिया को तत्काल हटाने के निर्देश निर्माण कार्य करवा रहे साइड इंचार्ज को दिया है। ग्रामीणों के विरोध के कारण टंकी निर्माण कार्य पर रोक दिया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड मुख्यालय समेत अन्य पांच पंचायतों में शहरी जलाआपूर्ति योजना मद से करोड़ो रुपए की लागत से टंकी एवं पाइप लाइन बिछाने है। इसी के तहत मुरु ग्राम में टंकी का निर्माण संबंधित संवेदक द्वारा कराया जा रहा था। इससे पूर्व संवेदक द्वारा योजना के शुरूआत में कोयल नदी किनारे लंका ग्राम में टंकी निर्माण कराया गया है। जिसमें कई मजदूर, ट्रैक्टर



मालिक समेत अन्य लोगो का मजदूरी व अन्य मद का पैसा बकाया है जिसकी भुगतान किए बिना संवेदक द्वारा मूरु ग्राम में टंकी निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसकी भनक लगते ही राजेश्वर यादव, मुन्ना यादव,गुडु पाल,पूर्व साइड इंचार्ज मंटू सिंह,शिवपूजन कुमार,ट्रैक्टर मालिक हुलास कुमार सिंह समेत काफी संख्या में लोग जमा होकर अपनी सात माह का बकाया मजदूरी राशि की भुगतान की मांग कर रहे थे। मजदूर राजेश्वर यादव,मंटू सिंह आदि ने कहा की हम लोगो को आजकल भुगतान करने का बार बार आश्वासन देकर 7 माह से हम लोग को मजदूरी भुगतान नहीं किया गया जिससे हम सभी लोगो के समक्ष भुखमरी की स्थिति कायम हो गया है।वही हम लोगो को भुगतान किए वगेरह गुप चुप तरीके से दूसरे साइड में काम शुरू कर दिया गया है। काम रोकवा कर बकाया मजदूरी भुगतान होने तक काम शुरू नही करने को लेकर मजदूर जमे हुई थे। वही जेई पियूष रंजन ने निम्न स्तर के सरिया हटा कर ही गुणवत्ता वाले सरिया लगाने के बाद ही काम शुरू करने का निर्देश साइड इंचार्ज को दिया गया।

## स्थल जांच के बाद अबुआ आवास की होगी स्वीकृति

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** अबुआ आवास के लाभुको का चयन करने को लेकर मंगलवार को हैदरनगर पश्चिमी पंचायत सचिवालय में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मुखिया शाहनाज प्रवीन ने की।



संचालन पंचायत सचिव ने किया। ग्राम सभा में उप मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे। मुखिया शाहनाज प्रवीन ने कहा कि ग्रामसभा में अबुआ आवास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024 - 2025 में लाभुकों का लक्ष्य प्राप्ति के आलोक में चयन किया गया है। इसमें कच्चे घर, आवास विहीन व निराश्रित परिवार को लाभ देने पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। मुखिया ने कहा कि स्थल निरीक्षण में यह देखा जायेगा कि किस लाभुक को आवास की सबसे ज्यादा जरूरत है। प्रतीक्षा सूची ने उन्हें पहले रखा जाएगा। जो जरूरतमंद विकलांग, विधवा व बेघर है उन्हे इसका लाभ पहले मिलना जरूरी है। को पहले प्राथमिकता दे। ग्रामीणों ने ग्रामसभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर जरूरतमंद लोगों का चयन किया। मौके पर पंचायत सचिव जय कृष्ण सिंह, पंचायत समिति सदस्य गुलशन आरा, समाजसेवी सज्जू खान, राजू खान, अशरफ हसन के अलावा कई ग्रामीण मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### विपक्ष ने रोजगार...

कर्मचारियों के स्ट्राइक पर जाने के कारण सभी ब्लॉक के काम पड़े हैं। इस सरकार ने कुछ नहीं किया है। हाई कोर्ट ने लैंड सर्वे, पेसा कानून, बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर कड़ी टिप्पणी की और सख्त आदेश दिए, लेकिन हाई कोर्ट की सभी बातों को एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल देते हैं। झारखंड से जुड़े मुद्दे से इनका कोई वास्ता नहीं है। इनको आनंद तब मिलता है, जब जमानत की बात आती है। तब ही इनकी हाई कोर्ट पर नजर रहती है। बाकी समय यह मौन रहते हैं।अमर बाउरी के सदन में दिए गए बयान से हंगामा शुरू हो गया। पक्ष और विपक्ष के विधायक वेल में आकर हंगामा करने लगे। दरअसल, प्रदीप यादव और सुदिव्य कुमार सोनू के बयान पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरन को सिर्फ जमानत मिली है, वो बाइज्जत बरी नहीं हुए हैं। इसी के बाद हंगामा शुरू हो गया।

**मिथिलेश ठाकुर ने कहा- हमारी सरकार ने जितने रोजगार दिए, भाजपा की सरकार नहीं दे पाई :** मिथिलेश ठाकुर ने बिरंची नारायण के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने जितने रोजगार दिए हैं, भाजपा की सरकार नहीं दे पाई। भाजपा अपने पांच साल के आंकड़े देख ले। उनके कार्यकाल में लोग 4000-5000 की नौकरी के लिए चेन्नई और बेंगलुरु जैसे मेट्रो सिटी चले गए। हेमंत सरकार उनको अपने खर्च पर वापस लेकर आई।

**अनंत ओझा ने कहा- सरकार ने सबकी आवाजें दबाने की कोशिश की, भाजपा उनकी आवाज बनी :** अनंत ओझा ने कहा कि प्रदेश के नौजवान और संविदा कर्मियों की आवाज दबाई गई है। भाजपा उनकी आवाज बनकर आई है। ओझा ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार झूठे वादे कर सत्ता में आई है। सरकार ने नौजवानों को ठगने का काम किया है। सदन के अंदर और बाहर भाजपा सवाल पूछ रही है कि क्या हुआ तुम्हारा वादा। सहायक पुलिसकर्मियों पर लाठीचार्ज करने वाले कौन लोग हैं, किसकी सरकार ने लाठीचार्ज किया।

### वायनाड भूस्खलन में...

उन्होंने कहा, मेरे स्कूल में 582 छात्र हैं। मैं अभी तक 22 से संपर्क नहीं कर पाई हूं। मुझे उम्मीद है कि वे सुरक्षित होंगे और मुझे सिर्फ इतना लगता है कि उनके फोन चार्ज नहीं हो रहे हैं। पिछले दो दिनों से भारी बारिश हो रही है। इस भीषण बारिश में हमारे स्कूल को नुकसान हुआ है। मैंने अपने कई शिक्षकों से भी बात की है। मुंडाकायम एक और इलाका है, जो प्रकृति के कहर से गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। एनडीआरएफ की टीम इलाके में पहुंच गई है। तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। यह जगह तबाह हो गया है और कई घर नष्ट हो गए हैं। सेना, एनडीआरएफ, अग्निशमन बल और पुलिस प्रभावित क्षेत्रों में बचाव अभियान में लगी हुई है। एनडीआरएफ के एक अधिकारी ने बताया कि खराब मौसम, विशेषकर सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में भारी बारिश, बचाव कार्यों में बाधा डाल रही है। एनडीआरएफ अधिकारी ने कहा, ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां खराब मौसम के कारण हम अभी तक नहीं पहुंच पाए हैं। हम ऐसे क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। मुंडाकायम निवासी सफ्फाद ने कहा कि उनके माता-पिता को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जिनसे संपर्क नहीं हो पाया है और उनके बारे में कोई जानकारी नहीं है। एक अन्य निवासी शफीक ने बताया कि वह और इलाके के करीब 300 लोग अब एक रिसॉर्ट में रह रहे हैं। हमें बताया गया है कि एनडीआरएफ की टीमें हमारे पास पहुंच गई हैं और हम बचाए जाने का इंतजार कर रहे हैं। उम्मीद करते हैं कि वे जल्दी से जल्दी हमारे पास पहुंच जाएं। तीन अन्य मंत्रियों के साथ प्रभावित क्षेत्रों के लिए रवाना हुए राज्य के राजस्व मंत्री के. राजन ने कहा कि एमईजी बेंगलुरु से टीमों और राज्य की राजधानी से सेना की एक टीम को हवाई मार्ग से वहां पहुंचाया जा रहा है। कोच्चि से 50 सदस्यीय नौसेना दल भी वायनाड पहुंच रहा है। बताया जा रहा है कि भूस्खलन बीती रात को करीब 2:00 बजे हुआ।

### ट्रेन हादसे में 2...

उन्होंने आदेश दिया कि घायलों के इलाज के लिए समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एकाउंट से एक पोस्ट किया। इसमें सिंहभूम और सरायकेला के डीसी को टैग किया गया है। उन्होंने लिखा कि ट्रेन दुर्घटना में घायल यात्रियों तक हर मदद पहुंचाई जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कार्यों की सूचना तुरंत दी जाए। इस पर डीसी के द्वारा जवाब में कहा गया कि खरसांवा प्रखंड अंतर्गत पोटो बेड़ा गांव के समीप ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हुई है। जिला प्रशासन सरायकेला खरसांवा द्वारा राहत बचाव कार्य एवं हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। जिला प्रशासन पूर्वी सिंहभूम भी सभी आवश्यक सहयोग प्रदान के संबंध में सरायकेला खरसांवा जिला प्रशासन के लगातार संपर्क में है। रेल मंत्रालय ने बताया कि आज सुबह 3:43 बजे चक्रधरपुर मंडल के राजखरसावां पश्चिम आउटर और बड़ाबांबो के बीच चक्रधरपुर के पास ट्रेन संख्या 12810 हावड़ा-सीएसएमटी एक्सप्रेस पटरी से उतर गई। हादसे की सूचना मिलते ही दुर्घटना राहत चिकित्सा उपकरण स्टाफ और सहायक मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम), चक्रधरपुर के साथ मौके पर पहुंच गए। रेलवे मेडिकल टीम ने सभी को प्राथमिक उपचार दिया और फिर घायलों को नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचाया गया। हादसे में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है जबकि एक यात्री गंभीर रूप से घायल है। इसके अलावा चार लोगों को मामूली चोट आई है। हादसे के वक्त ज्यादातर यात्री सो रहे थे। अचानक जोरदार आवाज और झटके महसूस हुए, जब कई डिब्बे एक के बाद एक पटरी से उतर गए। ट्रेन के अंदर दहशत फैल गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए भागने लगे। ऊपरी बर्थ पर सो रहे कई यात्री गिर गए और सामान बिखर गया।

**हेमंत ने कहा, लगातार टूट-बिखर रहा है रेलवे का सिस्टम :** रांची। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने मंगलवार को राज्य के बड़ाबांबो-राजखरसावां रेलवे स्टेशन के बीच पोटोबेड़ा गांव के समीप हुए ट्रेन हादसे पर गहरा अफसोस जाहिर किया। उन्होंने कहा कि पटरी पर दौड़ने वाली ट्रेनों का बेपटरी होना चिंता का विषय है। ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं और लोगों के जानमाल का नुकसान हो रहा है। झारखंड विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए सोरेन ने कहा कि रेलवे को देश के मिडिल क्लास, गरीबों, मजदूरों और आम नागरिकों के लिए लाइफ लाइन के रूप में देखा जाता रहा है। देश के एक कोने से दूसरे कोने तक की आवागमन का यह मजबूत जरिया था, लेकिन यह सिस्टम बेहतर होने के बजाय लगातार टूटता-बिखरता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि रेल मंत्रालय भले बड़े दावे करता है। लेकिन, उसकी हकीकत आज सबके सामने है। चक्रधरपुर में हुए हादसे के बाद मैंने अपने मंत्रियों और विधायकों को मौके पर भेजा। मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को पचास-पचास हजार राज्य सरकार की ओर से दिए गए हैं। हम मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

**बन्ना गुप्ता ने कहा, मृतक के आश्रितों को दो-दो लाख सहायता राशि देगी राज्य सरकार:** सरायकेला। दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल अंतर्गत बड़ाबांबो-राजखरसावां रेलवे स्टेशन के बीच पोटोबेड़ा गांव के समीप हावड़ा-मुंबई रेलखंड पर मंगलवार तड़के हुए रेल हादसे में मारे गए यात्रियों के आश्रितों को राज्य सरकार ने दो-दो लाख रुपये और घायलों के परिजनों को 50-50 हजार रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है। हादसे का जायजा लेने पहुंचे राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने इसकी घोषणा की। इस मौके पर उनके साथ परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ और स्थानीय विधायक दशरथ गागराई भी मौजूद थे। स्वास्थ्य मंत्री ने घटना पर संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर रेल हादसे में मारे गए यात्रियों एवं घायलों को हरसंभव सहयोग करने की घोषणा की गई है।

**ममता बनर्जी ने ट्रेन दुर्घटनाओं को लेकर केंद्र पर साधा निशाना**
कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को झारखंड में हावड़ा-मुंबई सीएसएमटी मेल ट्रेन के पटरी से उतरने की घटना के बाद केंद्र सरकार पर निशाना साधा। सीएम ममता बनर्जी ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया, एक और भयावह रेल दुर्घटना! झारखंड के चक्रधरपुर डिवीजन में आज सुबह हावड़ा-मुंबई मेल ट्रेन पटरी से उतर गई। कई लोगों की मौत हो गई और बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं, यह दुखद घटना है। सीएम ने रेलवे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि हर हफ्ते एक के बाद एक दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं, रेलवे ट्रैक (पटरियों) पर मौतों और घायलों का लगातार सिलसिला एक नियमित विशेषता बन गई है। उन्होंने पोस्ट में आगे कहा, हम कब तक इसे बर्दाश्त करेंगे? क्या भारत सरकार की बेरुखी का कोई अंत नहीं होगा? मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

### भारतीय उद्योग परिसंघ के सम्मेलन को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

# भारत की राजकोषीय समझदारी विश्व के लिए आदर्श : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत एकमात्र ऐसा देश है, जो कम मुद्रास्फीति के साथ उच्च विकास का अनुभव कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की राजकोषीय समझदारी दुनिया के लिए एक मॉडल के रूप में काम करती है।

प्रधानमंत्री मोदी विज्ञान भवन में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित 'जर्नी टुवड्र्स विकसित भारत : केंद्रीय बजट 2024-25 पश्चात सम्मेलन' के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, आज जब सारे देश कम विकास और उच्च मुद्रास्फीति से जूझ रहे हैं, तो ऐसी परिस्थिति में उच्च विकास और कम मुद्रास्फीति वाला भारत इकलौता देश है। भारत ने ये ग्रोथ तब हासिल करके दिखाई है, जब पिछले 10 साल में अर्थव्यवस्था को झटका देने वाले अनेक संकट आए। हमने हर संकट का मुकाबला किया, हर चुनौती का समाधान किया। अगर ये संकट न आते तो आज भारत जहां पहुंचा है, उससे अधिक ऊंचाई पर होता। महामारी के दौरान उद्योग जगत के साथ अपनी बातचीत को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, तब मैंने कहा था कि भारत बहुत जल्द विकास के पथ पर दौड़ेगा। आज भारत 8 प्रतिशत की गति से विकास कर रहा है। उसी के चलते आज हम विकसित भारत की ओर यात्रा पर चर्चा कर रहे हैं। यह बदलाव सिर्फ भावनाओं का नहीं, बल्कि आत्मविश्वास का है। आज भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी।



- पिछले 10 साल में हमने हर चुनौती का समाधान किया
- आज भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है

चुनाव के दौरान भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के अपने वादे को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह जिस बिरादरी से आते हैं, उसकी पहचान बन गई है कि चुनाव से पहले जो बातें करते हैं, वो चुनाव के बाद भुला देते हैं। लेकिन, मैं उस बिरादरी में अपवाद हूं। इसलिए मैं आपको याद दिलाता हूं कि मैंने कहा था कि मेरे तीसरे टर्म में देश, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। भारत बहुत सधे हुए कदमों से लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में, जब पिछली सरकार का आखिरी बजट आया था, वह 16 लाख करोड़ रुपये का था। आज हमारी सरकार में बजट तीन गुना बढ़कर 48 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय को संसाधन निवेश का सबसे बड़ा उत्पादक माध्यम कहा जाता है। 2004 में, यूपीए सरकार के पहले बजट में, पूंजीगत व्यय लगभग 90 हजार करोड़ रुपये था। 10 साल सरकार चलाने के बाद 2014 में यूपीए सरकार इसे बढ़ाकर 2 लाख करोड़ रुपये तक ही पहुंचा पाई थी। आज, पूंजीगत व्यय 11 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक है।उन्होंने कहा कि हमने पिछली सरकार के 10 वर्षों की तुलना में रेलवे बजट में 8 गुना वृद्धि की है, राजमार्ग बजट में 8 गुना वृद्धि की है, कृषि बजट में 4 गुना से अधिक की वृद्धि की है तथा रक्षा बजट में दोगुने से अधिक की वृद्धि की है।

### संसद में बजट पर चर्चा

# साल 2047 तक हम विकसित भारत बनाएंगे : सीतारमण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि साल 2047 तक हम विकसित भारत बनाएंगे। उन्होंने लोकसभा में केंद्रीय बजट 2024-25 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह विकसित भारत का बजट है। वित्त मंत्री ने लोकसभा में केंद्रीय बजट 2024-25 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत के लिए है। भौगोलिक विकास के हिसाब से यह बजट तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत सरकार का विजन है। इस वित्त वर्ष में 48.2 लाख करोड़ रुपये खर्च होने जा रहा है। उन्होंने सदन को बताया कि सरकार का व्यय तेजी से बढ़ा है, जो 48.21 लाख करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में इसमें 7.3 फीसदी और 2023-24 के पूर्व वास्तविक व्यय की तुलना में 8.5 फीसदी की वृद्धि होने का अनुमान है।



- वित्त मंत्री ने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा का दिया जवाब
- कहा- 2024-25 का बजट विकसित भारत के लिए है

सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बजट 2024-25, विकसित भारत की दिशा में पहला कदम है। उन्होंने अपने जवाब में कहा कि प्रधानमंत्री ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उससे मैं बहुत अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि इससे मुझे और भी अधिक मेहनत करने की प्रेरणा मिलती है। वित्त मंत्री ने कहा कि हम सभी को वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए काम करना होगा। उन्होंने लोकसभा में बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि हम राजकोषीय घाटे को 2025-26 तक 4.5 फीसदी से नीचे लाएंगे।

## केंद्र सरकार का फोकस गरीब, युवा, अन्नदाता और महिला के विकास पर : नड्डा



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को राज्यसभा में केंद्रीय बजट को समावेशी विकास, सतत विकास और आर्थिक लचीलेपन वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि आज जब दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाएं चरमराने के कगार पर हैं, भारत आर्थिक लचीलेपन के साथ आगे बढ़ रहा है। यह एक दूरदर्शी बजट है, जो हमें भविष्य की मांगों का ध्यान रखते हुए हमारी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने में मदद करता है। साथ ही, मजबूत नीतिगत ढांचे के साथ दीर्घकालिक समृद्धि सुनिश्चित करता है। केंद्र सरकार का फोकस 'ज्ञान' पर रहा है, यानि गरीब, युवा, नारी और अन्नदाता।

केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि 60 साल पहले, जब नेहरू लगातार 3 बार चुनाव जीते, तो देश में आजादी का उत्साह था और उनका मुकाबला बेहद कमजोर और बिखरे हुए विपक्ष से था। 2024 में, मोदी ने एक मजबूत विपक्ष के खिलाफ अपना तीसरा कार्यकाल जीता। यह जनादेश स्थिरता, निरंतरता, सुशासन और विकसित भारत के विकास के लिए है। ये बजट सबको समान अवसर देने वाला है। उन्होंने कहा कि कई बार लोग कहते हैं कि मिडिल क्लास का क्या हुआ? उजाला योजना के तहत वितरित एलईडी बल्ब के कारण 20 हजार करोड़ रुपये का बिजली बिल कम हुआ और 47.7 मिलियन किलो वाट ऊर्जा बचाई गई। उसी तरह सौभाग्य योजना के तहत 2 करोड़ 60 लाख घरों को बिजली का कनेक्शन दिया गया। आवास योजना के तहत 4 करोड़ घर हम बना चुके और मोदी 3.0 की पहली कैबिनेट में फैसला किया गया कि हम 3 करोड़ अतिरिक्त नए घर बनाएंगे।

## स्लोवाकिया के पीएम ने यूक्रेन को डीजल सप्लाई रोकने की दी धमकी

एजेंसी

**प्राग।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको ने यूक्रेन को डीजल की सप्लाई रोकने की धमकी दी है। पीएम का कहना है कि यदि यूक्रेन के रास्ते स्लोवाकिया तक रूसी तेल का परिवहन जल्द ही फिर से शुरू नहीं किया गया तो देश की स्लोवनाफ्ट रिफाइनरी, यूक्रेन को डीजल की आपूर्ति बंद कर देगी। यूक्रेन ने हाल ही में रूसी कंपनी लुकोइल से ड्रूजबा पाइपलाइन के ज़रिए स्लोवाकिया और हंगरी तक तेल के परिवहन को रोक दिया था। उसने जून में कंपनी को अपनी प्रतिबंध लिस्ट में डाल दिया था। स्लोवाकिया के वित्त मंत्रालय ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि लुकोइल से यूक्रेन के जरिए स्लोवाकिया को तेल की डिलीवरी पहले ही बंद हो चुकी है।

## तुर्की सेना ने इराक में 13 केडब्ल्यूपी आतंकवादियों को मार गिराया

एजेंसी

**अंकारा।** तुर्की ने उत्तरी इराक में प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (केडब्ल्यूपी) के 13 सदस्यों को मार गिराया है। तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को ये जानकारी दी। बयान में कहा गया कि यह अभियान इराक के गारा और हफ्तानिन क्षेत्रों में चलाया गया, लेकिन कब ये नहीं बताया गया है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, तुर्की के अधिकारी अक्सर अपने बयानों में मार गिराने का उल्लेख नहीं करते। यह दिखाता है कि कथित आतंकवादियों ने या तो आत्मसमर्पण कर दिया है, मारे गए हैं या फिर पकड़े गए हैं। मंत्रालय ने कहा, "हम अपने देश को आतंकवाद के अभिशाप से बचाने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ अपना संघर्ष जारी रखेंगे।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश ।** केमिकल इंजीनियरिंग में केमिस्ट्री, फिजिक्स और मैथमैटिक की मदद से कच्चा माल को केमिकल का उपयोग करके उपयोगी उत्पाद जैसे कपड़े, खाने-पीने की चीज़ें में बदला जाता है। केमिकल इंजीनियरिंग का काम रसायनिक पौधों में आने वाले उत्पाद की डिजाइनिंग, प्रोसेसिंग की देखभाल करना है। केमिकल इंजीनियरिंग किसी भी उत्पाद की उत्पादन करने के सबसे आसान तरीके को ढूंढने के लिए बेस्ट संसाधन का उपयोग करते हैं।

# केमिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर बना सकते है अपना करियर

### केमिकल इंजीनियरिंग के सब-स्पेशलाइजेशन



- **बायोमेडिकल इंजीनियरिंग :** यह फील्ड बायोलॉजी और हेल्थ केयर की फ़ील्ड्स में इंजीनियरिंग के प्रिंसिपल्स और कन्सेप्ट्स अप्लाई करती है। बायोइंजीनियर्स अक्सर डॉक्टर्स, थेरेपिस्ट्स और रिसर्चर्स के साथ मिलकर काम करते हैं ताकि मेडिकल प्रॉब्लम्स को सॉल्व करने के लिए सिस्टम्स, इक्विपमेंट और डिवाइस विकसित किए जा सकें।
- **प्रोसेस इंजीनियरिंग :** प्रोसेसिंग इंजीनियरिंग का फोकस केमिकल, फिजिकल और बायोलॉजिकल प्रोसेसेज की डिजाइनिंग, ऑपरेशन, कंट्रोल, ऑप्टिमाइजेशन और इंटेंसिफ़ीकेशन कार्य पर होता है। प्रोसेस इंजीनियरिंग में कई इंडस्ट्रीज शामिल होती हैं जैसे कि केमिकल, पेट्रोकेमिकल, एग्रीकल्चर, मिनरल प्रोसेसिंग, एडवांस्ड मेटीरियल, फ़ूड, फार्मास्यूटिकल, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, ऑटोमेटिव और बायोटेक्नोलॉजिकल इंडस्ट्रीज।
- **फ़ूड प्रोसेसिंग :** इस फील्ड में कच्चे (रॉ) मटीरियल्स को उपयोगी फ़ूड प्रोडक्ट्स में बदलने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली टेक्निक्स का अध्ययन शामिल होता है। यह फ़ूड को प्रिजर्व करने, कंजर्व करने के साथ ही प्रोसेसिंग कार्यों के तरीकों में सुधार लाने और नए तरीके तलाश करने से संबद्ध कार्य भी करती है। इस फील्ड के तहत फ़ूड प्रोडक्ट्स से जुड़े क्वालिटी कंट्रोल प्रोसीजर्स, फूड एडल्टरेशन, फ़ूड प्रोडक्ट्स की न्यूट्रीशनल वैल्यू को कंट्रोल करने जैसे सभी विषय शामिल होते हैं।
- **इलेक्ट्रोकेमिकल :** यह फील्ड इलेक्ट्रोकेमिकल फिनोमिना जैसेकि केमिकल्स की इलेक्ट्रो सिंथीसिस, इलेक्ट्रोविनिंग, इलेक्ट्रोकेमिकल सेपरेशन्स और कोरोजन के एप्लीकेशन से संबद्ध कार्य करती है।
- **पॉलीमर :** पॉलीमर इंजीनियरिंग की फील्ड प्लास्टिक या संबद्ध इक्विपमेंट और प्रोसेस से सम्बंधित डेवलपमेंट और टेस्टिंग कार्य करती है।



### केमिकल इंजीनियरिंग के बाद नौकरी के क्षेत्र

- पैट्रोलियम इंडस्ट्री
- फूड इंडस्ट्री
- टेक्सटाइल इंडस्ट्री
- केमिकल मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री
- रबर इंडस्ट्री
- पेपर इंडस्ट्री
- प्लास्टिक इंडस्ट्री
- सीमेंट इंडस्ट्री
- पब्लिक सेक्टर इंडस्ट्री
- फर्टिलाइजर इंडस्ट्री



### शीर्ष भारतीय विश्वविद्यालय

- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी(आईआईटी), दिल्ली
- आईआईटी, गुवाहाटी
- आईआईटी, रुड़की
- आईआईटी, रोपड़ो
- आईआईटी, हैदराबाद
- आईआईटी, गोवा
- आईआईटी, धारवाड़
- आईआईटी, भुवनेश्वर
- आईटीआई, गांधीनगर
- आईटीआई, जोधपुर
- आईटीआई, पटना
- आईटीआई, मंडी
- आईटीआई, वाराणसी (भू)
- आईटीआई, तिरुपति
- आईटीआई, धनबाद (आईएसएम)
- आईटीआई, भिलाई
- आईटीआई, खरगपुर
- आईटीआई, मद्रास
- आईटीआई, कानपुर
- आईटीआई, इंदौर
- आईटीआई, पलक्कड़
- आईटीआई, बॉम्बे
- लखनऊ इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, लखनऊ
- इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, ऊना
- रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, भिलाई
- मेडी-कैप्स विश्वविद्यालय, इंदौर
- विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जयपुर
- दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली
- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, सुरथकाली
- एपीजी शिमला विश्वविद्यालय, शिमला
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, निरमा विश्वविद्यालय, अहमदाबाद
- आल इंडिया श्री शिवाजी मेमोरियल सोसाइटी कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग, पुणे
- साइंस यूनिवर्सिटी, गुंटूर
- सविता स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, चेन्नई



### केमिकल इंजीनियरिंग के विषय

- कैटेलिसिस एंड रिएक्शन ऑफ़ बायोफ्यूल्स
- बायोमोलेक्यूलर और बायोमेडिकल इंजीनियरिंग
- बायोकेमिकल इंजीनियरिंग
- सेलुलर इंजीनियरिंग
- कम्प्यूटिंग और सिमुलेशन
- इलेक्ट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग
- नैनो
- थर्मोडाइनामिक्स
- मटेरियल
- पॉलिमर एंड काम्प्लेक्स लिक्विड
- पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी
- सस्टेनेबल एन्वायरमेंटल इंजीनियरिंग
- माइक्रोफैब्रिकेटेड सिस्टम